✱ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✱ रजि. नंबर : 52290/90 ✱ वर्ष : 37 ✱ अंक : 127 ✱ पृष्ठ : 12 ✱ औरंगाबाद, शुक्रवार, 2 अक्टूबर 2026 ✱ मूल्य : 3.00 रुपये ✱ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✱ www.navbihartime.com




राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शत्-शत् नमन

### पटना में 'राइजिंग बिहार-इन्वेस्टर समिट 2026' आयोजित

# बिहार में बिछेगा सड़कों और एक्सप्रेसवे का जाल : गडकरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राजधानी पटना स्थित ताज होटल में गुरुवार को 'राइजिंग बिहार-इन्वेस्टर समिट 2026' का आयोजन किया गया। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बिहार इन्वेस्टर मीट में राज्य की सड़क परियोजनाओं को लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बिहार में करीब 68 हजार करोड़ रुपये की लागत के सड़क निर्माण कार्य पूरे किए जा चुके हैं। वहीं करीब 65,100 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न परियोजनाओं पर काम चल रहा है जबकि करीब 1.25 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। श्री गडकरी ने बताया कि वर्ष 2014 में बिहार में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई करीब 4,615 किलोमीटर थी जो अब बढ़कर लगभग 6,500 किलोमीटर हो गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में 2,910 किलोमीटर लंबी सड़क परियोजनाएं करीब 31 हजार करोड़ रुपये की लागत से पूरी की जा चुकी हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बिहार में सड़क कनेक्टिविटी मजबूत करने के लिए कई बड़ी परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। उन्होंने गंगा पर (शेष पृष्ठ 11 पर)

## गंगा पर बनेगा रोपवे : सम्राट

समिट में सीएम सम्राट चौधरी ने गंगा पर रोपवे को लेकर बड़ा ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले पांच महीने में पटना में गंगा के ऊपर रोपवे निर्माण का काम शुरू कर दिया जाएगा। यह रोपवे सीधे हरिहरनाथ मंदिर तक जाने वाली कनेक्टिविटी से जुड़ा होगा। उन्होंने कहा कि बिहार में बिजली का उत्पादन बढ़ा है। अगले 5 सालों में 20 हजार मेगावाट उत्पादन का लक्ष्य है। किसानों को हम हर हाल में 12 घंटे बिजली देंगे। कारोबारियों को पूरी सुरक्षा दी जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार में बाढ़ और पानी के संकट को लेकर भी बातें की। सीएम ने कहा कि बिहार हर साल बाढ़ की त्रासदी झेलता है। इस बार गंगा समेत कई नदियों ने पुराने हाइएस्ट फ्लड लेवल को भी पार किया है। बिहार की विडंबना यह है कि जब पानी की जरूरत होती है तब पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। जुलाई से अक्टूबर के बीच खेतों में पर्याप्त पानी रहता है लेकिन इसके बाद दक्षिण बिहार के कई इलाकों में पानी की समस्या बढ़ जाती है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान : प्रदेश के 78 लाख से अधिक घरों तक पहुंची जागरुकता की अलख

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्यभर में 17 सितंबर से शुरू स्वच्छता ही सेवा-2026 अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 78,48,729 घरों तक जागरुकता गतिविधियां पहुंचाई गईं जबकि 1,98,398 जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस जागरुकता कार्यक्रम में 5,16,254 लोगों की प्रत्यक्ष सक्रिय भागीदारी दर्ज की गई। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए गए स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत घर-घर जागरुकता अभियान, स्वच्छता संवाद, पदयात्रा, प्रभातफ़ेरी, रैली, मानव श्रृंखला, स्वच्छता चौपाल और स्वच्छता शपथ जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। स्थानीय जन प्रतिनिधियों, जीविका की एसएचजी, वीओ, सीएलएफ, युवाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, स्वच्छता चैंपियनों, कलाकारों और नागरिक समूहों को अभियान से जोड़ा गया। अभियान के पांच प्रमुख स्तंभों के अंतर्गत राज्य के विभिन्न जिलों में बड़े पैमाने पर गतिविधियां आयोजित की गईं। पहले स्तंभ के तहत सार्वजनिक स्थलों, मुख्य मार्गों, हाट-बाजारों और अधिक आवागमन वाले स्थानों पर वर्षों से बने कचरा बिंदुओं को राज्य के सभी ग्राम पंचायतों में चिन्हित किया गया और साफ-सफाई की गई। सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों, हाट-बाजारों, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों, तालाबों, नदियों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। 27 सितम्बर को विश्व (शेष पृष्ठ 11 पर)



''स्वच्छता अभियान एक सतत कार्यक्रम है जो ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रहा है। इसमें स्वच्छता पर्यवेक्षकों के साथ-साथ जीविका दीदियों का भी महत्वपूर्ण योगदान है। पंचायतों में आज स्वच्छता लोगों के दिनचर्या में शामिल हो चुकी है। स्वच्छता ही सेवा-2026 अभियान बिहार को स्वच्छ बनाने की सार्थक पहल है। इसी क्रम में गुरुवार को एक दिन, एक घंटा, एक साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में सामूहिक श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। 02 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन होगा जिसमें जागरुकता अभियान, स्वच्छता शपथ, एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण आदि कार्य किए जाएंगे।''

**श्रवण कुमार**

मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग

## एसटेट का दूसरा डमी एडमिट कार्ड जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार स्कूल परीक्षा बोर्ड ने राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा का दूसरा डमी एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। एसटीईटी परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी इसे बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। दूसरा डमी एडमिट कार्ड 7 अक्तूबर तक पोर्टल पर उपलब्ध रहेगा। इसे डाउनलोड करने के लिए अभ्यर्थियों को अपना आवेदन नंबर, पासवर्ड और कैप्चा कोड दर्ज करना होगा। अभ्यर्थियों के लिए यह डमी एडमिट कार्ड इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें दर्ज जानकारी की जांच कर वे समय रहते जरूरी सुधार कर सकते हैं।

# विनय कुमार ने संभाली मुख्य सूचना आयुक्त की जिम्मेदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के राज्यपाल ने विनय कुमार को राज्य का मुख्य सूचना आयुक्त और अंजनी कुमार को राज्य सूचना आयुक्त पद की शपथ दिलाई। इससे पहले बिहार पुलिस के पूर्व पुलिस महानिदेशक विनय कुमार की सेवानिवृति के अवसर पर उनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में बिहार की पुलिस महानिदेशक प्रीता वर्मा भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर महानिदेशक स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों में जितेंद्र सिंह गंगवार, जितेंद्र कुमार, कुंदन कृष्णन और पंकज दराद सहित पूर्व महानिदेशक (बीएसएपी) एके अंबेडकर और बिहार पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह में अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, उप महानिरीक्षक और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। सभी ने सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक विनय कुमार के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान बिहार पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और सहकर्मियों ने विनय कुमार के कार्यकाल को याद किया। उन्होंने उनके नेतृत्व, कर्तव्यनिष्ठा और पुलिस संगठन के प्रति योगदान की सराहना की। साथ ही उनके सुखद और मंगलमय भावी जीवन की कामना करते हुए बिहार के मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में नई जिम्मेदारी के लिए भी शुभकामनाएं दीं।

# सीएम सम्राट ने खुद लगाई झाड़ू, उठाया कचरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का एक अलग अंदाज सामने आया है। मुख्यमंत्री खुद झाड़ू लगाते नजर आए हैं। उन्होंने जमीन पर जमा कचरे को साफ किया। इसके बाद अपने हाथों से कचरा भी उठाया। मुख्यमंत्री ने सफाई करते हुए अपना वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है। करीब डेढ़ मिनट के इस वीडियो में वह लोक सेवक आवास परिसर में सफाई करते दिख रहे हैं। वीडियो में मुख्यमंत्री के हाथ में झाड़ू नजर आ रही है। वह जमीन पर जमा कचरे को हटाते दिखते हैं। जहां झाड़ू से कचरा पूरी तरह नहीं हटता, वहां मुख्यमंत्री उसे हाथों से उठाकर एक जगह करते हैं। इस दौरान वह सामान्य तरीके से सफाई करते नजर आए। मुख्यमंत्री ने सफाई अभियान से जुड़ा वीडियो अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। श्री चौधरी ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा मेरा योगदान' के तहत स्वच्छता अभियान में भाग लिया और स्वच्छता के लिए जन-जागरूकता का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने लोगों से स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की अपील की। 'सेवा मेरा योगदान' के तहत स्वच्छता, विकास और सौंदर्यीकरण से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान में जनभागीदारी पर भी जोर दिया जा रहा है।
















# 31 मार्च 2015 के बाद नियुक्त अप्रशिक्षित शिक्षकों की सेवा समाप्त

**सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सभी डीईओ को कार्रवाई का निर्देश, 31 अगस्त 2028 तक डीएलएड हासिल करने का अंतिम अवसर**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में 31 मार्च 2015 के बाद बिना निर्धारित प्रशिक्षण योग्यता के नियुक्त अप्रशिक्षित प्रारंभिक शिक्षकों की सेवा समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी। वहीं 31 मार्च 2015 तक सेवा में रहे अप्रशिक्षित शिक्षकों को डीएलएड की योग्यता हासिल करने के लिए 31 अगस्त 2028 तक का अंतिम अवसर दिया गया है। प्राथमिक शिक्षा निदेशक कुमार निशांत विवेक ने एक अक्टूबर को सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र जारी कर इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है। यह निर्देश सिविल अपील संख्या 2026, अब्दुल बाकी अंसारी एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य, एसएलपी (सी) संख्या 25298/2023 से उद्भूत तथा एसएलपी (सी) संख्या 10872-10898/2024 तंजीम रेजा एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य समेत संबद्ध मामलों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा 28 जुलाई 2026 को पारित न्यायादेश के आलोक में जारी किया गया है। पत्र में बताया गया है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 लागू होने के बाद प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के लिए एनसीटीई द्वारा निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण योग्यता अनिवार्य की गई थी। अधिनियम की धारा 23(2) के तहत बिहार को 31 मार्च 2015 तक न्यूनतम योग्यता में छूट मिली थी। बाद में शिक्षा का अधिकार अधिनियम संशोधन, 2017 के माध्यम से 31 मार्च 2015 को सेवा में रहे ऐसे शिक्षकों को न्यूनतम योग्यता हासिल करने के लिए अतिरिक्त समय दिया गया। पटना हाईकोर्ट ने एलपीए संख्या 748/2022, बीबी शकिना खातुन एवं अन्य बनाम राज्य सरकार एवं अन्य में 20 मार्च 2024 को कहा था कि 31 मार्च 2015 के बाद निर्धारित न्यूनतम प्रशिक्षण योग्यता के बिना नियुक्ति शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 23(1) के विपरीत होगी। वहीं 31 मार्च 2015 को सेवा में रहे शिक्षकों को योग्यता हासिल करने के लिए 8 अगस्त 2021 तक समय दिया गया था और निर्धारित अवधि में योग्यता नहीं हासिल करने वालों की सेवा समाप्त करने का निर्देश दिया गया था। इसके खिलाफ मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। 28 जुलाई 2026 के आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि टीईटी और डीएलएड दोनों प्राथमिक शिक्षकों के लिए आवश्यक योग्यताएं हैं। अंजुमन इशाअत-ए-तालीम ट्रस्ट बनाम स्टेट ऑफ महाराष्ट्र मामले में टीईटी के लिए दी गई समय-वृद्धि को डीएलएड पर भी लागू करते हुए 31 मार्च 2015 को सेवा में रहे शिक्षकों को 31 अगस्त 2028 तक डीएलएड हासिल करने का अवसर दिया गया है। आदेश में यह भी कहा गया कि एलपीए संख्या 748/2022 के फैसले के अनुपालन में जिन शिक्षकों की सेवा समाप्त की गई थी, उन्हें पुनः सेवा में रखने की कार्रवाई की जाए। पूर्व में आयोजित डीएलएड परीक्षा का परिणाम भी यथाशीघ्र घोषित करने का निर्देश दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि 31 अगस्त 2028 के बाद समय विस्तार की कोई प्रार्थना स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके अनुसार निदेशालय ने 31 मार्च 2015 से पहले नियुक्त सभी अप्रशिक्षित प्रारंभिक शिक्षकों को निर्धारित तिथि तक डीएलएड हासिल करने, उसके बाद नियुक्त अप्रशिक्षित शिक्षकों की सेवा समाप्त करने तथा न्यायालय के आदेश से बर्खास्त शिक्षकों को पुनः सेवा में लेने की कार्रवाई का निर्देश दिया है।

## गांधी-शास्त्री के आदर्श आज भी राष्ट्र निर्माण के प्रेरणास्त्रोत : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। एक अक्टूबर को जारी प्रेस विज्ञप्ति में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा, सादगी और सेवा के मूल्यों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक था। सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा और ऐतिहासिक नेतृत्व प्रदान किया। गांधी के विचार और जीवन-मूल्य आज भी संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। उनका जीवन देश के प्रति समर्पण और जिम्मेदारी की प्रेरणा देता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गांधी और शास्त्री के आदर्शों को आत्मसात करते हुए सभी को राष्ट्र निर्माण में अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करना चाहिए।

## रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी पर डॉ. प्रेम कुमार ने प्रधानमंत्री एवं कृषि मंत्री का जताया आभार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने केंद्र सरकार द्वारा रबी विपणन सत्र 2027-28 के लिए सभी छह अनिवार्य रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी किए जाने पर बिहार के किसानों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति हार्दिक आभार एवं बधाई व्यक्त की है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा की रीढ़ हैं। किसानों को उनकी उपज का उचित और लाभकारी मूल्य मिले, यह केंद्र सरकार की कृषि नीति का महत्वपूर्ण उद्देश्य रहा है। रबी विपणन सत्र 2027-28 के लिए एमएसपी में की गई वृद्धि से किसानों को अपनी फसलों का बेहतर मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने गेहूं का एमएसपी 2,610 रुपये प्रति क्विंटल, जौ का 2,286 रुपये, चना का 5,958 रुपये, मसूर का 7,390 रुपये, रेपसीड एवं सरसों का 6,613 रुपये तथा कुसुम का 7,215 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। गेहूं में 25 रुपये, जौ में 136 रुपये, चना में 83 रुपये, मसूर में 390 रुपये, रेपसीड एवं सरसों में 413 रुपये तथा कुसुम में 675 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। डॉ. कुमार ने कहा कि कुसुम में 675 रुपये तथा रेपसीड एवं सरसों में 413 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय है। सरकार के अनुसार यह वृद्धि उस नीति के अनुरूप है जिसके तहत एमएसपी को अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर रखने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा अन्नदाता किसान की समृद्धि ही विकसित और आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों की आय, कृषि उत्पादकता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए किए जा रहे प्रयास स्वागतयोग्य हैं। बिहार कृषि प्रधान राज्य है और यहां के किसानों के लिए एमएसपी में यह वृद्धि महत्वपूर्ण है।

## नीतीश कुमार से मिला चौरसिया समाज का प्रतिनिधिमंडल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके 7, सर्कुलर रोड स्थित आवासीय कार्यालय में चौरसिया समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। सुभाष चन्द्र प्रसाद एवं नवीन कुमार उर्फ नगीना चौरसिया के नेतृत्व में इस प्रतिनिधिमंडल ने नीतीश कुमार को एक ज्ञापन सौंपा और मध्यप्रदेश की तर्ज पर बिहार में भी पान विकास आयोग का गठन किए जाने की मांग उनके समक्ष रखी। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, विधायक दल के नेता श्रवण कुमार, विधान परिषद् में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन सर्राफ एवं मुख्य सचेतक संजय गांधी मौजूद रहे।

## भारतीय हॉकी के पुनर्जागरण का समय आ गया : मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** ग्रामीण विकास मंत्री सह हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार के अध्यक्ष श्रवण कुमार ने कहा कि भारतीय हॉकी अपने स्वर्णिम इतिहास की ओर तेजी से अग्रसर है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय हॉकी में व्यापक बदलाव देखने को मिला है। बेहतर फिटनेस, आधुनिक प्रशिक्षण, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अंतरराष्ट्रीय अनुभव, मजबूत घरेलू प्रतियोगिताओं और युवा प्रतिभाओं को अवसर मिलने से भारतीय हॉकी लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है। उन्होंने कहा कि पेरिस ओलंपिक-2024 में भारतीय पुरुष हॉकी टीम द्वारा लगातार दूसरी बार कांस्य पदक हासिल करना तथा वर्ष 2025 में राजगीर में आयोजित एशिया कप में खिताब जीतना इस बदलाव की महत्वपूर्ण उपलब्धियां हैं। उन्होंने कहा कि एशियाई खेल 2026 में भारतीय महिला और पुरुष दोनों टीमों का फाइनल में पहुंचना देश में हॉकी की बढ़ती ताकत और खिलाड़ियों की निरंतर मेहनत का प्रमाण है। ग्रामीण विकास मंत्री ने विशेष रूप से महिला हॉकी में आए बदलाव को उत्साहजनक बताया। उन्होंने कहा कि अब देश के छोटे शहरों और गांवों से निकलने वाली प्रतिभाओं को भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के अवसर मिल रहे हैं। इससे हॉकी का दायरा लगातार व्यापक हो रहा है और नई प्रतिभाएं खेल के क्षेत्र में आगे आ रही हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय हॉकी की मौजूदा उपलब्धियां केवल पदक जीतने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह भारतीय हॉकी के पुनर्जागरण की यात्रा है। खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल संगठनों के सामूहिक प्रयास से भारतीय हॉकी को और मजबूत आधार मिल रहा है। हॉकी टीमों के एशियाई खेलों के फाइनल में पहुंचने पर हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार के अध्यक्ष श्रवण कुमार ने भारतीय महिला एवं पुरुष हॉकी टीम को हार्दिक बधाई दी और स्वर्णिम सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से भारतीय हॉकी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

## एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में हृदय स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन, डॉक्टरों ने दिए जरूरी सुझाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय, पटना में कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को हृदय संबंधी बीमारियों के प्रति जागरूक करने तथा समय पर स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'हृदय स्वास्थ्य जागरूकता सत्र एवं कार्डिएक स्क्रीनिंग शिविर' का आयोजन किया गया। शिविर में पटना स्थित पारस अस्पताल के वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. जावेद अनवर ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप में हृदय स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी दी। उन्होंने कोरोनरी आर्टरी डिजीज के जोखिम, हार्ट अटैक के शुरुआती चेतावनी संकेत, संतुलित एवं हृदय के लिए लाभकारी आहार, नियमित व्यायाम, स्वस्थ जीवनशैली तथा तनाव प्रबंधन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने नियमित स्वास्थ्य जांच और समय रहते चिकित्सकीय परामर्श लेने के महत्व पर भी विशेष जोर दिया। शिविर के दौरान जागरूकता सत्र के साथ-साथ विभिन्न स्वास्थ्य जांच की निःशुल्क सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। प्रतिभागी अधिकारियों का वजन, ब्लड प्रेशर, रैंडम ब्लड शुगर, ईसीजी तथा ईकोकार्डियोग्राफी जैसी जांचें की गईं। जांच रिपोर्ट के आधार पर विशेषज्ञ चिकित्सक, डॉ. अनवर द्वारा 43 कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया।

## राज्यपाल ने विनय कुमार को राज्य मुख्य सूचना आयुक्त एवं अंजनी कुमार सिंह को राज्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ दिलायी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने विनय कुमार को राज्य मुख्य सूचना आयुक्त एवं अंजनी कुमार सिंह को राज्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ दिलायी। बिहार लोक भवन के दरबार हॉल में आयोजित इस शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, बिहार विधान परिषद् के कार्यकारी सभापति प्रो. रामवचन राय, लेडी गवर्नर सबीहा हसनैन, महाधिवक्ता एस.डी. संजय, मेघालय एवं सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, राज्य सरकार के वरीय पदाधिकारीगण, पुलिस पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## पावरग्रिड क्षेत्रीय मुख्यालय, पटना में हिन्दी पखवाड़ा का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** पावरग्रिड, पूर्वी क्षेत्र-1 , क्षेत्रीय मुख्यालय पटना में हिंदी पखवाड़ा का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। हिंदी के प्रचार-प्रसार तथा राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पखवाड़े के दौरान सभी कर्मचारियों, महिलाओं, बच्चों, एवं अप्रेंटिसों के लिए, कविता पाठ, स्लोगन/कविता लेखन, निबंध लेखन, आशुभाषण एवं कहानी तथा यात्रा वृतांत लेखन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर नितिन कुमार श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक, पूर्वी क्षेत्र-1 ने सभी कार्मिकों से पूरे वर्ष इसी उत्साह से ज्यादा से ज्यादा कार्य हिन्दी में करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। साथ ही पूर्वी क्षेत्र-1 के अंतर्गत बिहार एवं झारखंड स्थित पावरग्रिड के सभी उपकेंद्रों तथा कार्यालयों में भी हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिससे राजभाषा हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहन मिला तथा कर्मचारियों में हिंदी में कार्य करने के प्रति जागरूकता एवं हिन्दी के प्रति रुचि विकसित हुआ।

## ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस का सदस्यता अभियान आज से

**देश के विभिन्न राज्यों और बिहार के सभी जिलों में 31 अक्टूबर तक चलेगा अभियान**

GKC GLOBAL KAYASTHA CONFERENCE

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस की ओर से कायस्थ समाज के सशक्तीकरण, सांगठनिक एकता और प्रगति के लिए 2 अक्टूबर से सदस्यता अभियान की शुरुआत की जाएगी। जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने आज यहां बताया कि संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के उद्देश्य से राष्ट्रव्यापी सदस्यता महाअभियान 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इसके तहत देश के प्रत्येक प्रदेश, जिला, तहसील और ग्राम स्तर पर सभी कायस्थ परिवारों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। श्री प्रसाद ने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों में अलग-अलग अथवा मिलते-जुलते नाम से भी कायस्थ परिवार के काफी सदस्य हैं। जीकेसी का उद्देश्य इन सभी कायस्थ परिवारों को एक संगठन के तहत एक मंच पर लाना है। इसके साथ ही कायस्थों का जो गौरवशाली इतिहास रहा है, उसे पुनर्स्थापित किया जा सकेगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता कमल किशोर एवं सदस्यता अभियान के राष्ट्रीय समन्वयक निलेश रंजन ने बताया कि देश के सभी राज्यों और बिहार के सभी जिलों में शुक्रवार से सदस्यता अभियान प्रारंभ करने के लिए सभी जिलाध्यक्षों तथा जिला कमेटियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। नए बनने वाले सदस्यों को संगठन के डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन सदस्यता दी जाएगी। गौरतलब है कि ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस कायस्थों का सबसे बड़ा और सशक्त संगठन है जिसकी शाखाएं देश के सभी राज्यों के अलावा 24 से अधिक देशों में हैं।

## पीएम मोदी के सेवा, स्वास्थ्य प्रकल्प से करोड़ों भारतवासियों को लाभ : प्रो. रणबीर नंदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में देशभर में 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को टीसीआई फाउंडेशन, कुम्हरार में एक विशेष कार्यक्रम निःशुल्क कृत्रिम पैर वितरण का आयोजन किया गया। इस मौके पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने पीएम मोदी के सेवा कार्यों और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की जमकर तारीफ की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि जब किसी परिवार में कोई गंभीर या लाइलाज बीमारी दस्तक देती है तो पूरा परिवार प्रताड़ित हो जाता है। ऐसे मुश्किल वक्त में पीएम मोदी के जन्मदिन पर शुरू किए गए चिकित्सा सेवा प्रकल्प से देश के करोड़ों लोगों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने इसे आम जनमानस के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। इस दौरान प्रो. नंदन ने मंच पर मौजूद पद्मश्री डॉ. आरएन सिंह के कृत्रिम अंग दान अभियान की भी खुले कंठ से सराहना की। उन्होंने कुम्हरार विधायक संजय गुप्ता की बात का जिक्र करते हुए कहा कि कृत्रिम अंग लगने के बाद एक व्यक्ति आसानी से स्कूटर चलाकर अपना काम कर रहा है। यह उस परिवार और पूरे समाज के लिए बेहद सुखद है। इस कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री अरुण शंकर प्रसाद और पूनम शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बीजेपी कार्यकर्ताओं की कार्यशैली पर बात करते हुए रणबीर नंदन ने बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने सिर्फ राजनीति नहीं की है, बल्कि जीवन के विविध आयामों को अपनाया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समाज सेवा और ज्ञान के मामले में बीजेपी का कार्यकर्ता सर्वश्रेष्ठ है। उनकी ट्रेनिंग ही मातृभूमि और समाज की सेवा के लिए होती है। इस दौरान बिहार सरकार के मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने कहा कि 24 सेवा प्रकल्प चल रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद के पूर्व राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आरएन सिंह द्वारा कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण महान कार्य है। अपने संबोधन के अंत में प्रो. नंदन ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि सेवा की यह भावना हमेशा बनी रहनी चाहिए। व्यक्ति से परिवार, परिवार से समाज और समाज से एक मजबूत देश का निर्माण होता है।

## नीतीश कुमार ने की संजय झा, विजेंद्र यादव संग बैठक, अनंत सिंह पर करेंगे कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना स्नातक सीट के एमएलसी चुनाव ने जदयू के भीतर चल रहे मतभेद को अब पार्टी नेतृत्व के दरवाजे तक पहुंचा दिया है। मोकामा से जदयू विधायक अनंत सिंह के लगातार पार्टी लाइन से अलग खड़े होने और अपनी ही पार्टी के उम्मीदवार नीरज कुमार के खिलाफ सक्रिय होने को लेकर गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के 7 सर्कुलर रोड स्थित आवास पर करीब तीन घंटे तक बैठक चली। बैठक में जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा और उपमुख्यमंत्री विजेंद्र यादव मौजूद रहे। बैठक खत्म होने के बाद दोनों नेता आवास से बाहर निकले, लेकिन मीडिया के सवालों का जवाब नहीं दिया। बैठक में क्या चर्चा हुई और अनंत सिंह के मामले में पार्टी नेतृत्व ने क्या फैसला लिया, इसे लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। 8 एमएलसी सीटों पर हो रहे चुनाव को लेकर जदयू में सबसे बड़ी खींचतान पटना सीट पर बनी हुई है। विवाद की जड़ पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का विधान परिषद चुनाव है। जदयू ने इस सीट से अपने मौजूदा एमएलसी, मुख्य प्रवक्ता और पूर्व मंत्री नीरज कुमार को उम्मीदवार बनाया है। दूसरी ओर जन सुराज ने अनुज सिंह को मैदान में उतारा है। अनंत सिंह ने जदयू के आधिकारिक प्रत्याशी के बजाय अनुज सिंह के समर्थन का ऐलान किया है। इतना ही नहीं वह अनुज सिंह के नामांकन के दौरान भी मौजूद रहे और चुनावी मैदान में उनके पक्ष में सक्रिय होने की बात कह चुके हैं। यानी जिस चुनाव में जदयू अपने उम्मीदवार को जिताने के लिए संगठन को सक्रिय कर रहा है, उसी चुनाव में पार्टी का एक मौजूदा विधायक खुले तौर पर उसके प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार के साथ खड़ा दिखाई दे रहा है।

## भारतीय स्टेट बैंक पटना मंडल ने किया पर्यटन घाट पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान और राष्ट्रव्यापी पहल 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' के हिस्से के रूप में, एसबीआई पटना मंडल ने 1 अक्टूबर 2026 को पर्यटन घाट पटना में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल के योगेन्द्र शेलके (महाप्रबंधक,दक्षिण बिहार), विजय कुमार सामल (महाप्रबंधक, उत्तर बिहार) एवं बेणुधर पाढ़ी (महाप्रबंधक, झारखंड) की अगुवाई में सफाई अभियान में स्टाफ सदस्यों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। भारतीय स्टेट बैंक के लगभग 75 स्टाफ सदस्यों ने मिलकर पटना के दीघा स्थित पर्यटन घाट की सफाई की। वे सभी स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए श्रमदान के लिए पर्यटन घाट पर उपस्थित हुए। इस अभियान के दौरान स्टाफ सदस्यों ने घाट परिसर की सफाई की एवं कचरा व गंदगी इकट्ठा किया जिससे एक साफ-सुथरी और स्वच्छ सार्वजनिक जगह बनाने में मदद मिली। इस पहल में कचरे के जिम्मेदार निपटान और सार्वजनिक जगहों को साफ रखने में समुदाय की सक्रिय भागीदारी के महत्व पर भी जोर दिया गया। इस गतिविधि में 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' की भावना झलकती है जो इस संदेश को मजबूत करती है कि स्वच्छता एक सामूहिक जिम्मेदारी है और सक्रिय भागीदारी व जन-भागीदारी से ही सार्थक बदलाव लाया जा सकता है।

## इएसआइसी, क्षेत्रीय कार्यालय में राजभाषा पखवारा का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** ईएसआईसी के क्षेत्रीय कार्यालय में राजभाषा पखवारा-2026 के समापन अवसर पर समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। समारोह का उद्देश्य कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिंदी के प्रभावी प्रयोग को बढ़ावा देना तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन से हुआ। इसके पश्चात मंचासीन मुख्य अतिथि, क्षेत्रीय निदेशक एवं अन्य अधिकारीगण द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का औपचारिक शुभारंभ किया गया। अतिथियों एवं अधिकारियों का शॉल, स्मृति-चिह्न एवं पौधा प्रदान कर स्वागत किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राजीव रंजन शुक्ला, क्षेत्रीय निदेशक, केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य पूर्वी क्षेत्र ने अपने संबोधन में राजभाषा हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला।

## नए केवाइपी प्रारूप पर उठे सवाल, प्रशिक्षण क्षमता घटने और मल्टीपल सेंटर नीति पर डॉ. आनंद रंजन झा ने मांगी स्पष्टता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना/वैशाली।** बिहार सरकार द्वारा कुशल युवा कार्यक्रम को नए 'डिजिटल मित्र' प्रारूप में जारी रखने के निर्णय से प्रशिक्षण केंद्र संचालकों में उम्मीद जगी है। हालांकि, नए प्रारूप के व्यावहारिक क्रियान्वयन को लेकर कई सवाल भी सामने आने लगे हैं। सरकारी घोषणा के अनुसार सप्तम निश्चय-2 की अवधि के अंत में कार्यरत 871 केवाईपी संचालकों को नामांकन के आधार पर तथा बिहार स्किल डेवलपमेंट मिशन द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार कार्यक्रम संचालित करने की अनुमति दी जाएगी। नए कार्यक्रम के तहत हर वर्ष 2,57,440 युवाओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। केवाईपी वेलफेयर सोसाइटी, वैशाली के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा ने संबंधित विभाग में जाकर कार्यक्रम की वर्तमान स्थिति एवं नई व्यवस्था से जुड़ी जानकारी लेने के बाद कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर लिखित एवं स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है। डॉ. झा के अनुसार विभागीय स्तर पर हुई चर्चाओं से यह संकेत मिला है कि जिन संचालकों के पास एक से अधिक केवाईपी केंद्र हैं, उनके केंद्रों के आवंटन को लेकर चरणबद्ध व्यवस्था लागू की जा सकती है।

# इंद्रपुरी सोन बराज परिसर में 162 अवैध आवासितों को क्वार्टर खाली करने का अल्टीमेटम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** इंद्रपुरी स्थित सोन बराज एवं शिविर परिसर के अनावंटित आवासों में अवैध रूप से रह रहे लोगों के खिलाफ जल संसाधन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। विभाग ने ऐसे सभी लोगों को 30 दिनों के अंदर आवास खाली करने का नोटिस जारी किया है। निर्धारित अवधि में आवास खाली नहीं करने पर विधिसम्मत कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। बराज एवं शिविर अवर प्रमंडल के सहायक अभियंता संजय कुमार झा ने बताया कि सोन बराज एवं शिविर परिसर में कुल 211 आवास हैं। इनमें 49 आवास विभाग की ओर से आवंटित हैं जबकि 162 आवासों में लोग अनधिकृत रूप से वर्षों से रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से रह रहे लोगों द्वारा विभागीय विद्युत का भी कथित रूप से अनधिकृत उपयोग किया जा रहा है। इसके कारण विभाग का बिजली बिल करीब 8.5 लाख रुपये प्रतिमाह पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यालय के निर्देश के आलोक में सभी अवैध आवासित लोगों को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि अनावंटित आवासों में अवैध रूप से रह रहे व्यक्ति 30 दिनों के अंदर आवास खाली करना सुनिश्चित करें। समय सीमा के भीतर आवास खाली नहीं करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि किसी व्यक्ति को बराज संचालन के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा क्रय की गई विद्युत का अनधिकृत रूप से उपयोग करते पाया गया तो उसके विरुद्ध विद्युत अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सहायक अभियंता ने अवैध रूप से रह रहे लोगों से सद्भावनापूर्वक अपील करते हुए कहा कि वे निर्धारित 30 दिनों के भीतर आवास खाली कर दें तथा अपने अवैध विद्युत कनेक्शन को तत्काल विच्छेदित कर लें। ऐसा नहीं करने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# अनुमंडल शांति समिति की बैठक में पर्वों को शांतिपूर्ण मनाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर परिषद सभागार में गुरुवार को अनुमंडल शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने की। बैठक में आगामी दशहरा, दीपावली, छठ एवं मोहर्रम सहित विभिन्न पर्वों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रमुख पर्व सभी के हैं और इन्हें आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्वक एवं हर्षोल्लास से मनाया जाना चाहिए। उन्होंने पूजा समितियों की ओर से रखी गई समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने लोगों से पर्व का आनंद लेने और असामाजिक गतिविधियों से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं दें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने विशेष रूप से पढ़ाई एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से भीड़-प्रदर्शन वाले स्थानों से दूर रहने की अपील की, ताकि वे किसी अनावश्यक कानूनी परेशानी में न पड़ें। मौके पर डिहरी विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने कहा कि डिहरी ऑन सोन एक आदर्श नगर है। इसकी पवित्रता, शांति और सौहार्द बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

बैठक में पूजा समिति के विनय बाबा, अरुण शर्मा, जोखन चंद्रवंशी, संजय सिंह, बालाजी, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू चंद्रवंशी सहित अन्य सदस्यों ने नगर की साफ-सफाई, बिजली, सड़क, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं से जुड़ी समस्याएं रखीं। जिलाधिकारी ने संबंधित समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में एसडीएम नितेश कुमार, राजस्व पदाधिकारी तौकीर अहमद, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी संतोष कुमार, पुलिस निरीक्षक सह डिहरी थाना अध्यक्ष राहुल, अकोढ़ीगोला थानाध्यक्ष राकेश गोसाईं, पुलिस निरीक्षक डिहरी शेर सिंह यादव, संजय पासवान, जोखन चंद्रवंशी सहित नगर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# साइबर अपराधों की जांच में तकनीकी दक्षता बढ़ाने पर जोर, डीआईजी ने किया रोहतास साइबर थाना का निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पुलिस उप महानिरीक्षक डॉ. सत्य प्रकाश, शाहाबाद क्षेत्र, डिहरी ऑन-सोन ने बुधवार को रोहतास साइबर थाना का विस्तृत निरीक्षण किया। साइबर थाना पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने साइबर थाना अध्यक्ष सह डीएसपी गौरव कुमार यादव से थाना की कार्यप्रणाली एवं साइबर अपराध से जुड़े मामलों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने साइबर अपराधों की जांच प्रक्रिया, केस डायरी, तकनीकी उपकरणों की उपलब्धता एवं स्थिति, साक्ष्य संरक्षण की व्यवस्था तथा ऑनलाइन शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया का गहन अवलोकन किया। डीआईजी ने पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों से विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों की जांच-पद्धति के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया से जुड़े अपराध, हैकिंग, फेक न्यूज, हेट स्पीच समेत अन्य साइबर अपराधों की जांच और साक्ष्य संकलन से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान डीआईजी डॉ. सत्य प्रकाश ने साइबर अपराध के मामलों में तकनीकी साक्ष्यों के संरक्षण, त्वरित कार्रवाई और प्रभावी अनुसंधान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को बदलते साइबर अपराध के तरीकों के प्रति सजग रहते हुए तकनीकी दक्षता बढ़ाने पर जोर दिया। रोहतास पुलिस ने कहा कि साइबर अपराधों की रोकथाम और पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इस मौके पर एसपी मिस्टर राज, इन्स्पेक्टर, सब इन्स्पेक्टर पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विश्व वरिष्ठ दिवस पर बुजुर्गों के सम्मान और अधिकारों पर चर्चा

## विधायक सोनू सिंह ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए भवन निर्माण कराने का दिया आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** विश्व वरिष्ठ दिवस के अवसर पर गुरुवार को वरिष्ठ नागरिक संघ रोहतास-डिहरी की ओर से कुशवाहा सभा भवन में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संघ के अध्यक्ष लालजी प्रसाद, अनुमंडल प्रभारी उमाशंकर पासवान, जिला महासचिव दुखराज महतो, कोषाध्यक्ष सीताराम लाल एवं विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सोनू सिंह ने कहा कि बुजुर्ग हमारे माता-पिता के समान हैं। उनके हर सुख-दुःख में वे शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि अपने मद से वरिष्ठ नागरिकों के लिए भवन का निर्माण कराया जाएगा। समारोह में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और उनकी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता के लिए संघ लगातार प्रयासरत है। वक्ताओं ने वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाकर तीन हजार रुपये करने, वरिष्ठ नागरिकों के लिए रेल किराये में 50 प्रतिशत छूट बहाल करने तथा स्वास्थ्य सुविधाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग उठाई। साथ ही सरकार द्वारा संचालित सामाजिक कल्याण एवं सुरक्षा योजनाओं का लाभ वरिष्ठ नागरिकों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने पर जोर दिया गया।

# तीन थानों में नए पदाधिकारियों को नयी जिम्मेदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास पुलिस में प्रशासनिक स्तर पर तबादला करते हुए तीन पुलिस पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। एसपी रोहतास के आदेश के आलोक में अंचल निरीक्षक एवं थानाध्यक्षों का स्थानांतरण किया गया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पु.नि. मनोज कुमार-2 को विधि-व्यवस्था शाखा से स्थानांतरित करते हुए अंचल निरीक्षक, नोखा बनाया गया है। वहीं पु.अ.नि. अमित कुमार को पुलिस केंद्र डिहरी से स्थानांतरित कर थानाध्यक्ष, परसथुआ की जिम्मेदारी दी गई है।

# पांच माह से वेंडर भुगतान लंबित, प्रधानाध्यापकों ने जिला और प्रखंड को सौंपा पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** प्रखंड काराकाट, जिला रोहतास के सभी प्रधानाध्यापक, प्रधान शिक्षक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापकों ने पीएम पोषण (मध्याह्न भोजन) योजना के तहत वेंडर भुगतान पांच माह से लंबित रहने के कारण 5 अक्टूबर 2026 से मध्याह्न भोजन बंद करने का निर्णय लेते हुए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मध्याह्न भोजन योजना रोहतास (सासाराम) और मध्याह्न भोजन पदाधिकारी, काराकाट को संयुक्त रूप से पत्र सौंपा है। प्रेषित पत्र में बताया गया है कि माह मई 2026 से अबतक परिवर्तन मूल्य की राशि का भुगतान वेंडर के खाते में नहीं हुआ है, जून माह में विद्यालयों के खाते में मई 2026 की व्यय राशि के भुगतान हेतु आवंटन आया था, लेकिन ससमय पीएफएमएस जमा करने के बावजूद बैंक की लापरवाही के कारण वेंडर के खाते में राशि नहीं पहुंची, अधिकांश विद्यालयों में मई से अब तक वेंडर को कोई भुगतान नहीं हुआ है जिससे वेंडर ने अक्टूबर 2026 से भोजन निर्माण सामग्री देने से हाथ खड़ा करने की चेतावनी दी है।

# आंगन मिलन उत्सव सह गोद भराई दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** आंगनबाड़ी केंद्र नगर पंचायत विक्रमगंज में सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत आंगन मिलन उत्सव सह गोद भराई दिवस का हर्षोल्लासपूर्वक आयोजन किया गया। तत्पश्चात सहेजनी एवं जोंही आंगनबाड़ी केंद्र पर भी इसी तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की



मुख्य अतिथि किरण प्रभाकर प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं ग्राम संसद ब्रांड एंबेसडर ने सेविका, सहायिका तथा गर्भवती महिलाओं को सम्मानित किया और मैत्रेयी सहायता योजनाओं पर संवाद कर उनके विचारों को सुना।

उन्होंने उपस्थित लाभार्थियों की समस्याओं को भी सुना तथा समाधान हेतु सहयोग शिविर एवं पंचायत दिवस कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि पंचायत दिवस के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात भी होती है जो दुनिया का अनूठा कार्यक्रम है।

# महिला कॉलेज डालमियानगर में स्वच्छता जागरूकता रैली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** महिला कॉलेज डालमियानगर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से गुरुवार को सेवा-संकल्प अभियान के तहत 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता का संकल्प लेते हुए महाविद्यालय परिसर से लखपतिया पार्क तक स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में महाविद्यालय के शिक्षकों डॉ. उपासना, डॉ. सुरेंद्र कुमार सिन्हा, मो. रेंजू, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. अनुराधा, डॉ. जयराम सिंह, डॉ. शादाबी, डॉ. खुशबू, डॉ. भानु, डॉ. निम्मता, डॉ. नवीन एवं डॉ. मिथिलेश ने सहभागिता की। वहीं शिक्षकेतर कर्मियों में प्रशाखा पदाधिकारी सुनील सिंह, श्रीतीश सिंह, सुनील सिंह, कृष्ण सिंह, हर्ष राज, सूरज चौधरी सहित बड़ी संख्या में कर्मी शामिल हुए। रैली में छात्राओं की बड़ी संख्या आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम पदाधिकारी कुमारी नीतू रानी के नेतृत्व में निकाली गई रैली के दौरान हिंदी विभाग के छात्र इंद्र सिन्हा ने स्वच्छता संबंधी नारों का उद्घोष किया, जिससे छात्राओं में उत्साह का संचार हुआ। रैली के बाद प्राध्यापकों, शिक्षकेतर कर्मियों एवं छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की।



# स्वच्छता ही सेवा के तहत सूर्य मंदिर परिसर, मिर्जापुर में चला विशेष स्वच्छता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा 2026 के अंतर्गत "एक दिन, एक घंटा, एक साथ" अभियान का आयोजन सूर्य मंदिर परिसर, मिर्जापुर, नवादा में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में उप विकास आयुक्त शम्भु शरण पाण्डेय के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के दौरान सूर्य मंदिर परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में पदाधिकारियों, कर्मियों एवं स्थानीय लोगों ने सामूहिक रूप से भाग लेते हुए परिसर की साफ-सफाई की। इस दौरान आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने, कचरा इधर-उधर नहीं फेंकने तथा स्वच्छता को दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों, कर्मियों एवं आमजनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। सभी ने स्वयं स्वच्छ रहने, अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता अभियान में जनभागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छ एवं सुंदर समाज के निर्माण के लिए प्रत्येक व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। सामूहिक प्रयासों एवं जनसहयोग से सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ, सुंदर एवं बेहतर बनाया जा सकता है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, नवादा, निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, नवादा, जिला परियोजना प्रबंधक (डीपीएम), जीविका, प्रखंड विकास पदाधिकारी, नवादा सहित अन्य पदाधिकारी, कर्मी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# स्नातक व शिक्षक निर्वाचन को लेकर एनडीए के पांचों जिलाध्यक्षों की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। आगामी स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव को लेकर एनडीए के घटक दलों के पांचों जिलाध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक जिला भाजपा कार्यालय, नवादा में आयोजित की गई। बैठक में आगामी चुनाव की तैयारियों, संगठनात्मक समन्वय तथा मतदाताओं से संपर्क अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में नेताओं ने पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार नीरज कुमार तथा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से नवल किशोर यादव की जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी घटक दलों के कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर अभियान चलाने का आह्वान किया। नेताओं ने कहा कि चुनाव में बेहतर समन्वय के लिए एनडीए के सभी सहयोगी दलों के कार्यकर्ताओं को प्रखंड एवं पंचायत स्तर तक आपसी तालमेल के साथ काम करना होगा। बैठक में विशेष रूप से मतदाताओं तक केंद्र एवं राज्य सरकार की विकासोन्मुख नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने पर जोर दिया गया। इसके लिए नियमित रूप से संपर्क अभियान चलाने तथा अधिक से अधिक मतदाताओं से संवाद स्थापित करने की रणनीति पर चर्चा हुई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों एवं सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से जनता के बीच रखने की अपील की। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, जदयू जिलाध्यक्ष राजकिशोर दांगी, लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष मनोज सिंह, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनय कुशवाहा तथा हम पार्टी के जिलाध्यक्ष अजय मांझी उपस्थित रहे। नेताओं ने कहा कि एनडीए के सभी घटक दलों के बीच बेहतर तालमेल और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से चुनावी अभियान को मजबूत बनाया जाएगा। बैठक में आगामी दिनों में संयुक्त रूप से मतदाता संपर्क अभियान को गति देने तथा चुनाव से संबंधित गतिविधियों को समन्वित तरीके से संचालित करने पर भी सहमति बनी।

## एक नजर

### पैक्स सदस्य चुनाव में 101 वोटों से जीता

**अकबरपुर (नवादा)**। भनैल लोदीपुर पैक्स सदस्य चुनाव मे गणपत माहतो ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मुकेश यादव को 101 मतों के अंतर से हराकर जीत दर्ज की। वहीं रुबी देवी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रेशमा देवी 94 वोट से शिकस्त दी। चुनाव परिणाम घोषित होते ही विजेता प्रत्याशी के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया और विजेता को बधाई दी। चुनाव में मतदान के दौरान मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मतदान संपन्न होने के बाद शाम को मतगणना कराई गई। मतगणना के दौरान प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की नजर परिणाम पर बनी रही। अंतिम परिणाम में गणपत माहतो ,रुबी देवी को अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 101, वोट अधिक मिले। इसके बाद निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ राधा रमण मुरारी द्वारा विजेता की घोषणा की गई।जीत के बाद पैक्स अध्यक्ष मनीष सिंह ने मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि यह जीत क्षेत्र के लोगों के विश्वास और समर्थन की जीत है। उन्होंने कहा कि पैक्स से जुड़े किसानों और सदस्यों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा। साथ ही सहकारिता व्यवस्था को मजबूत बनाने और सदस्यों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रयास करने की बात कही।

### मेडिकल कैंप लगाकर बांटी गईं दवाएं



**कौआकोल**। सेवा संकल्प अभियान के तहत कौआकोल प्रखंड के सोखोदेवरा पंचायत अंतर्गत विरहोर टांड़ में कार्यक्रम आयोजित कर विरहोर समुदाय के लोगों के बीच पौधों का वितरण किया गया। साथ ही पीएचसी कौआकोल के द्वारा मेडिकल कैंप लगाकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की गई। ग्रामीणों को बताया गया कि पौधरोपण से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण तैयार करने में मदद मिलेगी। विकासमित्र जितेंद्र मांझी ने बताया कि सोखोदेवरा पंचायत के विरहोर समुदाय के लोगों के बीच सेवा संकल्प अभियान के तहत पौधों का वितरण किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई और जरूरत के अनुसार दवाएं उपलब्ध कराई गईं। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद एवं वंचित लोगों तक स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण से जुड़ी सेवाओं को पहुंचाना है। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही।

### राजस्व कर्मचारी पर जानलेवा हमला, प्राथमिकी

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के सिरदला रोड में बाईपास से महज 200 मीटर दूर घसियाडीह गांव के पास गुरुवार को एक राजस्व कर्मचारी पर पांच असामाजिक तत्वों ने धारदार हथियार और ईंट से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना का कारण जमीन के म्यूटेशन से जुड़ा विवाद बताया जा रहा है। घायल कर्मचारी की पहचान अमित कुमार के रूप में हुई है, जो रजौली अंचल कार्यालय में पदस्थापित हैं और टकुआटांड़ व सवैयाटांड़ पंचायत में कार्यरत हैं। घटना की सूचना पर अंचलाधिकारी मो. गुफराम मजहरी सहकर्मी राजस्व कर्मचारियों के साथ थाने पहुंचे और घटना की जानकारी ली। घायल कर्मचारी के आवेदन पर पुलिस ने प्रिंस कुमार सहित चार अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि लिखित आवेदन के आधार पर केस दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है।

# डाकघर को नए भवन मे किया गया अंतरित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नारदीगंज (नवादा)**। नारदीगंज अंदर बाजार स्थित डाकघर को नए भवन में गुरुवार को स्थानांतरित किया गया। यह डाकघर नारदीगंज मेन रोड पर मिर्चायगंज के समीप नए भवन में शुभारंभ हुआ। डाक अधीक्षक अरविन्द कुमार, डाक निरीक्षक रवि प्रकाश,डाक निरीक्षक सुभाष कुमार ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस मौके पर डाकपाल अभय शंकर सुमन, डाकपाल इंदू कुमारी, डाक सहायक अरविन्द कुमार, भीमसेन, सोनू कुमार सिन्हा, अमित कुमार, भारतीय ग्रामीण डाक संघ के रामवृक्ष प्रसाद,नवनीत कुमार, अविनाश, अशोक पांडेय, विकेश कुमार समेत अन्य रहें। डाक अधीक्षक ने कहा ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए डाक विभाग हमेशा तत्पर है। इस शाखा में विभाग के माध्यम से कई कल्याणकारी योजनाएं चल रही है। डाक घर बचत खाता, सुकन्या समृद्धि योजना, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, राष्ट्रीय बचत पत्र, किसान बचत पत्र, मासिक सम्मान बचत पत्र, पीएम सुरक्षा बीमा योजना,अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना बीमा योजना,आवर्ती जमा,टाइम डिपोजिट समेत अन्य योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है। कहा गया यह पोस्टआफिस पहले अंदर बाजार नारदीगंज में पीएनबी बैंक के निकट था,जो अब स्थान्तरित होकर इस भवन में डाक विभाग के कार्य को सम्पादित किया जायेगा। ग्राहकों को कोई परेशानी नहीं होगी, सभी प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। मौके पर अभिकर्ता रजनीश कुमार( गुड्डु ) मनोज सिंह, संजय कुमार, गुलशन कुमार, समीर समेत अन्य रहें।

# परतो करहरी पंचायत में आंगन मिलन के तीसरे दिन गूंजे सोहर के गीत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**अकबरपुर (नवादा)**। बाल विकास परियोजना, अकबरपुर के तत्वावधान में चल रहे 'आंगन मिलन' कार्यक्रम के तीसरे दिन गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परतो करहरी पंचायत के छोटकी अम्मा आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को सम्मानपूर्वक गोदभराई की रस्म निभाई गई। इस दौरान केंद्र का माहौल पारंपरिक गीतों और खुशियों से सराबोर रहा।

कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। लाभार्थियों को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना और मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के संबंध में बताया गया। वहीं गर्भवती माताओं को समय पर आवश्यक टीकाकरण कराने तथा नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक आहार लेने और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का पालन करने की सलाह दी गई।

गोदभराई के दौरान आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका एवं उपस्थित महिलाओं ने गर्भवती माताओं और बच्चों के लिए पारंपरिक सोहर गीत गाए। गीतों की गूंज से केंद्र का वातावरण उत्सवी हो गया। महिलाओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# एक तारीख, एक घंटा, एक साथ' के तहत सामूहिक श्रमदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कौआकोल**। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के तहत प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा में गुरुवार को 'एक तारीख, एक घंटा, एक साथ' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अधिकारियों,कृषि वैज्ञानिकों, स्कूली छात्राओं एवं ग्रामीणों ने सामूहिक श्रमदान कर परिसर व आसपास के क्षेत्रों की सफाई की। कार्यक्रम के बाद उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। सभी ने वर्ष में कम से कम 100 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने तथा अन्य लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार ने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ एवं समृद्ध जीवन की नींव है। वहीं अधिकारियों ने छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, हाथ धोने और स्वच्छ पर्यावरण के महत्व की जानकारी देते हुए उन्हें स्वच्छतादूत बनने के लिए प्रेरित किया। मौके पर केवीके वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह ने कहा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० रामप्रिय सहगल, मुखिया प्रतिनिधि मंटू यादव सहित डॉ. भारत भूषण, रविकांत चौबे, अंगद कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## नालंदा

# पार्टी के कार्यकर्ता ही उम्मीदवार बनकर चुनाव लड़ते और जीतते हैं : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ**। वियावानी जेपी कॉलेज में पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर नालंदा विधानसभा क्षेत्र स्तरीय एनडीए कार्यकर्ता एवं मतदाता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार और विधान परिषद की सचेतक रीना यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक में चुनाव की तैयारियों, मतदाताओं से संपर्क और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर चर्चा हुई। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव केवल प्रत्याशी नीरज कुमार का नहीं, बल्कि सभी एनडीए कार्यकर्ताओं का चुनाव है। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता ही चुनाव लड़ते और जीतते हैं। कार्यकर्ता अपने-अपने प्रखंड और पंचायतों में स्नातक मतदाताओं को चिह्नित कर लगातार जनसंपर्क करें और सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दें। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में बिहार सरकार के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि 2005 के बाद राज्य में शैक्षणिक माहौल में बदलाव आया है। मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आईटीआई और महाविद्यालयों की स्थापना को उन्होंने सरकार की उपलब्धि बताया।मंत्री ने कहा कि चुनाव नजदीक आने पर तरह-तरह के भ्रम फैलाए जाएंगे। कार्यकर्ताओं को तथ्यों के साथ मतदाताओं के बीच अपनी बात रखनी चाहिए। उन्होंने एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में एकजुट होकर चुनावी अभियान चलाने की अपील की। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में श्रवण कुमार ने सोनिया गांधी की नीतीश कुमार को लेकर की गई टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी और कहा कि ऐसे बयानों से बचना चाहिए। उन्होंने मतदाता सूची को लेकर लगाए जा रहे आरोपों पर प्रमाण सार्वजनिक करने की बात कही। सांसद कौशलेंद्र कुमार और रीना यादव ने भी कार्यकर्ताओं से सक्रियता के साथ जनसंपर्क अभियान चलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद प्रदेश महासचिव संजयकांत सिन्हा, प्रदेश सचिव गुलरेज अंसारी, विजय प्रसाद, जिलाध्यक्ष मो अरशद, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, लोजपा (रा) सत्येन्द्र मुकुट, धनंजय प्र कुशवाहा, राकेश कुमार, जयराम सिंह, अरविंद पटेल, रजनीश ठाकुर, अमर सिंह, राजपूत निर्मल सिंह, सुन्दर पासवान, आरती राजवंशी, महमूद बख्खो, जिला जदयू प्रवक्ता डॉ धनंजय कुमार, देव अमित कुमार, रिक्की, अजय पटेल, मुन्ना कुमार, रेखा देवी, सुनील रविदास, सन्नी पटेल, राहुल, रंजन कुशवाहा, संजीत यादव, संजीत पासवान, संजय कुशवाहा, प्रदीप मुखिया, निशु पटेल, डा सुनील दत्त, शैलेन्द्र गराई, अर्णव आर्या, जितू मांझी, संतोष कुमार, जनार्दन चंद्रवंशी, रंजन सिंह, रामोतार पासवान, विजय कुमार सिंह, मो मेराजुद्दीन, सुवेन्द्र राजवंशी, मुकेश सिंह, मिंटू चौधरी, रंजीत मुखिया, अजय पासवान, अजय ठाकुर, नीतीश पाण्डेय, जयन्त शर्मा, बिट्टू कुशवाहा, उमेश प्रसाद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फायरिंग मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। रहुई थाना क्षेत्र के एसएच-78 पर भंडारी मोड़ के समीप स्कॉर्पियो सवार लोगों पर हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान भंडारी गांव निवासी 22 वर्षीय गौतम कुमार, पिता रामसुंदर यादव उर्फ छोटे यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त अवैध देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। उसके पास से एक आईफोन भी मिला है। रहुई थानाध्यक्ष ललित विजय ने बताया कि 28 सितंबर को चुरामन बिगहा निवासी प्रेमजीत कुमार उर्फ प्रेम गोप अपने चार-पांच साथियों के साथ स्कॉर्पियो से खरथुआ गांव से संत बाबा महोत्सव में शामिल होने राजाकुआं जा रहे थे। इसी दौरान भंडारी मोड़ के पास कुछ लोगों ने उनकी स्कॉर्पियो पर फायरिंग कर दी। गोलीबारी में प्रेमजीत कुमार मामूली रूप से घायल हो गए।अनुसंधान के दौरान तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घटना में शामिल अप्राथमिकी अभियुक्त गौतम कुमार की पहचान की गई। इसके बाद पुलिस टीम ने उसे बिहार थाना क्षेत्र के कागजी मोहल्ले से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर भंडारी गांव से फायरिंग में इस्तेमाल किया गया देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार गौतम कुमार का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ रहुई थाना में वर्ष 2022 में मारपीट, लूट और हत्या का मामला दर्ज है। कार्रवाई में डीआईयू प्रभारी आलोक कुमार, चंदन कुमार, संतोष कुमार सुमन, उपेंद्र कुमार राम और सन्नी कुमार, सिपाही धर्मेंद्र कुमार व अन्य शामिल थे।

# एक घंटा श्रमदान से दिया स्वच्छता का संदेश

## जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने लगाई झाड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ**। भारत सरकार के स्वच्छता ही सेवा-2026 अभियान के तहत गुरुवार को बिहारशरीफ नगर निगम की ओर से आनंद मार्ग अंचल कार्यालय के समीप एक दिन-एक घंटा-एक साथ श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नगर निगम कर्मियों ने सड़क पर झाड़ू लगाकर सामूहिक श्रमदान किया। इस अवसर पर नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार, पूर्व विधान पार्षद राजू यादव, महापौर अनिता देवी, उपमहापौर आईशा शाहीन, नगर आयुक्त कृत्यानंद रंजन सहित नगर निगम के अधिकारी, वार्ड पार्षद एवं कर्मी मौजूद रहे। सशक्त स्थायी समिति के सदस्य धनंजय कुमार उर्फ पप्पू यादव, विनोद रविदास एवं संजय कुमार आजाद ने भी श्रमदान में भाग लिया।उप नगर आयुक्त शम्स रजा, नगर प्रबंधक साकेश कुमार सिन्हा एवं त्रिपुरारी शरण संजय, सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी कुंदन कुमार समेत अन्य पदाधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता की। सामूहिक श्रमदान के माध्यम से शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए जनभागीदारी, जिम्मेदारी और सामूहिक संकल्प का संदेश दिया गया। इस दौरान स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बिहारशरीफ के निर्माण में निरंतर योगदान देने का संकल्प लिया गया।

# महिलाओं में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने जीविका समितियों का भ्रमण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नगरनौसा**। ग्रामीण महिलाओं में डिजिटल साक्षरता और डिजिटल सेवाओं के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (आईआईएससी) बेंगलुरु, ग्राम वाणी, बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन एवं पीसीआई के प्रतिनिधियों ने जीविका की महिला सहकारी समितियों का भ्रमण किया। इस दौरान उत्सव जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड एवं एकता जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड का दौरा किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं से संवाद कर स्मार्टफोन के उपयोग और उसके माध्यम से प्राप्त की जा रही डिजिटल सेवाओं की जानकारी ली। महिलाओं द्वारा गूगल पे, फोनपे सहित डिजिटल भुगतान एप, ऑनलाइन खरीदारी एवं अन्य डिजिटल सेवाओं के इस्तेमाल के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गई।प्रतिनिधियों ने जीविका परियोजना में डिजिटल डेटा एवं एमआईएस के उपयोग तथा विभिन्न एप्लीकेशन के माध्यम से सूचनाओं और आंकड़ों के संधारण की प्रक्रिया को समझा। बीपीएम अजय कुमार ने जीविका की गतिविधियों, स्वयं सहायता समूहों और डिजिटल सेवाओं के उपयोग की जानकारी दी। जिला परियोजना प्रबंधक संजय प्रसाद पासवान, क्षेत्रीय समन्वयक राजीव रंजन एवं अरबिंद कुमार मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने जीविका दीदियों और कैडरों से डिजिटल अनुभव एवं व्यवहारिक चुनौतियों पर भी चर्चा की। टीम में आईआईएससी से प्रशांत घोष, जिगर दोषी व निहार देसाई समेत अन्य प्रतिनिधि शामिल थे।

# सामाजिक विज्ञान के शिक्षक संजय कुमार को दी गई भावभीनी विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**राजगीर**। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी नालंदा, राजगीर में 30 सितंबर को सामाजिक विज्ञान के कर्मठ शिक्षक संजय कुमार की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय परिवार की ओर से आयोजित समारोह में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उनके सेवाकाल के योगदान को याद करते हुए सम्मान व्यक्त किया। विदाई समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संजय कुमार भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि पूरे सेवाकाल में उनका प्रयास रहा कि विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल और प्रेरणादायी बने। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्राचार्य विवेक किशोर ने संजय कुमार के शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक योगदान की सराहना करते हुए उन्हें विद्यालय की अनमोल धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में उनकी सहभागिता हमेशा अग्रणी रही और उनकी कमी विद्यालय परिवार को महसूस होगी। समारोह में सभी शिक्षक साथियों ने उनके साथ बिताए अनुभव साझा किए और उनके स्वस्थ एवं सुखद सेवानिवृत्त जीवन की कामना की। समारोह के बाद विद्यालय की परंपरा के अनुसार शिक्षक साथियों ने उन्हें सम्मानपूर्वक उनके निवास स्थान तक पहुंचाया।

### रास्ते के पुराने विवाद में मारपीट

**हिलसा**। प्रखंड क्षेत्र के बलभद्रसराय गांव में रास्ते को लेकर चल रहा पुराना विवाद गुरुवार को हिंसक झड़प में बदल गया। रास्ते के मुद्दे पर दो पक्षों के बीच पहले तीखी बहस हुई। इसके बाद मारपीट हो गई, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल की पहचान बलभद्रसराय गांव निवासी स्वर्गीय रामखेलावन महतो के पुत्र श्याम महतो के रूप में हुई है। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से घायल को इलाज के लिए हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार चल रहा है।पीडित परिवार के सदस्यों ने बताया कि गांव के ही अनिल महतो के साथ रास्ते को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी पुरानी रंजिश में मारपीट की घटना होने का आरोप लगाया गया है।घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हिलसा थानाध्यक्ष चंद्रभानु ने बताया कि पीडित पक्ष की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के आधार पर मामले की छानबीन कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### सिंचाई मशीन समेत गड्ढे में गिरा युवक, गंभीर

**हिलसा**। नगर परिषद क्षेत्र के मई गांव में गुरुवार को धान की फसल की सिंचाई के दौरान हादसा हो गया। खेत में पटवन के लिए सिंचाई मशीन चालू करने के दौरान संतुलन बिगड़ने से एक युवक मशीन समेत बड़े गड्ढे में जा गिरा। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल की पहचान मई गांव निवासी विजेंद्र प्रसाद के पुत्र राजू कुमार प्रसाद के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, राजू कुमार खेत में धान की फसल की सिंचाई कर रहे थे। इसी दौरान वह सिंचाई मशीन चालू कर रहे थे, तभीअचानक संतुलन बिगड़ गया और मशीन समेत गड्ढे में गिर पड़े। घटना के बाद कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए राजू कुमार को गड्ढे से बाहर निकाला और आनन-फानन में इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, हिलसा में भर्ती कराया। अस्पताल में घायल का इलाज चल रहा है। हादसे की सूचना मिलने के बाद परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

### कड़ी सुरक्षा के बीच बेगमपुर पैक्स चुनाव संपन्न

**नालंदा**। सिलाव प्रखंड क्षेत्र के बेगमपुर पैक्स का चुनाव बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मध्य विद्यालय बेगमपुर स्थित मतदान केंद्र पर सुबह 7 बजे से शुरू हुआ मतदान शाम 4रू30 बजे तक चला। चुनाव में कुल 721 मतदाताओं में से 480 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह मतदान का प्रतिशत 66.57 प्रतिशत रहा। पैक्स की 12 सदस्यीय समिति के तहत अध्यक्ष पद और नौ कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव के लिए मतदान हुआ। अध्यक्ष पद के लिए गोरेलाल और साधु शरण सिंह के बीच सीधा मुकाबला रहा। मतदान को लेकर ग्रामीण मतदाताओं में उत्साह देखा गया। निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव कराने के लिए मतदान केंद्र पर स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी तथा महिला एवं पुरुष पुलिस बल की तैनाती की गई थी। डीएसपी संजीत कुमार गुप्ता और इंस्पेक्टर संजय कुमार ने मतदान केंद्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

### कर्मियों की अनुपस्थिति पर उठे सवाल

**बिहारशरीफ**। गिरियक प्रखंड के चोरसुआ पश्चिमी स्थित आंगनवाड़ी केंद्र कोड संख्या-94 की व्यवस्था को लेकर सवाल उठे हैं। स्थानीय लोगों ने केंद्र पर कर्मियों की अनुपस्थिति, बच्चों की उपस्थिति, राशन वितरण और साफ-सफाई में कथित अनियमितता के आरोप लगाए हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पढ़ाई के समय केंद्र पर करीब 12 बच्चे मौजूद थे, लेकिन सहायिका रीता कुमारी केंद्र पर नहीं थी। सेविका अनीता कुमारी भी शुरुआत में केंद्र पर मौजूद नहीं मिलीं। पत्रकार के पहुंचने के दौरान सेविका प्लास्टिक की थैली में कुछ सामान लेकर केंद्र की ओर आती दिखाई दीं।केंद्र में पढ़ने वाली बच्ची आकांक्षा कुमारी की मां मुन्नी कुमारी ने भी सहायिका के केंद्र पर मौजूद नहीं रहने की बात कही। इस संबंध में सेविका अनीता कुमारी ने बताया कि सहायिका उस दिन केंद्र नहीं आई थीं और बिना आवेदन दिए छुट्टी पर थीं।स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि केंद्र पर हस्ताक्षर के बाद चले जाने, बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति दिखाने तथा राशन वितरण में कथित गड़बड़ी की शिकायतें सामने आती रही हैं। अनाज की कथित बंदरबांट का भी आरोप लगाया गया, हालांकि इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

# पितृपक्ष में टेंपो स्टैंड की वसूली पर घमासान

## तीन स्टैंड पर कलेक्शन बंद कराने का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** पितृपक्ष मेला 2026 के दौरान गया शहर में टेंपो स्टैंड की बंदोबस्ती और वाहन शुल्क की वसूली को लेकर विवाद गहरा गया है। चौक टेंपो स्टैंड और जिला स्कूल पूर्वी-पश्चिमी गेट टेंपो स्टैंड से जुड़े बंदोबस्तधारियों ने पुलिस प्रशासन पर कलेक्शन बंद कराने और स्टैंड कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि नगर निगम ने मेला अवधि में तीर्थयात्रियों के वाहनों से शुल्क नहीं लेने का निर्देश दिया है, जबकि निर्धारित चौहद्दी में अन्य वाहनों से शुल्क वसूली की अनुमति है। इसके बावजूद पुलिस की ओर से कलेक्शन रोकने की बात कही जा रही है। नगर निगम की सामान्य शाखा ने 29 सितंबर को जारी पत्र में स्पष्ट किया है कि मेला अवधि समाप्त होने तक तीर्थयात्रियों के वाहनों से राशि की वसूली नहीं की जाए जबकि निर्धारित चौहद्दी के अंदर अन्य वाहनों से राशि वसूल की जा सकती है। चौहद्दी के बाहर या तीर्थयात्रियों के वाहनों से वसूली की शिकायत मिलने पर विधि-सम्मत कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। पत्र की प्रतिलिपि जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी और जिला नियंत्रण कक्ष को भेजी गई है। स्टैंड से जुड़े अनिल कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि उन्हें मौखिक रूप से कलेक्शन बंद करने को कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्टैंड मुख्य सड़क पर है और प्रशासन स्पष्ट करे कि सामान्य वाहनों से शुल्क कहां वसूला जाए। बंदोबस्तधारियों का दावा है कि चौक स्टैंड से करीब 25 हजार और जिला स्कूल क्षेत्र से करीब 10 हजार रुपये प्रतिदिन की वसूली प्रभावित हो रही है। चौक टेंपो स्टैंड के बंदोबस्तधारी जय सिंह ने भी पुलिस द्वारा कलेक्शन रोकने और कार्रवाई की धमकी देने का आरोप लगाया है। उन्होंने स्पष्ट लिखित आदेश की मांग की है। बंदोबस्तधारियों ने कहा कि 15 दिनों तक वसूली नहीं होने पर बंदोबस्ती राशि में उसी अवधि के अनुरूप राहत दी जाए। उन्होंने मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

## सोनालीका ने छह महीनों में एक लाख वाईटीडी ट्रैक्टर बिक्री की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट नंबर 1 में ब्रांड, सोनालीका ट्रैक्टर्स ने अपनी 30वे वर्ष में शानदार परफॉर्मेंस दिया। कंपनी ने (अप्रैल-सितंबर 2026) में 1 लाख वाईटीडी ट्रैक्टर बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया। जिस उपलब्धि को हासिल करने में आठ साल पहले पूरा एक साल लगा, उसे कंपनी ने अब आधे समय में ही हासिल कर लिया है। यह सोनालीका के बढ़ती क्षमता, गति और हर स्तर पर काम करने के तरीके में एक बड़ी और निर्णायक बढ़त को दिखाता है। कंपनी के दमदार ट्रैक्टरों में लगातार सुधार, किसानों के साथ बेहतर जुड़ाव, सुव्यवस्थित उत्पादन योजना और डीलरों के साथ मिलकर काम करने से यह शानदार परफॉर्मेंस मुमकिन हो पाई है। ब्रांड को सालाना 50,000 ट्रैक्टर बिक्री से आगे बढ़ाकर सिर्फ 6 महीनों में 1,00,000 ट्रैक्टर बिक्री के मुकाम तक पहुंचाया।

# पितृपक्ष मेला स्थल और फल्गु नदी के आसपास चला स्वच्छता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान के तहत 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' कार्यक्रम के अंतर्गत 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया की ओर से एक अक्टूबर को पितृपक्ष मेला स्थल और फल्गु नदी के घाटों के आसपास व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सशस्त्र सीमा बल के कार्मिकों ने पितृपक्ष मेला स्थल के आसपास तथा फल्गु नदी के समीपवर्ती क्षेत्रों में साफ-सफाई की। सड़क और सार्वजनिक स्थलों पर बिखरे कचरे, प्लास्टिक तथा अन्य अपशिष्ट पदार्थों को एकत्रित कर उचित स्थान पर निस्तारित किया गया। धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान कार्मिकों ने आमजन और स्थानीय लोगों को स्वच्छता के महत्व, कचरे के उचित निस्तारण तथा सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने के प्रति जागरूक किया। लोगों से अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ रखने, सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा-कचरा नहीं फैलाने तथा स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की गई। 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की ओर से आयोजित इस अभियान का उद्देश्य धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता के साथ समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना था। अभियान के माध्यम से स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया गया।

# बेलागंज बाजार में हल्दी में मिलावट को लेकर जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बेलागंज बाजार में हल्दी में सीसा (लेड) की मिलावट रोकने को लेकर स्वास्थ्य विभाग के खाद्य संरक्षा प्रकोष्ठ के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाया गया। प्योर अर्थ इंडिया एवं उद्यम मंत्र भारत लिमिटेड के सहयोग से आयोजित 'फूड सेफ्टी हेल्थ चेक' अभियान में खाद्य संरक्षा विभाग के अभिहित पदाधिकारी अजय कुमार सहित टीम के सदस्यों ने व्यापारियों और विक्रेताओं को जागरूक किया। अभियान के दौरान पोर्टेबल एक्स-रे फ्लोरेसेंस मशीन से हल्दी के 29 नमूनों की जांच की गई। इनमें 18 नमूनों में निर्धारित मानक से अधिक लेड पाया गया। अधिकारियों ने बताया कि एफएसएसएआई के मानकों के अनुसार हल्दी में लेड की अधिकतम स्वीकार्य मात्रा 10 माइक्रोग्राम प्रति ग्राम है। व्यापारियों को विश्वसनीय स्रोतों से ही हल्दी खरीदने तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि मानकों का उल्लंघन मिलने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

## गांधी जयंती पर विशेष ग्राम सभा का होगा आयोजन

**कोंच (गयाजी) (नबिटा सं.)।** गांधी जयंती पर प्रखंड के परसावां पंचायत में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में मुखिया दिलीप कुमार ने बताया कि ग्राम सभा पंचायत कार्यालय परसावां टोला शेखबिगहा में सुबह 11 बजे से आयोजित की जाएगी। सभा में सभी पंचायत जनप्रतिनिधिगण एवं कर्मियों को सादर आमंत्रित किया गया है। ग्राम सभा में विकास योजनाओं सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।

# बिहार के युवाओं को राज्य में ही आधुनिक शिक्षा और अनुसंधान के मिलेंगे अवसर : शीला कुमारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार द्वारा राज्य में उच्च स्तरीय तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा बुधवार को मुजफ्फरपुर में शहीद जुब्बा सहनी वास्तुकला एवं असैनिक अभियंत्रण विश्वविद्यालय तथा भागलपुर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं कंप्यूटर विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यों के सुचारु संचालन हेतु कुल 68 पदों के सृजन को स्वीकृति प्रदान की गई है। मंत्रिपरिषद से मिली इस मंजूरी पर राज्य के विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री शीला कुमारी ने कहा है कि बिहार सरकार राज्य के युवाओं को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, कंप्यूटर विज्ञान, वास्तुकला और असैनिक अभियंत्रण जैसे क्षेत्र तेजी से बदलती दुनिया में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन क्षेत्रों के लिए समर्पित विश्वविद्यालयों का सुदृढ़ संस्थागत ढांचा तैयार करना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा है कि मंत्रिपरिषद द्वारा दोनों विश्वविद्यालयों के लिए कुल 68 पदों के सृजन की स्वीकृति मिलने से इनके प्रशासनिक संचालन को आवश्यक मानव संसाधन उपलब्ध होगा। हमारा लक्ष्य ऐसे संस्थानों का निर्माण करना है जो केवल डिग्री प्रदान करने तक सीमित न रहें, बल्कि उच्च स्तरीय अनुसंधान, नवाचार, कौशल विकास और उद्योग-अकादमिक सहयोग के केंद्र के रूप में विकसित हों।

# वाराणसी-रांची-कोलकाता की राह होगी आसान, गया में 6 लेन एक्सप्रेस-वे का 28 प्रतिशत काम पूरा

## सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण होने से पर्यटन, व्यवसाय के साथ-साथ कृषि कार्यों को मिलेगा बढ़ावा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार में बेहतर कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे के विस्तार से आधारभूत संरचना के क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। केंद्र और राज्य सरकार के साझा प्रयासों से वाराणसी-रांची-कोलकाता के बीच करीब 800 किमी लंबाई का इकोनॉमिक कॉरिडोर (एनएच-319ई) के अंतर्गत गया जिले से होकर 33.50 किमी सड़क गुजरेगी। इसके निर्माण से न सिर्फ गया और इसके आसपास के जिले के अलावा उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल का संपर्क काफी आसान हो जाएगा। इस मामले में पथ निर्माण सचिव पंकज कुमार पाल के अनुसार परियोजना के पैकेज-7 के तहत गया के डुमरिया प्रखंड में अनिर्बनसलिया गांव से इमामगंज प्रखंड के संग्रामपुर तक करीब 33.5 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की कुल अनुमानित लागत लगभग 1,248.37 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2025 से शुरू हुए इस कार्य की पूर्ण होने की तिथि 30 जून 2027 तय की गई है और अब तक परियोजना का लगभग 28.2 प्रतिशत भौतिक कार्य पूरा हो चुका है। सचिव श्री पाल ने बताया कि इस आधुनिक कॉरिडोर के बनने से गया और आसपास के पूरे मगध क्षेत्र के सामाजिक व आर्थिक परिदृश्य में बड़ा बदलाव आएगा। उत्तर प्रदेश, झारखंड और पश्चिम बंगाल को आपस में जोड़ने वाले इस कॉरिडोर से यात्रा का समय काफी घट जाएगा। भारी वाहनों और मालवाहकों के लिए यह एक सुगम और आधुनिक मार्ग साबित होगा जिससे ईंधन और समय दोनों की बचत होगी। उन्होंने कहा कि गया के अनिर्बनसलिया से संग्रामपुर के बीच बनने वाली इस 6-लेन सड़क से बनारस (काशी), रांची और कोलकाता से आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए बोधगया और गया की राह काफी आसान और आरामदायक हो जाएगी। इससे स्थानीय पर्यटन और उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। इधर, प्रोजेक्ट डायरेक्टर देवेंद्र कुमार बंसल का कहना है कि गया में एक्सप्रेसवे के निर्माण से ग्रामीण इलाकों के किसानों और छोटे व्यापारियों को अपनी उपज व उत्पाद सीधे बड़े बाजारों जैसे कोलकाता, रांची और वाराणसी तक पहुंचाने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क कनेक्टिविटी के चलते लॉजिस्टिक्स और ट्रांसपोर्टेशन लागत कम होगी और स्थानीय उत्पादों को बेहतर दाम मिल सकेंगे।

# गांधी जयंती पर स्वच्छता को लेकर प्रतियोगिताओं का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर शेरघाटी नगर परिषद कार्यालय परिसर में स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के जेपी मेमोरियल स्कूल, गुरुकुल डीएभी सहित दर्जनों विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान बच्चों के बीच पेंटिंग, निबंध लेखन सहित स्वच्छता से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक के उपयोग में कमी तथा अपने आसपास साफ-सफाई रखने का संदेश अपनी कला और लेखन के माध्यम से दिया। कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी। स्वच्छता प्रभारी सुमित कुमार ने बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य बच्चों के माध्यम से समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर बनाने में बच्चों की भूमिका महत्वपूर्ण है। बच्चे अपने घर और आसपास के लोगों को भी साफ-सफाई के प्रति जागरूक कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का चयन किया जाएगा। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर चयनित प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर विद्यालयों के छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखा गया।

# पूर्व मध्य रेल में स्वच्छता पखवारा का शुभारंभ, पाटलिपुत्र रेल परिसर में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** पूर्व मध्य रेल में 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा-2026 के तहत आज पाटलिपुत्र रेल परिसर, दीघा, पटना स्थित रामलीला ग्राउंड में विशेष श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में मुख्यालय अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लेते हुए श्रमदान किया। 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ की भावना के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व मध्य रेल के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारीगण ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अधिकारियों ने सामूहिक रूप से श्रमदान करते हुए स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम की निर्धारित रुपरेखा के अनुसार प्रातः 8 बजे स्वच्छता अभियान का शुभारंभ हुआ तथा श्रमदान एवं स्वच्छता गतिविधि आयोजित की गई। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता बनाए रखने, कचरे का उचित निस्तारण करने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ रेल परिसर के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। ये सभी कार्य पूर्व मध्य रेलवे के सभी मण्डलों एवं विभिन्न कार्यस्थलों पर भी आयोजित किये गए।

# टिकारी बाल उद्यान में श्रमदान सह स्वच्छता अभियान चलाया गया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** भारत सरकार के स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर परिषद टिकारी की ओर से सभापति अजहर ईमाम के नेतृत्व में गुरुवार को टिकारी बाल उद्यान में जोरदार श्रमदान सह स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान की शुरुआत नगर परिषद परिसर से सभापति अजहर ईमाम के नेतृत्व में नगर प्रबंधक की मौजूदगी में स्वच्छता रैली रवाना कर हुई। रैली के माध्यम से आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने, नदी, तालाब एवं अन्य जल श्रोतों को संरक्षित रखते हुए उसकी समय-समय पर उसकी साफ-सफाई करते रहने साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक से बचने का संदेश दिया गया। रैली के उपरांत नगर परिषद बाल उद्यान (चिल्ड्रेन पार्क) में जोरदार स्वच्छता अभियान चलाया गया। हाथों में झाड़ू कुदाल एवं सफाई करने के अन्य कई उपकरणों के साथ सभापति, नगर प्रबंधक, सभी वार्ड पार्षद एवं सफाई कर्मी युद्धस्तर पर अभियान को सफल बनाने हेतु काफी उत्साह से जुटे रहे। पार्क में पड़े खर पतवार, कचरे को हटा उसकी साफ-सफाई की। इस मौके पर सभापति अजहर ईमाम एवं नगर प्रबंधक ने लोगों से बाल उद्यान (चिल्ड्रेन पार्क) के साथ ही सभी सार्वजनिक स्थलों, तालाब, पोखरों, सड़कों, नालियों गलियों को स्वच्छ बनाए रखने का आह्वान किया।

**पूर्व रेलवे**

**सूचना सं. एसआईजी_डब्ल्यू_5_पॉलिसी, दिनांक** 29.09.2026, वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_26-27_23_ओटी, दिनांक 29.09.2026, कार्य का नाम:** विश्वसनीयता में सुधार के लिए मालदा मंडल के तहत एस्पिरेशन टाइप फायर डिटेक्शन एवं अलार्म सिस्टम का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु.2,27,32,440/-, **बयाना राशि:** रु.4,54,700/-, **ई-निविदा जमा देने की तिथि और समय :** दिनांक 08.10.2026 से 22.10.2026 को 11.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट: www.ireps.gov.in** और वरिष्ठ डीएसटीई कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा में।

MLD-211/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# नाली के पानी को लेकर दो पक्षों में मारपीट, पांच घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड के कनौसी पंचायत के मीठापुर गांव में नाली के पानी के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इसमें दोनों पक्षों से पांच लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट और छिनतई का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया। पहले पक्ष के गुड्डू कुमार यादव (28) पिता विंदेश्वर यादव ने बताया कि 27 सितंबर को करीब 11 बजे वह रफीगंज जा रहा था। घर से करीब 160 गज दूर सोनी देवी, योगेंद्र यादव, उदय यादव, मिनी देवी, कल्लू कुमार व संजू देवी ने घेरकर लाठी-डंडा व ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। बचाने आए माता-पिता के साथ भी मारपीट की गई जिसमें मां का दांत टूट गया। दूसरे पक्ष की सोनी देवी पति योगेंद्र यादव का आरोप है कि वह घर में अकेली थी, तभी गुड्डू यादव, रविंद्र यादव, अभय नारायण, नरेश यादव, सुरेश यादव, विद्यानंद यादव, पार्वती देवी व अन्य घर में घुसकर तलवार, लाठी-डंडा से मारपीट करने लगे। विरोध करने पर सोने के जेवरात छीन लिए। बीच-बचाव करने आई गोतनी मिनी देवी, भतीजी मिंता देवी और दालान में सोए ससुर जगनदेव यादव को भी पीटा गया। सभी घायलों का इलाज सीएचसी कोंच में कराया गया जहां से सोनी देवी को गंभीर स्थिति में मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल गया रेफर किया गया है। कोंच थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने बताया कि पुलिस ने कांड दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# फाइनेंस कर्मी से 47,790 रुपये की छिनतई का आरोपित गिरफ्तार, कट्टा व कारतूस बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**टिकारी।** पंचानपुर थाना पुलिस ने फाइनेंस कंपनी के कर्मी से कलेक्शन की राशि छिनतई मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के घर से पुलिस ने एक अवैध देशी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस और छिनतई की गई राशि में से 30,780 रुपये नकद बरामद किए हैं। पंचानपुर थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि 26 सितंबर को स्वतंत्र माइक्रो फिन कंपनी के कर्मी अरविंद कुमार मलसारी गांव से कलेक्शन कर लौट रहे थे। इसी दौरान मलसारी गांव के समीप अपराधी ने हथियार के बल पर उनसे कलेक्शन के 47,790 रुपये छीन लिए थे। घटना के बाद प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अपराधी की पहचान और गिरफ्तारी में जुटी थी। अनुसंधान के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि मलसारी गांव निवासी जगदीश यादव उर्फ बादिल यादव का पुत्र राजेश कुमार यादव इस घटना में शामिल है। सूचना का सत्यापन करने के बाद पुलिस टीम ने बुधवार की रात राजेश के घर पर दबिश दी। तलाशी के दौरान उसके घर से एक देशी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस और छिनतई की राशि में से 30,780 रुपये बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार पूछताछ में राजेश ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। इसके बाद उसे अवैध हथियार और नगदी के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# एम3 एसएजीइ परियोजना का आज होगा शुभारंभ, 300 महिलाओं को मिलेगा प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**शेरघाटी।** महिलाओं को रोजगार और उद्यमिता से जोड़ने के उद्देश्य से इंपावर पीपल की ओर से एम3 एसएजीइ-'जिसका उद्यम, उसका भविष्य' परियोजना का शुभारंभ 2 अक्टूबर को किया जाएगा। परियोजना के तहत गया जिले के शेरघाटी, डोभी और आमस प्रखंडों में अगले दो वर्षों के दौरान 300 महिलाओं को प्रशिक्षण देने, 100 महिला समूह गठित करने और 100 सक्रिय महिला नेतृत्व वाले उद्यम विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। परियोजना को लेकर गुरुवार को शहर के होटल केके पैलेस में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई। इसमें बनात मॉडल स्कूल के निदेशक जावेद इकबाल खान, एहसान खान तथा इंपावर पीपल की ओर से अंजुल श्याम और शिकोह अलबदर मौजूद रहे। अंजुल श्याम ने बताया कि इंपावर पीपल और लियोपोल्ड बाखमन फाउंडेशन, स्विट्जरलैंड के संयुक्त सहयोग से संचालित यह परियोजना अक्टूबर 2026 से सितंबर 2028 तक चलेगी। इसके तहत महिलाओं को एलईडी एवं विद्युत उपकरणों की असेंबली तथा खाद्य एवं कृषि प्रसंस्करण के क्षेत्र में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के साथ उपकरण, प्रारंभिक सहायता, बाजार से जुड़ाव और व्यवसाय विस्तार के लिए चरणबद्ध सहयोग भी उपलब्ध कराया जाएगा। एहसान खान ने बताया कि परियोजना का उद्देश्य महिलाओं को उद्यमिता के अवसरों से जोड़कर उनकी आय बढ़ाना और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करना है। इसके अलावा महिला उद्यमों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने और उन्हें टिकाऊ बनाने पर भी काम किया जाएगा। प्रेस कांफ्रेंस में शिक्षा के क्षेत्र में नसीरूद्दीन खान मेमोरियल फेलोशिप और अवार्ड शुरू करने की घोषणा की गई। बनात मॉडल स्कूल के निदेशक जावेद इकबाल खान ने बताया कि खंडैल स्थित बनात संस्थान के संस्थापक स्वर्गीय नसीरूद्दीन खान की स्मृति में यह पहल शुरू की गई है। इसके तहत पठन-पाठन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रयास करने वाले विद्यार्थियों को मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। फेलोशिप के लिए 1.20 लाख रुपये की राशि निर्धारित की गई है।

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**सं० MC/Wheel press/AMC/02/26**

**दिनांक : 29/09/2026**

व०मं०याँ०अभि०/समाडि/पू०म०रे० डीडीयू, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी, सक्षम तथा इच्छुक एजेंसी ठेकेदार से खुली ई-निविदा (एकल पैकेट प्रणाली) सं० MC-Wheel press-AMC-02-26 दिनांक: 28/09/2026 के लिए आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्न है :

**कार्य का विवरण :** डब्ल्यूसीसी/डीडीयू के मशीन शेड में स्थापित हाइड्रोलिक व्हील प्रेस 500T मशीन एस०ओ० संख्या 11000363 का व्यापक एएमसी। **कार्य का अनुमानित लागत :** Rs. 73,98,330.00/- तीहतर लाख अनठानवे हजार तीन सौ तीस मात्र। **धरोहर राशि :** Rs.1,48,000.00/- एक लाख अडतालीस हजार मात्र। **निविदा फार्म जमा करने तथा निविदा खुलने का समय एवं तिथि :** ई निविदा दिनांक : 07.10.2026 से 21.10.2026 तक समय 15:00 बजे तक। **वेबसाईट एवं सूचना बोर्ड जिस पर यह सूचना उपलब्ध रहेगी तथा निविदा फार्म खरीदने का पता :** IREPS website: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगी इसके अतिरिक्त Manual Offer स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**नोट:** विस्तृत जानकारी हेतु कृप्या निविदा फार्म देखें।

**व०मं०याँ० अभि०/समाडि/पू०म०रे०/डीडीयू**

**पीआर/1038/डी०डी०यू०/सी एण्ड डब्ल्यू/टी/26-27/40**

**झारखण्ड सरकार**

**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**

**प्राचार्य का कार्यालय-औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बिश्रामपुर (LWE) लालगढ़ बिहार,पलामू**

**Office e-mail id- itibishrampur@gmail.com**

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बिश्रामपुर (LWE) लालगढ़ बिहार, पलामू में शैक्षणिक सत्र 2026-27-28 में नामांकन संबंधित सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2026-27-28 में SCVT संबंधन प्राप्त राज्य के सभी आई0टी0आई0 /व्यवसायों में नामांकन हेतु इच्छुक वैसे अभ्यर्थी जो ITI Portal में पूर्व से निबंधित नहीं है, उन अभ्यर्थियों को ऑनलाईन निबंधन का अवसर प्रदान करते हुए दिनांक-30.09.2026 से दिनांक-03.10.2026 तक ITI Portal के माध्यम से ऑनलाईन निबंधन आंमत्रित किये जाते हैं। SCVT के तहत नामांकन हेतु आवेदन संबंधित विस्तृत जानकारी https://iti.jharkhand.gov.in के Notification Section में देखा जा सकता है। SCVT के अंतर्गत निबंधन के उपरान्त आई0टी0आई0 एवं व्यवसाय के विकल्पों के चयन हेतु सूचना बाद में दी जायेगी।

प्रस्ताव पर निदेशक का अनुमोदन प्राप्त है।

प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
बिश्रामपुर (LWE) लालगढ़ बिहार,पलामू

PR 390913 District(26-27).D

**झारखण्ड सरकार**

**अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची**

**कार्यालय, उप निदेशक, कल्याण, पलामू प्रमण्डल मेदिनीनगर**

**(वित्तीय वर्ष 2026-27)**

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा उप निदेशक, कल्याण, पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर अन्तर्गत संचालित आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्रों में वित्तीय वर्ष 2026-27 में शास्त्रीय एवं पेटेंट औषधियों/अन्य सामग्रियों की आपूर्ति हेतु **PR 389609 District (2026-27).D** के द्वारा निविदा आमंत्रित की गई थी, परन्तु निविदादाताओं के द्वारा निविदा नहीं किये जाने की स्थिति में पुनः निम्न शर्त्तो एवं सरकारी नियमों के तहत अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किया जाता है। आपूर्तिकर्त्ता, जो औषधि आपूर्ति करने में रूचि रखते हों एवं बनाये गये नियमों के अधीन निर्धारित शर्त्तो का पालन करते हों, वैसे आपूर्तिकर्त्ता दिनांक 22.10.2026 के अपराह्न 05.00 बजे तक कार्यालय, उप निदेशक, कल्याण, पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर में स्वयं या डाक के माध्यम से निविदा भेज सकते हैं। निविदा दिनांक 23.10.2026 को 11.30 बजे पूर्वाह्न में खोली जायेगी। निविदा खोलते समय निविदादाता स्वयं अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगें। निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। औषधी की सूची अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्य दिवस के दिनों में प्राप्त की जा सकती है।

निविदा की शर्त्तो कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

उप निदेशक, कल्याण,
पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 390908 (District)26-27*D

गांधी जयंती पर विशेष

# बदलती दुनिया में गांधी : शाश्वत विचारों की रोशनी



अभिषेक दास

दुनिया आज एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां विज्ञान और तकनीक ने मानव सभ्यता को अभूतपूर्व शक्ति दी है, लेकिन उसी के साथ युद्ध, भू-राजनीतिक तनाव, मानवीय संकट और अविश्वास भी गहरा रहे हैं। एक ओर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल क्रांति और आधुनिक चिकित्सा मानव जीवन के लिए नई संभावनाएं खोल रही हैं, तो दूसरी ओर सशस्त्र संघर्षों की बढ़ती विनाशकारी क्षमता पूरी मानवता के सामने गंभीर प्रश्न खड़े कर रही है।

ऐसे समय में महात्मा गांधी को याद करना केवल किसी ऐतिहासिक व्यक्तित्व का स्मरण नहीं है। यह उस नैतिक प्रश्न की ओर लौटना है, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है–मानव ने शक्ति तो बहुत अर्जित कर ली, लेकिन उस शक्ति का इस्तेमाल किस उद्देश्य और किस मर्यादा के साथ किया जाए?

लगभग एक सदी पहले गांधी ने इसी प्रश्न को अपने चिंतन के केंद्र में रखा था। उनके लिए सत्य केवल व्यक्तिगत सद्गुण नहीं, बल्कि सार्वजनिक जीवन का आधार था। अहिंसा केवल हिंसा से दूर रहने का नाम नहीं थी; वह अन्याय का सामना करने और परिवर्तन के लिए संघर्ष करने का एक मानवीय माध्यम थी। स्वराज केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं, बल्कि आत्मअनुशासन, जिम्मेदारी और नागरिक चेतना से जुड़ा विचार था। अंत्योदय का अर्थ था–विकास की कसौटी समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति के जीवन में होने वाला सुधार हो।

आज जब दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध और संघर्ष जारी हैं, गांधी का अहिंसा संबंधी चिंतन नए संदर्भ में पढ़ा जाना चाहिए। आधुनिक हथियारों ने युद्ध की विनाशकारी क्षमता को कई गुना बढ़ा दिया है। ऐसे वातावरण में अहिंसा को केवल आदर्शवाद या निष्क्रियता के रूप में देखना गांधी के विचार को सीमित करना होगा। उनके लिए अहिंसा साहस, आत्मसंयम और अन्याय के विरुद्ध सक्रिय प्रतिरोध का माध्यम थी।

सत्याग्रह इसी दृष्टि का व्यावहारिक रूप था। इसका उद्देश्य विरोधी को समाप्त करना नहीं, बल्कि उसके विवेक को संबोधित करते हुए परिवर्तन की संभावना पैदा करना था। आज की अंतरराष्ट्रीय राजनीति अपनी जटिलताओं के कारण सत्याग्रह को उसी रूप में लागू नहीं कर सकती। राष्ट्रों के हित, सुरक्षा संबंधी चिंताएं और शक्ति-संतुलन इसके बीच महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। फिर भी संवाद, कूटनीति, मध्यस्थता और शांतिपूर्ण समाधान की आवश्यकता बनी हुई है। गांधी का चिंतन कम-से-कम इतना सवाल जरूर सामने रखता है कि संघर्ष को अंतिम उपाय बनाने से पहले शांतिपूर्ण विकल्पों को कितनी गंभीरता से आजमाया गया है।

गांधी के लिए साधन और साध्य अलग-अलग नहीं थे। किसी अच्छे लक्ष्य तक पहुंचने के लिए अपनाए गए साधनों का नैतिक होना भी उतना ही आवश्यक था। यह विचार आज के समय में विशेष महत्व रखता है, जब राजनीतिक, सामाजिक और अंतरराष्ट्रीय संघर्षों में उद्देश्य की प्राप्ति के लिए अपनाए जाने वाले तरीकों पर भी बहस होती है। शांति की स्थापना का लक्ष्य हो तो उसके रास्ते में मानवीय गरिमा, नागरिक जीवन और न्याय के प्रश्नों की उपेक्षा नहीं की जा सकती।

सत्य के प्रति गांधी का आग्रह डिजिटल युग में एक दूसरी चुनौती के रूप में सामने आता है। सूचना के प्रसार की गति अभूतपूर्व है। सोशल मीडिया ने अभिव्यक्ति और संवाद के




अवसर बढ़ाए हैं, लेकिन अफवाह, भ्रामक सूचना और अपुष्ट सामग्री भी उतनी ही तेजी से फैलती है। ऐसे समय में सत्य का अर्थ केवल झूठ न बोलना नहीं रह जाता। इसका अर्थ है–सूचना की जांच करना, स्रोत की विश्वसनीयता परखना, अपनी भूल स्वीकार करना और असहमति के बावजूद तथ्यों के प्रति ईमानदार रहना।

गांधी का आत्मपरीक्षण का आग्रह भी यहां महत्वपूर्ण हो जाता है। वे अपने विचारों को अंतिम और अपरिवर्तनीय सत्य मानने के बजाय प्रयोग और समीक्षा के लिए तैयार रहते थे। आज जब सार्वजनिक संवाद कई बार तत्काल प्रतिक्रिया, पूर्वाग्रह और डिजिटल ध्रुवीकरण से प्रभावित होता है, अपनी धारणाओं पर पुनर्विचार करने की क्षमता लोकतांत्रिक समाज के लिए महत्वपूर्ण गुण बन जाती है।

गांधी के विचारों की प्रासंगिकता युद्ध और राजनीति तक सीमित नहीं है। आर्थिक विकास और पर्यावरण का प्रश्न भी उनके चिंतन से जुड़ता है। आधुनिक अर्थव्यवस्था ने जीवन को सुविधाजनक बनाया है, लेकिन संसाधनों के बढ़ते दोहन ने जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, जल संकट और जैव विविधता के क्षरण जैसी चुनौतियां पैदा की हैं। गांधी की सादगी और संयम की सीख इस संदर्भ में नए अर्थ ग्रहण करती है।

इसका अर्थ आधुनिक विकास या तकनीक का विरोध नहीं है। असली प्रश्न यह है कि विकास की कीमत कौन चुका रहा है और उसका लाभ किसे मिल रहा है। जरूरत और लालच के बीच अंतर समझना, संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करना और आने वाली पीढ़ियों के अधिकारों को ध्यान में रखना आज टिकाऊ विकास की बुनियादी चिंताओं में शामिल है। समृद्धि का अर्थ केवल अधिक उपभोग नहीं, बल्कि संतुलित और जिम्मेदार जीवन भी हो सकता है।

आर्थिक न्याय का प्रश्न भी इसी से जुड़ता है। गांधी की ट्रस्टीशिप की अवधारणा संपत्ति और संसाधनों के साथ सामाजिक जिम्मेदारी को जोड़ती है। आधुनिक बाजार व्यवस्था गांधी के समय की तुलना में कहीं अधिक जटिल है, लेकिन उनका मूल प्रश्न आज भी प्रासंगिक है–आर्थिक प्रगति का लाभ समाज के कितने व्यापक हिस्से तक पहुंचता है और आर्थिक शक्ति के साथ सामाजिक दायित्व कैसे जुड़ता है? यहीं अंत्योदय का विचार महत्वपूर्ण हो जाता है। विकास को केवल उत्पादन, निवेश या आय के आंकड़ों से नहीं मापा जा सकता। यह भी देखना होगा कि गरीब और वंचित व्यक्ति को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सम्मानजनक जीवन के अवसर कितने मिले हैं। गांधी की दृष्टि विकास को अंतिम व्यक्ति की जरूरतों से जोड़ती है। आज समावेशी विकास और सामाजिक न्याय की बहस में यह दृष्टिकोण एक महत्वपूर्ण नैतिक कसौटी प्रदान करता है।

स्वदेशी और ग्राम स्वराज के विचार भी बदलती अर्थव्यवस्था में नए संदर्भ प्राप्त करते हैं। वैश्वीकरण ने बाजारों को जोड़ा है और व्यापार तथा निवेश के नए अवसर पैदा किए हैं। इसके बावजूद स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। छोटे उद्योग, हस्तशिल्प, कृषि आधारित उद्यम और स्थानीय रोजगार ग्रामीण समाज को आर्थिक आधार दे सकते हैं।

गांधी का ग्राम स्वराज केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता की अवधारणा नहीं था। उसका मूल विचार था कि लोग अपने स्थानीय विकास और निर्णय प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनें। आज विकेंद्रीकरण, स्थानीय शासन और पंचायतों को मजबूत करने की बहस में इस विचार की उपयोगिता देखी जा सकती है। डिजिटल तकनीक ने स्थानीय उत्पादों और सेवाओं को व्यापक बाजार तक पहुंचाने की नई संभावनाएं भी पैदा की हैं।

लोकतंत्र के संदर्भ में गांधी की दृष्टि का एक महत्वपूर्ण पक्ष असहमति और संवाद है। लोकतंत्र केवल चुनाव और बहुमत का नाम नहीं है। उसकी मजबूती नागरिक स्वतंत्रता, जवाबदेही, संवाद और असहमति के सम्मान पर भी निर्भर करती है। आज सार्वजनिक बहस का बड़ा हिस्सा डिजिटल माध्यमों पर होता है, जहां मतभेद कई बार तर्क से आगे बढ़कर व्यक्तिगत आरोप और सामाजिक ध्रुवीकरण का रूप ले लेते हैं।

गांधी का संघर्ष तीखा था, लेकिन उसमें विरोधी की मानवीय गरिमा के लिए भी स्थान था। इस दृष्टि से उनका एक महत्वपूर्ण संदेश यह है कि किसी विचार का विरोध करते हुए भी व्यक्ति के सम्मान को बनाए रखा जा सकता है। बहुलतावादी समाज में यह दृष्टिकोण विशेष महत्व रखता है। विविधता को केवल सहन करना पर्याप्त नहीं; उसके साथ संवाद और सह-अस्तित्व की संस्कृति भी विकसित करनी होगी।

तकनीकी परिवर्तन ने इन सवालों को और जटिल बना दिया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्वचालन ने शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और संचार के क्षेत्र में नई संभावनाएं पैदा की हैं। साथ ही रोजगार, निजता, डेटा सुरक्षा और मानव निर्णय की भूमिका से जुड़े प्रश्न भी सामने आए हैं। यहां गांधी के चिंतन से एक बुनियादी सवाल लिया जा सकता है–तकनीक किसके लिए और किस उद्देश्य से है?

यदि तकनीक मानव जीवन को बेहतर बनाती है, अवसरों का विस्तार करती है और कठिन कार्यों को सरल करती है, तो उसके सामाजिक लाभ महत्वपूर्ण हैं। लेकिन यदि तकनीकी शक्ति असमानता बढ़ाती है या मानव गरिमा और स्वतंत्रता को कमजोर करती है, तो उसके प्रभावों पर विचार आवश्यक है। इसलिए गांधी को तकनीक-विरोधी विचारक के रूप में देखने के बजाय मानव-केंद्रित विकास की कसौटी पर पढ़ना अधिक उपयोगी हो सकता है।

युवाओं के लिए गांधी की प्रासंगिकता भी इसी व्यापक संदर्भ में समझी जा सकती है। आज की युवा पीढ़ी डिजिटल तकनीक, वैश्विक प्रतिस्पर्धा, बदलते रोजगार और पर्यावरणीय संकट के बीच अपना भविष्य बना रही है। उसके सामने सफलता, विकास और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के साथ सामाजिक जिम्मेदारी के भी प्रश्न हैं। गांधी का जीवन यह संकेत देता है कि सामाजिक परिवर्तन केवल संस्थाओं और सरकारों से नहीं आता; व्यक्ति के आचरण और निर्णय भी उसमें भूमिका निभाते हैं।

हालांकि गांधी के विचारों को बिना आलोचना स्वीकार करना उचित नहीं होगा। उनके अनेक विचारों पर गंभीर बहस हुई है और उनकी सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक दृष्टि की अलग-अलग व्याख्याएं की गई हैं। आज उनकी प्रासंगिकता का अर्थ उनके हर विचार को वर्तमान परिस्थितियों पर हूबहू लागू करना नहीं है। अधिक महत्वपूर्ण यह है कि उनके मूल प्रश्नों को बदलती दुनिया के संदर्भ में फिर से समझा जाए।

क्या विकास प्रकृति के साथ संतुलित है? क्या आर्थिक प्रगति का लाभ कमजोर वर्गों तक पहुंच रहा है? क्या तकनीक मानव स्वतंत्रता और गरिमा को मजबूत कर रही है? क्या लोकतंत्र असहमति और संवाद के लिए पर्याप्त स्थान दे रहा है? और क्या हिंसा के विकल्प के रूप में कूटनीति तथा शांतिपूर्ण समाधान को पर्याप्त महत्व दिया जा रहा है? इन प्रश्नों के अंतिम उत्तर केवल गांधी के पास नहीं थे। लेकिन उन्हें पूछने की नैतिक दृष्टि उनके चिंतन से जरूर मिलती है।

आज दुनिया को गांधी की हूबहू पुनरावृत्ति की आवश्यकता नहीं है। आवश्यकता उनके मूल विचारों को बदलती परिस्थितियों में समझने की है। युद्ध और तनाव के बीच शांति की तलाश, सूचना के शोर के बीच सत्य की पहचान, असीमित उपभोग के बीच संयम, आर्थिक असमानता के बीच न्याय, तकनीकी शक्ति के बीच मानवीय जिम्मेदारी और राजनीतिक मतभेदों के बीच संवाद–ये सभी प्रश्न आज पहले से अधिक महत्वपूर्ण दिखाई देते हैं। गांधी की प्रासंगिकता किसी प्रतिमा, स्मारक या जयंती तक सीमित नहीं है। वह उन मूल प्रश्नों में है, जिनसे आधुनिक दुनिया लगातार जूझ रही है।

अंततः किसी समाज की प्रगति केवल उसकी संपदा, तकनीकी क्षमता या सैन्य शक्ति से नहीं मापी जा सकती। उसकी परीक्षा इस बात में भी होती है कि वह अपने कमजोर व्यक्ति, अपने असहमत नागरिक, अपने प्रतिद्वंद्वी और आने वाली पीढ़ियों के साथ कैसा व्यवहार करता है। यही गांधी के चिंतन की स्थायी शक्ति है। वे हमें केवल यह सोचने के लिए प्रेरित नहीं करते कि दुनिया कैसी होनी चाहिए, बल्कि यह प्रश्न भी हमारे सामने रखते हैं कि उस दुनिया के निर्माण के लिए हमारे साधन कितने सत्यपूर्ण, मानवीय और न्यायपूर्ण हैं। शायद बदलती और अशांत दुनिया में गांधी की सबसे बड़ी प्रासंगिकता इसी प्रश्न में है।

# महात्मा गाँधी और खादी



अविनाश कुमार झा

महात्मा गांधी और खादी का संबंध भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के सबसे महत्वपूर्ण अध्यायों में से एक है। गांधीजी ने खादी को केवल पहनने वाला कपड़ा नहीं माना, बल्कि इसे स्वदेशी, आत्मनिर्भरता, आर्थिक स्वतंत्रता और सामाजिक समानता का माध्यम बनाया।

यहां यह दोहराना समीचीन है कि खादी मुख्यतः हाथ से काते गए सूत से हाथकरघे पर बुना हुआ कपड़ा है। इसका निर्माण ग्रामीण और कुटीर उद्योगों से जुड़ा रहा है। कपास से रेशा प्राप्त करने, उसे सूत में कातने और फिर कपड़ा बुनने की प्रक्रिया में बड़ी संख्या में लोगों को काम मिल सकता था।

गांधीजी का मानना था कि भारत जैसे विशाल ग्रामीण देश में छोटे-छोटे घरेलू और कुटीर उद्योग आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण हो सकते हैं।

औपनिवेशिक काल में भारत से कच्चा माल बाहर जाता था और ब्रिटेन में निर्मित कपड़े भारत में बेचे जाते थे। इससे भारतीय पारंपरिक वस्त्र उद्योग और अनेक बुनकर प्रभावित हुए।

गांधीजी ने इसके जवाब में स्वदेशी को आंदोलन का आधार बनाया। उनका आग्रह था कि भारतीय लोग विदेशी कपड़ों पर निर्भर रहने के बजाय स्थानीय रूप से बने कपड़ों का उपयोग करें। इसलिए खादी उनके लिए आर्थिक स्वतंत्रता का प्रतीक बनी ।

गांधीजी ने चरखे को खादी आंदोलन का केंद्र बनाया।

चरखा चलाना उनके लिए केवल सूत तैयार करने की प्रक्रिया नहीं था। यह प्रतीक था–श्रम की गरिमा का,आत्मनिर्भरता का,स्वदेशी उत्पादन का,ग्रामीण रोजगार का और स्वतंत्रता आंदोलन में जनभागीदारी का।

गांधीजी स्वयं नियमित रूप से चरखा चलाते थे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करते थे। इसे वे न सिर्फ अर्थ की दृष्टि से बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण मानते थे । ब्रिटिश आंकड़े गवाह हैं कि खादी आंदोलन तत्कालीन भारत के वस्त्र निर्यात में 98त्न की कमी और ब्रिटिश वस्त्रों के आयात में 6300त्न बढ़ोत्तरी के प्रतिकार का गांधीवादी उध्दघोष था ।

खादी धीरे-धीरे स्वतंत्रता आंदोलन की विशिष्ट पहचान बन गई। असहयोग आंदोलन और बाद के सभी राष्ट्रीय आंदोलनों में विदेशी वस्त्रों के बहिष्कार तथा स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग को महत्व मिला।

विदेशी कपड़ों की होली जलाना और खादी पहनना औपनिवेशिक आर्थिक व्यवस्था के विरोध के सार्वजनिक प्रतीक बन गए। इससे स्वतंत्रता आंदोलन केवल राजनीतिक नेताओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आम लोगों की दैनिक जिंदगी से भी जुड़ गया।

गांधीजी के आर्थिक विचारों में गाँव का विशेष स्थान था। वे चाहते थे कि ग्रामीण भारत में लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिले।

खादी के माध्यम से उनका उद्देश्य था कि–कपास ? कताई ? बुनाई ? कपड़ा

जैसी उत्पादन-श्रृंखला में गाँव के लोगों की भागीदारी बढ़े।

विशेष रूप से महिलाओं के लिए कताई घर से आय अर्जित करने का एक माध्यम बन सकती थी। इस दृष्टि से खादी को गांधीजी ने विकेंद्रीकृत ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जोड़ा।

गांधीजी के लिए खादी का एक सामाजिक पक्ष भी था। वे शारीरिक श्रम को सम्मान देने पर जोर देते थे। खादी पहनने का अर्थ यह भी था कि व्यक्ति अपने पहनावे के माध्यम से श्रम करने वाले लोगों और ग्रामीण समाज के साथ एक प्रकार की एकता व्यक्त करे। इसलिए खादी को सादगी और सामाजिक समानता के आदर्श से भी जोड़ा गया।

खादी का स्वदेशी होना गांधीजी के राजनीतिक और आर्थिक दर्शन का महत्वपूर्ण सिद्धांत था।

स्वदेशी का मूल विचार था कि व्यक्ति और समाज अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति में स्थानीय संसाधनों और स्थानीय उत्पादन को प्राथमिकता दें।

खादी इस विचार का प्रत्यक्ष उदाहरण थी। विदेशी मिलों में बने कपड़े के स्थान पर हाथ से बने भारतीय कपड़े को अपनाना आर्थिक राष्ट्रवाद का एक रूप था।

गांधीजी के लिए खादी का महत्व उसके कपड़े होने से कहीं अधिक था। इसके पीछे कई विचार जुड़े थे-खादी = स्वदेशी + श्रम + आत्मनिर्भरता + ग्रामीण रोजगार + सादगी । इसी कारण गांधीजी के राजनीतिक और सामाजिक कार्यक्रमों में चरखा और खादी को इतना प्रमुख स्थान मिला।

इससे भारतीय जनमानस पर खादी के प्रयोग को लेकर व्यापक प्रभाव पड़ा ।

खादी आंदोलन ने भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष को कई स्तरों पर प्रभावित किया–

1.आर्थिक स्तर पर – इसका प्रतिफल यह हुआ कि विदेशी कपड़ों के बहिष्कार और स्थानीय उत्पादन को प्रोत्साहन मिला और अंग्रेजी शासन को आर्थिक चोट पहुंची ।

2.राजनीतिक स्तर पर – खादी औपनिवेशिक शासन के विरोध का सशक्त प्रतीक बनी।

3.सामाजिक स्तर पर – आम लोगों को विषेशकर समाज के कई वर्ग जैसे महिलाओं और मजदूरों को स्वतंत्रता आंदोलन से जोड़ने का माध्यम मिला।

4.ग्रामीण स्तर पर – कताई और बुनाई जैसे कार्यों को आर्थिक गतिविधि के रूप में महत्व मिला।

5.मानसिक स्तर पर – स्वावलंबन और आत्मसम्मान की भावना को बल मिला।

गांधीजी आधुनिक औद्योगिक व्यवस्था के हर पहलू के विरोधी नहीं थे, लेकिन वे ऐसी अर्थव्यवस्था को लेकर चिंतित थे जिसमें उत्पादन और संपत्ति कुछ बड़े केंद्रों में केंद्रित हो जाएँ और ग्रामीण आबादी आर्थिक रूप से उनपर निर्भर हो जाए। यह मन्ज़ूर नहीं था । उनका आदर्श ग्राम-आधारित, विकेंद्रीकृत और श्रम-सम्मानित अर्थव्यवस्था था। खादी इसी व्यापक आर्थिक दर्शन का व्यावहारिक उदाहरण थी। खादी गांधीजी के लिए स्वतंत्रता संग्राम का एक साधन, स्वदेशी का प्रतीक और भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था के पुनर्निर्माण का कार्यक्रम थी। उन्होंने चरखे को आम भारतीय के हाथ में देकर स्वतंत्रता आंदोलन को सामान्य नागरिकों को भी उनके दैनिक जन जीवन से जोड़ने का प्रयास किया। इसलिए भारतीय इतिहास में खादी केवल एक वस्त्र नहीं, बल्कि स्वाधीनता, स्वावलंबन, श्रम और आर्थिक आत्मनिर्भरता के विचारों से जुड़ा एक महत्वपूर्ण प्रतीक बन गयी ।

महात्मा गांधी जी की नज़र में खादी और इससे जुड़े अन्य कुटीर उद्योग ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए रोजगार, अतिरिक्त आय, स्थानीय संसाधनों के उपयोग, पारंपरिक कौशल के संरक्षण और आर्थिक विकेंद्रीकरण के महत्वपूर्ण साधन हैं । इनका उद्देश्य केवल वस्तुओं का उत्पादन करना नहीं था , बल्कि गाँवों के साथ-साथ ग्रामीणों को अधिक आत्मनिर्भर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को रोजगार-सक्षम और उत्पादनशील बनाना था।

## खादी के हर धागे में शामिल है एक रचनात्मक विचार



अजय कुमार श्रीवास्तव

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि खादी बसव नहीं विचार है। व्यक्ति के मन में जो रचनात्मक सोच पैदा होता है जिसे हम धागों में पीरोकर बस्व तैयार करते है यह खादी है। उर्दू में एक शब्द है खादीम जिसका अर्थ भी सेवा भाव होता है। खादी शब्द ही अपने आप में एक महान शब्द है। जब बापू ने खादी की शुरूआत की थी उस समय भी देशभक्ति की भावना से प्रेरित था। विदेशी वस्त्रों का बहिष्कार कर खादी को अपनाना यानि प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र भावना से जोड़ना था। इसका मूल उद्देश्य था भारतीय सम्कृति को समझना, आपस में बंधुत्व को पावन का संचार करना तथा अपने को राष्ट्र के प्रति समर्पण का विचार रखना। बापू ने खादी को आजादी की लड़ाई का एक अहिंसात्मक अस्त्र बनाया। स्वतंत्रता प्राति के बाद राजनीतिज्ञों का मन मिजाज स्पष्ट समझ में आने लगा। जो लोग सता के भूखे थे वे राजनीति में चले गये शेष अपने आपको देश सेवा का जरिया बनाया। रचनात्मक कार्य खादी आश्रम और गांधी आश्रम से जुड़ गये जिनके मन में ग्राम स्वराज की भूख थी। खादी को भौतिक रूप प्रदान करने में सबसे पहले चरखा आता है जो लकड़ी अथवा लोहे का बना हुआ एक संसाधन है जिस पर सूत की कताई होती है। उस पर काम करने वाले भाई-बहन इसे सिर्फ रोजगार के रूप में ही नहीं देखते थे बल्कि भारतीय संस्कृति का दर्शन भी करते थे। चरखे के हर धागे में उँच विचार समाहित रहता है। यही कारण था कि संत विनोबा भावे ने कहा था कि चरखा मात्र लकड़ी अथवा लोहे का बना हुआ एक संसाधन ही नहीं है। आप देखेंगे कि जिस घर में मेरा चरखा चलता है उस घर के संस्कार को देखें और जिस घर में चरखा नहीं चलता है उस पड़ोसी के संस्कार को देखेंगे तो आपको भिन्नता नजर आयेगी। खादी के हर धागों में एक रचनात्मक विचार छुपा हुआ है। गांधी ने जिस चरखे को आजादी की लड़ाई का अस्त्र और उसके द्वारा तैयार वस्त्र खादी को वर्दी बनाकर लड़ाई लड़ी थी आज वह नये स्वरूप में देश और विदेश में विकसित हो रहा है।

इसकी व्यवहारिकता को देखते हुए कहा था खादी का मतलब एक ऐसा रहन सहन जिसकी नींव अहिंसा पर आधारित हो। आज गांधी जी के द्वारा अपनाई गई खादी भारतीयता की पहचान बनते जा रही है। एक और खादी जहां सादगी दर्शाता है वहीं विशेष मौकों पर स्टेट्स सिम्बॉल बन गया है। खादी जितनी स्टाइलिस है उतनी ही आरामदायक भी। खादी स्कीन के साथ दोस्ती बनाये रखती है। खादी पहनने वालों को चर्म रोग कम होता है। बुनाई हल्की हाने के कारण यह ठंडी रहती है। खादी के बने कपड़े गर्मी और सर्दी दोनों मौसम के लिए अनुकूल है। कुछ लोगों को पहनना अपनी परम्परा और पर्यावरण जताता है तो कुछ अवसरों के लिए अनुकूल आरामदायक गुण और इसके क्लासिक लुक की तारीफ करते नहीं थकते।

गर्मियों में ठंडा और सर्दियों में गरम का एहसास इस कपड़े को भारतीय मौसम के अनुरूप और सदाबहार बनाता है। खादी की बुनाई इस प्रकार है कि धागों में हवा का अवागमन बना रहता है। खादी कपास की सबसे शुद्ध किस्म है। अतः हम सबों को इसके सम्मान की रक्षा करनी चाहिए। इतना तो अवश्य करना चाहिए कि जिस प्रकार धार्मिक भावना से धनतेरस के दिन कोई न कोई बर्तन अथवा सामान की खरीददारी अवश्य करते ही हैं उसी प्रकार वैचारिक भावना से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर 2 अकटूबर को कोई न कोई खादी वस्त्र प्रमाणित संस्था से अवश्य खरीदें। यही राष्ट्रपिता के प्रति सच्ची श्रधांजलि होगी। एक निवेदन करना चाहूंगा कि यदि किसी घर में बच्चों का जन्म हो तो उसे पहला वस्त्र खादी का ही दें। मेरा विश्वास है कि वह बच्चा आगे चलकर सुसंस्कारिक और अपने कुल का नाम रौशन करेगा।

**(लेखक औरंगाबाद जिला खादी ग्रामोद्योग समिति के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज जीवनसाथी से संवाद बढ़ेगा। जीवनसाथी व व्यापारिक साझेदार से जुड़ी बातचीत में आज स्पष्टता और मिठास बढ़ेगी। चंद्रदेव और शनिदेव की युति व्यय भाव में और निकट आ रही है।

**वृषभ**
आज दिनचर्या और कार्यक्षेत्र के लिए विशेष शुभ दिन है। स्वास्थ्य के लिए दिन शुभ रहेगा। हालांकि, त्वचा संबंधी परेशानी और किडनी से जुड़ी किसी बीमारी को नजरअंदाज न करें।

**मिथुन**
आज वित्तीय स्थिति में सुधार होगा। आपके संतान व रचनात्मकता भाव में प्रवेश कर चुके हैं, इसलिए रचनात्मक कार्यों, शिक्षा व प्रेम से जुड़े

**कर्क**
आज पारिवारिक रिश्तों में बढ़ेगी मिठास। पारिवारिक रिश्तों में आज मिठास और संवाद बढ़ेंगे। भाग्य का साथ पूरी तरह से नहीं मिलने से दबाव महसूस करेंगे।

**सिंह**
आज आय के मजबूत स्रोत बनेंगे। वित्तीय मामलों में सीधी और स्पष्ट सोच रहेगी। आज गुप्त मामलों व दस्तावेज़ों में सतर्कता रखें। गहरी भावनाओं को लेकर मानसिक भारीपन महसूस हो सकता है।

**कन्या**
आज पारिवारिक मामलों में रहेगी मिठास। आपके व्यक्तित्व में मजबूती दिखेगी। वाणी और धन के मामलों में आज लाभ के संकेत हैं।

**तुला**
आज व्यक्तित्व, बुद्धि और आकर्षण का दुर्लभ संयोग बन रहा है। प्रेम जीवन के लिए दिन विशेष रूप से शुभ रहेगा। दिनचर्या व पाचन संबंधी मामलों में आज सतर्कता रखें।

**वृश्चिक**
आज प्रेम जीवन में भावनात्मक गंभीरता रहेगी। उच्च शिक्षा से जुड़े मामलों में आगे बढ़ने के मौके बन सकते हैं। भाग्य का साथ मिलने से रुके हुए काम आगे बढ़ेंगे।

**धनु**
आज आय के नए अवसर बनेंगे, घर के मामलों में धैर्य रखें। गुप्त ज्ञान, शोध, बीमा, फाइनेंस के मामलों में अच्छी सोच के साथ काम करेंगे। बुधदेव शुक्रदेव के साथ आपके लाभ भाव में प्रवेश कर चुके हैं।

**मकर**
आज कार्यक्षेत्र में सफलता का विशेष शुभ दिन है। आज गंभीरता से काम लेने की जरूरत रहेगी, धैर्य रखें। कार्यक्षेत्र में आज संवाद व आकर्षण का विशेष लाभ मिलेगा।

**कुंभ**
आज धन से जुड़े फैसलों में जल्दबाजी न करें। आज आपका आकर्षण चरम पर रहेगा। अपनी महत्वाकांक्षा को पूरी करने के लिए आप शिद्दत से काम करेंगे।

**मीन**
आज व्यापारिक साझेदारी से लाभ मिलेगा। व्यक्तित्व में गहरी भावनात्मक गंभीरता और आत्म-अनुशासन का दिन रहेगा। निर्णयों में देरी या भावनात्मक भारीपन से बचें।

## दो सगे भाइयों को बेरहमी से पीटा, पिस्टल की बट से फोड़ी आंख, गला दबाकर किया लहूलुहान



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के मलिकाना गांव में टीवी बनाने के बहाने दुकान से बुलाया और अपहरण कर क दो सगे भाइयों के साथ बेरहमी से मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दबंगों ने एक युवक की आंख पिस्टल की बट से फोड़ दी, जबकि दूसरे का गला दबाकर उसे लहूलुहान कर दिया। घटना 30 सितंबर की रात करीब 1 बजे की बताई जा रही है। पीड़ित मो. इमरान आलम (22 वर्ष) पिता जफर इमाम, निवासी मलिकाना थाना मसौढ़ी ने थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में बताया है कि उसके भाई शहबाज आलम (19 वर्ष) को टीवी बनवाने के बहाने कुछ लोगों ने दुकान से बुलाया उसके बाद उसे अपहरण कर हुसैनाबाद बगीचा में ले गया। वहां पहले से घात लगाए बैठे करीब चार लोगों ने उसके भाई के साथ मारपीट शुरू कर दी। भाई ने किसी तरह मोबाइल पर सूचना दी तो इमरान वहां पहुंचा। वहां मौजूद लोगों में से एक रिजवान (22 वर्ष) पिता इरफान आलम निवासी मलिकाना को वह पहचानता है। पीड़ित ने जब हाथ जोड़कर माफी मांगी तो रिजवान ने कमर से पिस्टल निकालकर पिस्टल की बट से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी बाईं आंख के पास गहरी चोट आई और कान के ऊपर सिर फट गया। वहीं उसके भाई का गला दबाकर और लात-घूंसों से बेरहमी से पिटाई की गई, जिससे उसकी गर्दन से खून बहने लगा। जब झगड़े का हल्ला सुनकर आसपास के लोग जुटने लगे तो सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित ने थानाध्यक्ष से मामले में प्राथमिकी दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत मोकामा में चला स्वच्छता अभियान





### मंत्री अरुण शंकर प्रसाद हुए शामिल

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भाजपा की ओर से चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को मोकामा नगर परिषद क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के मंत्री अरुण शंकर प्रसाद शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरूआत शहीद द्वार पर अमर शहीद प्रफुल्ल चंद चाकी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद मंत्री के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान की शुरूआत हुई। नगर सभापति नीलेश कुमार माधव, भाजपा जिलाध्यक्ष शैलेंद्र प्रसाद, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर छितेंद्र कुमार सिंह, दर्जनों वार्ड पार्षदों और स्वच्छता मित्रों ने शहीद द्वार से चौक बाजार तक गौशाला रोड में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान सड़क एवं आसपास के क्षेत्रों की सफाई करने के साथ लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।अभियान में सीआरपीएफ के अधिकारियों और जवानों ने भी भाग लिया। जवानों ने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया।मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने कहा कि सेवा संकल्प से ही विकसित राष्ट्र की कल्पना की जा सकती है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में सेवा को आधार बनाकर कार्य करना चाहिए, ताकि उसका सीधा लाभ समाज को मिल सके। सेवा की भावना समाज और लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।भाजपा की ओर से बताया गया कि सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मोकामा में भी सेवा और जनसरोकार से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।मौके पर नगर भाजपा अध्यक्ष राहुल रंजन, वार्ड पार्षद शोएब खान, अखिलेश्वर प्रसाद गोपी, धीरज कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और नगर परिषद कर्मी मौजूद रहे।

## गांधी जयंती पर मसौढ़ी में चला स्वच्छता अभियान, मुख्य पार्षद ने लगाई झाड़ू

### बीडीओ ने दिलाया स्वच्छता संकल्प



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गांधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को मसौढ़ी में विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर परिषद मसौढ़ी के द्वारा श्रीराम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर के तालाब परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में मुख्य पार्षद पिंकी देवी ने खुद हाथों में झाड़ू लेकर सफाई की और शहरवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान नगर परिषद के कर्मचारी, सफाई कर्मी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोगों ने तालाब परिसर और आसपास के इलाकों की साफ-सफाई की। मुख्य पार्षद ने कहा कि गांधी जी का सपना स्वच्छ भारत का था, जिसे साकार करने के लिए हम सभी को अपने आसपास साफ-सफाई रखनी होगी। इस मौके पर अमीन रामाधार कुमार यादव, स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं सभी सफाई कर्मी उपस्थित रहे, वहीं प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार के नेतृत्व में सभी प्रखंडकर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। बीडीओ ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि यह हमारी आदत बननी चाहिए। अपने आसपास स्वच्छता के प्रति अपने दैनिक जीवन में भी इस संकल्प को उतारना चाहिए, स्वच्छ माहौल एक बेहतर काम करने की ओर बढाता है।इस मौके पर, प्रखंड के सभी कर्मी व अन्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मोकामा में फिर से बाढ़ का खतरा मंडराया

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंगा के जलस्तर में एक बार फिर वृद्धि होने से मोकामा के दियारा क्षेत्र में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। जलस्तर बढ़ने को लेकर प्रशासन अलर्ट है। कसहा दियारा में गंगा का पानी ग्रामीण सड़क के करीब पहुंच गया है।जंजीरा दियारा शिवनार, बरहपुर समेत आसपास के गांवों में भी गंगा का पानी घुसने का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार पिछले कुछ दिनों में जलस्तर कम होने के बाद पशुपालक मवेशियों के साथ दियारा क्षेत्र में वापस लौट रहे थे। लेकिन पिछले दो दिनों से जलस्तर में दोबारा वृद्धि होने से हालात बिगड़ने लगे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि यदि जलस्तर में इसी तरह वृद्धि जारी रही तो दियारा क्षेत्र के कई गांव प्रभावित हो सकते हैं। प्रशासन की ओर से स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

### एससी/एसटी के लंबित कांडों की एसडीपीओ ने की समीक्षा, त्वरित निष्पादन का दिया निर्देश

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1 राघव दयाल के द्वारा गुरुवार को मसौढ़ी अनुमंडल क्षेत्र के सभी थानों में एससी/एसटी से संबंधित लंबित कांडों की समीक्षा बैठक की गई।बैठक में हाल में प्रतिवेदित तथा पूर्व से लंबित कांडों के अनुसंधान के



त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु संबंधित थानाध्यक्षों और अनुसंधानकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीपीओ ने कहा कि एससी/एसटी मामलों में पीड़ितों को समय पर न्याय और मुआवजा मिलना सुनिश्चित किया जाए। कैलेंडर वर्ष 2026 में जनवरी से अब तक मुआवजा प्रस्ताव की स्थिति इस प्रकार है,जहां मसौढ़ी थाना में कुल 16 कांड प्राप्त हुए, सभी 16 में मुआवजा प्रस्ताव भेज दिया गया है, 8 कांडों में अनुसंधान पूर्ण हो चुका है, 8 लंबित हैं। धनरूआ थाना में 12 कांडों में से 11 में मुआवजा प्रस्ताव भेजा गया, 1 लंबित है। पुनपुन थाना में 5 कांडों में 4 में प्रस्ताव भेजा गया, 1 लंबित।भगवानगंज में 4 कांडों में 3 में प्रस्ताव भेजा गया। लहसुना, कादिरगंज, धनरूआ समेत सभी थानों में लंबित मामलों के जल्द निपटारे का निर्देश दिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि कुल 44 कांडों में से 40 में मुआवजा प्रस्ताव भेजा जा चुका है, जबकि 4 प्रस्ताव लंबित हैं, जिसे जल्द भेजने का निर्देश दिया गया है।

### चित्रकला प्रतियोगिता व जागरूकता रैली आयोजित

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीआरपीएफ मोकामा घाट में गुरुवार को 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत



'पच्चीस करोड़ बच्चों के सपनों का भारत' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता, चित्र प्रदर्शनी एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कलाकृतियों और प्रेरक नारों के माध्यम से सेवा भावना, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया।कार्यक्रम का नेतृत्व प्रभारी प्राचार्य सुनील कुमार जैसवारा ने किया।चित्रकला प्रतियोगिता के बाद विद्यार्थियों की कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई। इसके बाद जागरूकता रैली निकालकर लोगों को सेवा, स्वच्छता, सामाजिक दायित्व और राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूक किया गया।आयोजन को सफल बनाने में कला शिक्षक मृत्युंजय कुमार, रजनीश शुक्ला, दीपिका कुमारी, सुमंतो गंगोपाध्याय, नवीन कुमार झा एवं शिवम कुमार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों की रचनात्मकता को सेवा भावना और राष्ट्र निर्माण के संकल्प से जोड़ने का प्रयास किया गया।

### रक्तदान शिविर में 30 जवानों ने किया रक्तदान

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत सरकार के दिशा-निर्देश पर 'स्वच्छता ही सेवा' महाअभियान के तहत गुरुवार को 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' राष्ट्रव्यापी श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी




कड़ी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल , ग्रुप केंद्र मोकामाघाट की ओर से मोकामा बस स्टैंड और बाजार परिसर में संयुक्त साफ-सफाई अभियान चलाया गया।अभियान में सीआरपीएफ जवानों के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्रुप केंद्र के कमांडेंट राम बिलास गुप्ता के नेतृत्व में राजपत्रित अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी और अन्य रैंक के जवानों ने बाजार एवं बस स्टैंड परिसर में फैले कचरे की सफाई की। इस दौरान लोगों से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फैलाने की अपील की गई।कार्यक्रम के दौरान ह्यएक दिन, एक घंटा, एक साथह्न के संकल्प के साथ स्वच्छता को सामूहिक जिम्मेदारी बनाने का संदेश दिया गया। सीआरपीएफ अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छ वातावरण के लिए आम लोगों की सहभागिता बेहद जरूरी है।स्वच्छता अभियान के बाद ग्रुप केंद्र के कैंप परिसर में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में सीआरपीएफ के करीब 25 से 30 जवानों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। जवानों ने रक्तदान को मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए अन्य लोगों को भी जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने का संदेश दिया।

### निःशुल्क विधिक सहायता केंद्र का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ, के प्रांगण में निःशुल्क विधिक सहायता केंद्र चलाया जा रहा है। समय-समय पर अलग-अलग स्थानों पर शिविर लगाया जाता है जिससे समाज के कमजोर वर्ग के लोग लाभान्वित होते हैं। इस शिविर के आयोजन का उद्देश्य महिलायें, बच्चे, आधुनिक कामगार, सामूहिक आपदा, हिंसा के शिकार, दिव्यांगजन और आम लोगों को सामान्य विधिक जानकारी देना तथा उनके किसी भी मसलों को यथासंभव समाधान देना होता है।

## गंगा देवी महिला महाविद्यालय में एम.लिस. के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन मीट का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गंगा देवी महिला महाविद्यालय में मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इनफार्मेशन साइंस (M.L.I.S.) के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन मीट का आयोजन 1 अक्टूबर 2026 को किया गया। कार्यक्रम में डॉ. विमला चौधरी, कार्यवाहक प्रभारी, प्रो. प्रेमांशी



जैदेवा, बी.सी.ए. समन्वयक, तथा डॉ. रचना जायसवाल, बर्सर, सहित एम.लिस. के संकाय सदस्य उपस्थित रहे। डॉ पौलोमी घोष, एम.लिस. समन्वयक, ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को जिज्ञ-ासा, अन्वेषण और निरंतर सीखने की भावना के साथ अपने स्नातकोत्तर अध्ययन की शुरूआत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने डिजिटल प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों, डिजिटल लाइब्रेरी, सूचना प्रबंधन तथा तकनीक आधारित सूचना सेवाओं के विकास के से छात्राओं को अवगत कराया। डॉ. विमला चौधरी, कार्यवाहक प्रभारी, ने महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे शैक्षणिक संसाधनों और अवसरों का अधिकतम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। प्रो. प्रेमांशी जैदेवा, बी.सी.ए. समन्वयक, डॉ. रचना जायसवाल, बर्सर, ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें अपनी पढ़ाई के प्रति प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

## मसौढ़ी में एटीएम में फेविक्विक लगाकर 84 हजार की ठगी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में एटीएम ठगी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। ठगों ने एटीएम मशीन में फेविक्विक लगाकर एक व्यक्ति का कार्ड फंसा लिया और उसके खाते से 84,142 रुपये निकाल लिए, जिसमें से 64 हजार की सोने की चेन भी खरीद ली गई।पीड़ित राजीव कुमार, पिता स्व. धनंजय राम, ग्राम किस्तीपुर, पोस्ट सांडा, थाना धनरूआ ने मसौढ़ी थाने में लिखित शिकायत दी है। आवेदन में उन्होंने बताया कि दोपहर 1 से 3 बजे के बीच वह मसौढ़ी टेंपू स्टैंड के पास धनरूआ रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम में 20,000 रुपये निकालने गए थे। पैसा निकालने के दौरान नोटों पर फेविक्विक जैसा पदार्थ लगा था। इसी दौरान पीछे से एक अज्ञात व्यक्ति आया और हेरा-फेरी कर उनका एटीएम बदल दिया और एक टोल फ्री नंबर 9771045642 पर कॉल करने को कहा। एटीएम मशीन में भी फेविक्विक चिपका होने के कारण कार्ड मशीन में ही फंस गया।

## विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में टी.पी.एस. कॉलेज का शानदार प्रदर्शन

### स्वर्ण पदकों के साथ ताइक्वांडो में तृतीय स्थान और कराटे में उपविजेता ट्रॉफी



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर-महाविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं 2026-27 में टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ताइक्वांडो, कराटे एवं बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं में कई स्वर्ण पदक अर्जित किए। 28 एवं 29 सितंबर को आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अर्पितामा राज ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। उनके प्रदर्शन के आधार पर टी.पी.एस. कॉलेज ने समग्र महाविद्यालय प्रदर्शन में तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं 30 सितंबर को आयोजित कराटे प्रतियोगिता में प्रीति राज, अपराजिता सिंह एवं राज लक्ष्मी ने अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर कॉलेज को बालिका वर्ग की उपविजेता ट्रॉफी दिलाई। इसी दिन बी.डी. कॉलेज में आयोजित बॉक्सिंग प्रतियोगिता में राहुल कुमार ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। इस शानदार उपलब्धि पर प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के अनुशासन, नियमित अभ्यास, कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। खेल प्रभारी डॉ. सुशोभन पलाधी ने भी सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दीं। डॉ. मुकुंद कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय स्तर पर टी.पी.एस. कॉलेज के खिलाड़ियों की लगातार उपलब्धियाँ महाविद्यालय की सुदृढ़ होती खेल संस्कृति को दर्शाती हैं।

### पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय अंतर-महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता

## ताइक्वांडो एवं बॉक्सिंग में रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय के खिलाड़ियों का दबदबा, जीते कई पदक




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की अंतर-महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता 2026 के अंतर्गत आयोजित ताइक्वांडो एवं बॉक्सिंग स्पधाओं में रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन की छाप छोड़ते हुए संस्थान का नाम रोशन किया। जे.डी. वीमेंस कॉलेज द्वारा आयोजित ताइक्वांडो चैंपियनशिप में आर.के.डी. कॉलेज के अभिनव राज ने पुरुष वर्ग की 58-63 किलोग्राम भार वर्ग श्रेणी में स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) पर कब्जा जमाया। वहीं बी.डी. कॉलेज के प्रांगण में संपन्न हुई अंतर-महाविद्यालय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रामकृष्ण द्वारिका कॉलेज की पांच सदस्यीय टीम के सभी पांचों मुक्केबाजों ने पदक जीतकर शत-प्रतिशत सफलता हासिल की, जिसमें 3 स्वर्ण और 2 रजत पदक शामिल हैं ।अश्विन प्रकाश ने 90 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक, सक्षम शिखर ने 70-75 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक एवम अमन कुमार ने 48-51 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक जीता। संजना कुमारी ने महिला वर्ग के 45-48 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि सोनम कुमारी ने महिला वर्ग के 51-54 किग्रा भार वर्ग में कड़े मुकाबले के बाद रजत पदक जीता। प्राचार्या प्रो. (डॉ.) सीता सिन्हा ने सभी पदक विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई दी और कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यार्थियों का यह समर्पण अनुकरणीय है। उन्होंने महाविद्यालय की खेल प्रभारी (स्पोर्ट्स इंचार्ज) डॉ. जया दीक्षित के कुशल मार्गदर्शन, निरंतर प्रोत्साहन और सफल नेतृत्व की विशेष रूप से सराहना की।

## मसौढ़ी में दुर्गा पूजा के नाम पर डॉक्टर से 3100 की ठगी

### 15 हजार चंदा मांगने पहुंचे थे दो युवक

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी गांधी मैदान स्थित अनन्या सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के चिकित्सक डॉ. धीरज कुमार धीरू से दुर्गा पूजा के चंदा के नाम पर 3100 रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। दो युवक खुद को पूजा समिति का सदस्य बताकर अस्पताल पहुंचे और 15 हजार रुपये चंदा की मांग करने लगे। पीड़ित चिकित्सक के अनुसार दोनों युवक हाथ में एक कॉपी लेकर आए थे और थाना के पास भव्य दुर्गा पूजा पंडाल बनाने की बात कह रहे थे। अधिक राशि देने में असमर्थता जताने पर उन्होंने कम राशि देने को कहा और ऑनलाइन पेमेंट के लिए एक मोबाइल नंबर दे दिया। हलांकि दोनों के पास चंदा वसूली की कोई अधिकृत रसीद नहीं थी। भरोसा दिलाने के लिए उन्होंने दावा किया कि मसौढ़ी के सभी बड़े डॉक्टरों ने चंदा दिया है। उनकी बातों में आकर डॉ. धीरज ने दिए गए नंबर पर 3100 रुपये भेज दिए।

## बसेरा अभियान 2.0 : अंचल कार्यालय में अचानक आवेदन बंद, दूर से आई महिलाओं ने किया हंगामा

### आवेदन के साथ किया प्रदर्शन



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी बसेरा अभियान 2.0 के तहत मसौढ़ी अंचल कार्यालय में भूमिहीन परिवारों से 3 डिसमिल जमीन के लिए आवेदन लिया जा रहा था। सरकार की इस योजना से गरीब, भूमिहीन परिवारों में खुद के आशियाने का सपना एक बार फिर जाग उठा था। लेकिन गुरुवार को अचानक अंचल कार्यालय के बाहर पम्पलेट सटाकर आवेदन की तिथि समाप्त होने की सूचना चस्पा कर दी गई, जिसके बाद कार्यालय परिसर में अफरा-तफरी और हंगामे की स्थिति बन गई। जानकारी के अनुसार पिछले कई दिनों से अंचल कार्यालय में विशेष शिविर लगाकर भूमिहीनों से आवेदन लिया जा रहा था। शुक्रवार को भी सुदूर ग्रामीण इलाकों से सैकड़ों महिला-पुरुष सुबह से ही कड़ी धूप में किराया-भाड़ा खर्च कर अंचल कार्यालय पहुंचे थे। काफी देर तक इंतजार के बाद उन्हें पता चला कि अब आवेदन लेना बंद कर दिया गया है। इसको लेकर आक्रोशित महिलाओं ने हंगामा शुरू कर दिया। मसौढ़ी के निशियांवा से आई धर्मशिला देवी, धनौती से संगीता देवी, थलपुरा से आरती देवी, हसनपुरा से शिकारी देवी, रेवा से अनीता देवी, लहसुना से बसिया देवी समेत दो दर्जन से अधिक महिलाओं ने इसे सरकारी लापरवाही बताया। महिलाओं ने कहा कि अगर आवेदन बंद होने की जानकारी पहले से दे दी जाती तो हम लोग इतनी दूर से भाड़ा लगाकर चिलचिलाती धूप में अंचल कार्यालय नहीं आते। सुबह से शाम तक बैठे रहे, लेकिन आवेदन रिसीव नहीं किया गया। हमारे गांव में विकास मित्र, टोला सेवक, पंचायत सचिव या मुखिया के माध्यम से इसकी सूचना तक नहीं दी गई।महिलाओं का कहना था कि आवेदन अचानक क्यों बंद किया गया और दोबारा कब लिया जाएगा, इसकी भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। वहीं इस पूरे मामले में अंचलाधिकारी से संपर्क करने के लिए उनके सरकारी मोबाइल नंबर पर कई बार फोन किया गया, लेकिन मोबाइल स्विच ऑफ मिला।इधर स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बसेरा योजना के तहत आवेदन की तिथि बढ़ाई जाए और पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कर सभी भूमिहीनों को इसकी जानकारी दी जाए।

## 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की लाइव क्विज प्रतियोगिता में पटना बना विजेता

### टीएमकेओसी क्लब हाउस ऐप पर धूम मचाई; लाखों लोग हुए शामिल



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोनी सब और नीला फिल्म प्रोडक्शन्स, भारत के सबसे लंबे समय तक चलने वाले और सबसे प्रिय पारिवारिक मनोरंजन शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा (टीएमकेओसी) के निमार्ता, ने शो की 18-दिवसीय लाइव क्विज को सफलतापूर्वक संपन्न किया है, जिसे शो की 18वीं वर्षगांठ के उत्सव का हिस्सा बनाकर आयोजित किया गया था। 1 से 21 अगस्त तक आयोजित इस क्विज में देशभर से लाखों दर्शकों ने भाग लिया, जिससे प्रशंसक अपने पसंदीदा शो 'टीएमकेओसी', उसके किरदारों और गोकुलधाम सोसाइटी की दुनिया का उत्सव मनाने के लिए एकजुट हुए। जैसे-जैसे विजेताओं की घोषणा हो रही है, सुनील मित्तल और उनका परिवार पटना से विजेता परिवारों में शामिल हुआ है। टीएमकेओसी क्लब हाउस ऐप पर लाइव आयोजित, शो का आधिकारिक डिजिटल साथी, इस क्विज ने पूरे भारत के प्रशंसकों को गोकुलधाम सोसाइटी और उसके प्रिय निवासियों के बारे में अपनी जानकारी वास्तविक समय में परखने का अवसर दिया। क्विज से आगे भी यह ऐप प्रशंसकों को रोमांचक पुरस्कार देता है, जो उनके पसंदीदा टीएमकेओसी किरदारों पर आधारित मिनी गेम टूर्नामेंट्स के जरिए उपलब्ध होते हैं और टीएमकेओसी यूनिवर्स को एक नया और इंटरैक्टिव आयाम प्रदान करते हैं। सुनील मित्तल और उनका परिवार गोकुलधाम सोसाइटी के प्रतिष्ठित सेट पर जाने का विशेष अवसर पाएगा, जहाँ वे तारक मेहता का उल्टा चश्मा की शूटिंग को नजदीक से देख सकेंगे और शो की 18 साल की उपलब्धि को कलाकारों के साथ मिलकर मना सकेंगे, जैसा कि क्विज की शर्तों में बताया गया है।

## महिला का एटीएम कार्ड बदलकर 30 हजार की ठगी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में एटीएम ठगी का एक और मामला सामने आया है। सोनकुकरा रोड निवासी सुषमा कुमारी पति कौशलेंद्र प्रसाद के साथ ठगों ने एटीएम कार्ड बदलकर 30 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़िता ने मसौढ़ी थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। थाने को दिए आवेदन में सुषमा कुमारी ने बताया है कि सुबह करीब 11 बजे वह पैसा निकालने के लिए गई थी। करीब 1 एटीएम कार्ड मशीन में लगाया लेकिन पैसा नहीं निकला। दोबारा कोशिश करने पर भी पैसा नहीं निकला। तभी पीछे खड़े एक युवक ने कहा कि आपका एटीएम कार्ड फंस गया है और एटीएम खराब है। इसी दौरान हेरा-फेरी कर उनका कार्ड बदल दिया।

## मसौढ़ी में प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य को लेकर किसान गोष्ठी आयोजित

### जैविक खेती पर दिया जोर




**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) के द्वारा मसौढ़ी प्रखंड कृषि कार्यालय परिसर में गुरुवार को एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का मुख्य विषय 'प्राकृतिक खेती एवं मृदा स्वास्थ्य सह संतुलित उर्वरक प्रबंधन' रखा गया था। गोष्ठी की अध्यक्षता आत्मा अध्यक्ष पिंटू सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सुधीर कुमार साह, जिला परिषद प्रतिनिधि विजय यादव, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजीव कुमार, कृषि समन्वयक विजय कुमार एवं रविकांत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। गोष्ठी में मसौढ़ी प्रखंड के सभी पंचायतों से सैकड़ों की संख्या में किसान शामिल हुए। किसानों को संबोधित करते हुए अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सुधीर साह ने कहा कि लगातार रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम हो रही है। इसलिए किसानों को समय-समय पर अपनी मिट्टी की जांच करानी चाहिए और मिट्टी जांच कार्ड के अनुसार ही उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है। इसमें गोबर खाद, वर्मी कम्पोस्ट, जीवामृत, घनामृत जैसे जैविक खादों के प्रयोग से लागत भी कम आती है और उपज की गुणवत्ता भी बेहतर होती है।वहीं पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजीव कुमार ने खेती के साथ पशुपालन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पशुपालन और जैविक खेती एक दूसरे के पूरक हैं। पशुओं से प्राप्त गोबर व मूत्र से ही जैविक खाद तैयार होता है जो खेत के लिए अमृत है। साथ ही पशुपालन किसानों की आय दोगुनी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।जिला परिषद प्रतिनिधि विजय यादव ने किसानों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।कार्यक्रम के अंत में किसानों ने खाद-बीज, सिंचाई और मंडी से संबंधित अपनी समस्याएं भी रखीं, जिनके समाधान का आश्वासन अधिकारियों ने दिया। मौके पर प्रखंड के सभी किसान सलाहकार, बड़ी संख्या में किसान व कृषि विभाग के कर्मी मौजूद थे।

C M Y K

## संक्षिप्त समाचार

### नदी में पैर फिसलने से डूबकर मौत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ अनुमंडल के बेलछी प्रखंड अंतर्गत वराह गांव में नदी में डूबने से 49 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान वराह गांव निवासी कमलेश कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि बुधवार को कमलेश कुमार नदी के पास गए थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में चले गए। देखते ही देखते वे नदी में डूब गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और नदी में उनकी तलाश शुरू की गई। बुधवार को काफी खोजबीन के बावजूद उनका कोई पता नहीं चल सका। गुरुवार को प्रशासन की टीम ने दोबारा तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान गांव से करीब दो से तीन किलोमीटर आगे नदी से कमलेश कुमार का शव बरामद किया गया। शव मिलने की सूचना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे। मृतक के भाई अखिलेश प्रसाद ने बताया कि कमलेश कुमार गांव में रहकर खेती-बाड़ी का काम करते थे। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

### नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण कार्यक्रम आयोजित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सेवा संकल्प अभियान के तहत आज शिवा आई हॉस्पिटल, बड़ा बरियारपुर, दुर्गा चौक, एन एच -28, मोतिहारी में नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों की टीम द्वारा जरूरतमंद लोगों की नेत्र जांच की गई। जाँच के उपरांत आवश्यकतानुसार गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को चश्मा एवं आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, सहयोगियों एवं सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करना सेवा संकल्प अभियान का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। ऐसे स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से लोगों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीता शर्मा, उत्तरी मण्डल महामंत्री उत्तम मिश्रा सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।



### जनसमस्याओं को लेकर भाकपा-माले ने छपरा सदर प्रखंड मुख्यालय पर दिया धरना

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनसमस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भाकपा-माले ने छपरा सदर प्रखंड मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया। धरना के बाद पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी को सात सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में सभी भूमिहीन गरीब परिवारों को पांच डिसमिल जमीन देने और जहां गरीब बसे हैं, उन्हें वासगीत पर्चा देने, राशन कार्ड से वंचित एवं सूची से हटाए गए लोगों के नाम जोड़ने तथा निर्धारित मात्रा और समय पर राशन उपलब्ध कराने की मांग की गई। इसके अलावा वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ देने और पेंशन राशि बढ़ाकर तीन हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग उठाई गई। भाकपा-माले ने प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित गरीब परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने, मतदाता सूची से छूटे या हटाए गए गरीबों के नाम की जांच कर उन्हें जोड़ने की भी मांग की। खलपुरा, मेहिया, रौजा पोखरा सहित विभिन्न गरीब मोहल्लों में पक्की सड़क निर्माण कराने तथा माला गांव के पोखरे का सौंदर्यीकरण, छठ घाट, नाला और पक्की सड़क का निर्माण कराने की मांग भी शामिल रही। भाकपा-माले के सारण जिला सचिव हंसनाथ राम ने कहा कि जिले के गरीब मोहल्लों में राशन, पेंशन, आवास और भूमि सहित बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं बनी हुई हैं। उन्होंने प्रशासन से मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो गरीबों, मजदूरों और युवाओं को संगठित कर आंदोलन किया जाएगा। आइसा जिला अध्यक्ष कुणाल कौशिक ने माला गांव की जर्जर सड़क और ऐतिहासिक पोखरे की स्थिति का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने से स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को परेशानी होती है। पोखरे में गाद और अतिक्रमण के कारण जलस्तर एवं पानी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। उन्होंने पोखरे की सफाई, गाद निकासी और सौंदर्यीकरण कराने की मांग की। कार्यक्रम में भाकपा-माले जिला कमेटी सदस्य बिजेन्द्र मिश्रा, आइसा जिला सचिव विकास कुमार, राजलक्ष्मी, अखिलेश, हिमांशु और नीरज सहित अन्य लोग मौजूद थे।





### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सारण के प्रांगण में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सारण अनंत कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन के बाद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। न्यायिक कार्यप्रणाली से जुड़े लोगों के साथ-साथ आम नागरिकों के लिए भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना आवश्यक है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से आयोजित ऐसे सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की सराहना की। शिविर में न्यायिक पदाधिकारियों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं एवं आम नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान रक्तचाप, ब्लड शुगर और सामान्य स्वास्थ्य की जांच के साथ आवश्यक चिकित्सीय परामर्श भी निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय अनुराग कुमार त्रिपाठी, विशेष पॉक्सो न्यायाधीश स्मिता राज सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार तथा मुख्य लीगल एड डिफेंस काउंसिल पूर्णेन्दु रंजन ने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शिविर के सफल संचालन में वरिष्ठ चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर व्यवहार न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारी, कर्मचारी, पैनल अधिवक्ता और बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद रहे।



### स्वच्छता ही सेवा-2026 अभियान के तहत स्वच्छता एवं सम्मान शिविर का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वच्छता ही सेवा-2026 अभियान के तहत नगर निगम मोतिहारी कार्यालय परिसर स्थित सभा भवन में स्वच्छता एवं सम्मान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य नगर निगम के स्वच्छता साथियों एवं उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य की देखभाल के साथ - साथ उनके प्रति सम्मान, संवेदनशीलता एवं सहयोग की भावना को मजबूत करना रहा। शिविर में महापौर श्रीमती प्रीति कुमारी जी, नगर प्रबंधक, स्वच्छता पदाधिकारीगण एवं नगर निगम के स्वच्छता साथी उपस्थित रहे। इस दौरान स्वच्छता साथियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए उनके लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर में स्वच्छता साथियों एवं उनके परिवारजनों की आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के उपरांत चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार आवश्यकता वाले लोगों को निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं, ताकि उन्हें समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। इस अवसर पर नगर निगम की ओर से स्वच्छता साथियों से अपील की गई कि वे अपने परिवार के साथ ऐसे स्वास्थ्य एवं कल्याणकारी शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हों और उपलब्ध निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाएं। महापौर श्रीमती प्रीति कुमारी जी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में स्वच्छता साथियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# बाढ़ प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य विभाग की मुस्तैदी, मेडिकल टीमों ने संभाला मोर्चा

**बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं पर विशेष नजर**





**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि के बाद अमनौर, मकेर, पानापुर और तरैया प्रखंड के कई गांव बाढ़ की चपेट में हैं। बाढ़ प्रभावित लोगों को सुरक्षित रखने और उन्हें समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन के साथ स्वास्थ्य विभाग भी पूरी मुस्तैदी से जुटा है। प्रभावित क्षेत्रों में मेडिकल टीमों की तैनाती कर लगातार स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच के साथ आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया जा रहा है और जरूरत के अनुसार निःशुल्क दवाओं का वितरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें जीवन रक्षक एवं आवश्यक दवाओं के साथ बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंच रही हैं। टीम के सदस्य शिविरों में पहुंचकर लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी ले रहे हैं तथा बीमार लोगों की जांच कर उन्हें उपचार एवं दवा उपलब्ध करा रहे हैं। बाढ़ के दौरान जलजनित बीमारियों, सर्दी-जुकाम, बुखार, त्वचा संबंधी समस्या सहित अन्य संभावित स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर भी लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है।

**बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान**

बाढ़ की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया है। गर्भवती महिलाओं की अलग से लाइन लिस्ट तैयार की जा रही है, ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें समय पर चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जा सके। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच, पोषण और सुरक्षित प्रसव से संबंधित आवश्यक परामर्श भी दिया जा रहा है।

**चार प्रखंडों में कई मेडिकल टीमें सक्रिय**

जिला स्वास्थ्य समिति का डीपीएम अरविंद कुमार ने बताया कि वर्तमान में मकेर प्रखंड में दो अस्थायी मेडिकल टीमों के साथ तीन मोबाइल मेडिकल टीमें सक्रिय हैं। वहीं अमनौर में दो, तरैया में चार और पानापुर में छह मेडिकल टीमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही हैं। पानापुर में तैनात छह टीमों में दो मोबाइल टीमें भी शामिल हैं, जो जरूरत के अनुसार अलग-अलग प्रभावित इलाकों में पहुंचकर लोगों की जांच कर रही हैं। स्वास्थ्य विभाग ने आने वाले दिनों में भी टीमों की संख्या बढ़ाकर स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने की तैयारी की है। शुक्रवार से मकेर प्रखंड में पांच, अमनौर में पांच, तरैया में चार और पानापुर में छह मेडिकल टीमें सक्रिय रूप से कार्य करेंगी। इन टीमों के माध्यम से बाढ़ प्रभावित गांवों में लगातार स्वास्थ्य जांच, दवा वितरण और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श की व्यवस्था जारी रहेगी।

**आपात स्थिति के लिए भी स्वास्थ्य विभाग तैयार**

सिविल सर्जन डॉ राजकुमार चौधरी ने बताया कि बाढ़ के दौरान किसी भी तरह की स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल टीमों को आवश्यक एवं जीवन रक्षक दवाओं के साथ तैयार रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य प्रभावित आबादी तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है, ताकि बाढ़ के बीच किसी भी व्यक्ति को इलाज या आवश्यक दवाओं के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े। डीपीसी रमेश चंद्र कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से राहत एवं बचाव अभियान के साथ स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियों की भी लगातार निगरानी की जा रही है। प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति के अनुसार मेडिकल टीमों की तैनाती और उनकी संख्या में आवश्यक बदलाव किया जा रहा है।

**चंपारण तटबंध सहित सभी रिंग बांध सुरक्षित**

## जिले के वरीय पदाधिकारियों ने की रात्रि में पेट्रोलिंग



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेपाल के तराई क्षेत्रों में अत्यधिक वृष्टि एवं वाल्मीकिनगर बराज से गंडक नदी में भारी मात्रा में जल श्राव के कारण पूर्वी चम्पारण जिले के अरेराज, केसरिया एवं संग्रामपुर प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों एवं निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। प्रभावित क्षेत्रों के बांधों के सतत निगरानी एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को दिनांक - 30.09. 2026 की रात्रि से दिनांक 01.10.2026 के पूर्वाह्न 06:00 बजे तक उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार को संग्रामपुर प्रखंड के लिए, सहायक समाहर्ता राजकृष्ण झा को अरेराज प्रखंड के लिए एवं अपर समाहर्ता विभागीय जांच मो सिबगतुल्लाह को केसरिया प्रखंड के निगरानी के लिए प्रतिनियुक्त किया गया था। उक्त आलोक में वरीय पदाधिकारी गण द्वारा पुलिस पदाधिकारी,बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के अभियंता गण, जल निसरण प्रमंडल के अभियंतागण के साथ अनुमंडल पदाधिकारी एवं स्थानीय प्रशासन के साथ रात्रि में लगातार पेट्रोलियम किया गया। चंपारण तटबंध सहित अन्य सभी रिंग बांध सुरक्षित हैं।

## जमीन विवाद में गोलीबारी, युवक को लगी गोली

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के मुकीमपुर गांव में बुधवार की रात हुई गोलीबारी की घटना में एक युवक गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान मुकीमपुर निवासी दशरथ यादव (29) के रूप में हुई है। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार, दशरथ का किसी से व्यक्तिगत विवाद नहीं था और वह दो पक्षों के बीच चल रहे जमीन विवाद की कथित गोलीबारी की चपेट में आ गया। ग्रामीणों के मुताबिक, गांव में मुस्लिम समुदाय के एक व्यक्ति नामो मियां की जमीन है, जहां अब कोई नहीं रहता है। उक्त जमीन पर कब्जे और वर्चस्व को लेकर दो पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि फिलहाल जमीन पर हनुमान यादव का कब्जा है और वहां दुग्ध सेंटर संचालित किया जा रहा है। ग्रामीण राजबल्लभ यादव ने बताया कि जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच अलग-अलग दावे हैं।

## बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए राहत सामग्री एवं पेयजल से लदी गाड़ियों को सांसद राधा मोहन सिंह ने किया रवाना



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गोविन्दगंज एवं हरसिद्धि विधानसभा क्षेत्रों में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए आज गांधी ऑडिटोरियम, मोतिहारी से बड़ी मात्रा में राहत सामग्री एवं पेयजल से लदी वाहनों को सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने रवाना किया।इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि बाढ़ एक प्राकृतिक आपदा है और इस कठिन परिस्थिति में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा होना हम सभी की जिम्मेदारी है। शासन एवं प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ राहत एवं बचाव कार्य में जुटा हुआ है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी, मोतिहारी द्वारा भी बाढ़ प्रभावित लोगों तक पेयजल एवं आवश्यक राहत सामग्री पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यकतानुसार राहत सामग्री एवं पेयजल उपलब्ध कराने के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता भी प्रभावित परिवारों तक सहायता पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। राहत सामग्री एवं पेयजल लेकर रवाना हुई गाड़ियों के माध्यम से गोविन्दगंज एवं हरसिद्धि विधानसभा क्षेत्रों के बाढ़ प्रभावित लोगों तक आवश्यक सहायता पहुंचाई जाएगी। इस अवसर पर बिहार मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी, उप महापौर लालाबाबू प्रसाद, जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद, चंदन सिंह एवं सन्नी सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत बाढ़ में चला सफाई अभियान

**नगर परिषद अध्यक्ष समेत कर्मियों ने की सड़कों की सफाई**



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद बाढ़ की ओर से 'स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026' के तहत शहर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नगर परिषद के कर्मियों, वार्ड पार्षदों एवं अधिकारियों ने सड़कों और आसपास के क्षेत्रों की सफाई की। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष संजय कुमार उर्फ गायमाता, कार्यपालक पदाधिकारी, स्वच्छता पदाधिकारी सहित नगर परिषद के कर्मी और वार्ड पार्षद मौजूद रहे। बताया गया कि 'स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026' 17 सितंबर से शुरू होकर 17 अक्टूबर तक चलेगा। इस वर्ष अभियान का थीम 'स्वच्छता में सहभागिता; स्वच्छ भारत, विकसित भारत' रखा गया है। अभियान का उद्देश्य स्वच्छ भारत मिशन के तहत जन भागीदारी को बढ़ावा देना और स्वच्छता के प्रति लोगों में सामूहिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। अभियान के दौरान लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के संबंध में भी जानकारी दी जा रही है, ताकि आम लोगों सहित विभिन्न हितधारकों को कचरा प्रबंधन और स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास हो सके। नगर परिषद अध्यक्ष संजय कुमार उर्फ गायमाता ने कहा कि लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से नगर परिषद के कर्मी स्वयं सफाई अभियान में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और कूड़ा-कचरा इधर-उधर न फैलाएं। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ रखने के लिए प्रशासन के साथ-साथ आम नागरिकों की सहभागिता भी बेहद जरूरी है।

## आंगन मिलन कार्यक्रम के तहत गोदभराई का आयोजन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महिला एवं बाल विकास विभाग के आंगन मिलन कार्यक्रम के तहत गुरुवार को मसौढ़ी प्रखंड के निसियावां गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 235 पर गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र पर पारंपरिक लोक गीतों और पूरे विधि-विधान व रस्मो-रिवाज के साथ एक गर्भवती महिला की गोदभराई की गई। इस दौरान गर्भवती महिला की आरती उतारी गई, माथे पर टीका लगाया गया और पोषाहार की टोकरी भेंट की गई। इस मौके पर सीडीपीओ अनीता कुमारी ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर आंगन मिलन सह पोषण पखवाड़ा चलाया जा रहा है। उसी कार्यक्रम के तहत आज गोदभराई की रस्म निभाई गई है। इसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना है।

## एस.यू. कॉलेज हिलसा में हलचल - हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. घनश्याम कुमार ने सभी अतिरिक्त प्रभारों से दिया त्यागपत्र



**दनियावां/हिलसा/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पौराणिक सूर्य मंदिर परिसर के शांत सरोवर के समीप अवस्थित श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय हिलसा के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. घनश्याम कुमार ने अपने जिम्मे चल रहे सभी अतिरिक्त प्रभार वाले पदों से त्यागपत्र दे दिया है। मिली जानकारी के अनुसार डॉ. कुमार ने प्राचार्य डॉ. शिवचंद्र सिंह को अलग-अलग पत्र सौंपकर अपना इस्तीफा दिया है। इनमें - 1. एनएसपी नोडल ऑफिसर पद से त्यागपत्र 2. प्रभारी संस्कृत, पालि, उर्दू विभाग से त्यागपत्र 3. पुस्तकालय प्रभारी पद से त्यागपत्र 4. शिक्षक संघ के नाम पर वेतन से की गई कटौती की राशि वापस करने हेतु पत्र शामिल है। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ0 राजीव नयन सिंह व प्रधान सहायिका सुभद्रा सिन्हा को उन्होंने इस आशय का पत्र भी थमा दिया। कुछ दिन पहले भी छात्र संघ प्रतिनिधियों के द्वारा कुछ मुद्दों पर असहमति के कारण उनका हॉट टॉकिंग भी हो गया था। छात्रों और सहयोगियों से बातचीत में उनके इस फैसले पर दुःख जताया जा रहा है। कई छात्रों ने इसे बेहद अफसोसजनक बताया है। छात्र संघ के प्रतिनिधि विभूति यादव, पंकज यादव, रिशु पटेल, आशीष कुमार, नीतीश कुमार, रौशन मिश्रा ने उनके प्रति सहानुभूति व्यक्त करते जुए कहा कि किसी का सेंटिमेंट आहत हुआ होगा तभी ऐसे कदम उठाए होंगे। डॉ. घनश्याम कुमार ने बताया कि कुछ व्यक्तिगत और विभागीय कारणों से उन्होंने यह निर्णय लिया है।

## अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस समारोह आयोजित

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार पेंशनर समाज मसौढ़ी शाखा का स्थापना दिवस समारोह गुरुवार को पेंशनर भवन मसौढ़ी में धूमधाम से मनाया गया। अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस होने के कारण प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी शाखा द्वारा 80 वर्ष से अधिक आयु के अति वरिष्ठ सदस्यों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में वरिष्ठ पेंशनरों को घड़ी, छाता, फूल-माला, अंगवस्त्र और रामचरितमानस की पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। जिसमें कई वरिष्ठ पेंशनर शामिल थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता पेंशनर समाज मसौढ़ी के अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद ने की, जबकि संचालन प्रो. सुबोध कुमार ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मसौढ़ी विधायक अरूण मांझी,, विशिष्ट अतिथि पूर्व मुख्य पार्षद पंकज प्रभु एवं वार्ड-5 की वार्ड पार्षद उर्वशी कुमारी ने अपने विचार रखे और पेंशनरों के योगदान को सराहा।

## शहर के बड़े कपड़ा व्यवसायी के यहां जीएसटी का छापा

**व्यवसायी ने तत्काल किए 40 लाख रुपये GST जमा**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वाणिज्य - कर आयुक्त - सह -सचिव, बिहार, पटना के निर्देश पर मोतिहारी के पंचमंदिर चौक स्थित एम.एस. त्रिदेव वस्त्रालय में जीएसटी विभाग की निरीक्षण की कार्रवाई जारी है। यह कार्रवाई जीएसटी विभाग, मोतिहारी एवं जीएसटी अन्वेषण ब्यूरो, मुजफ्फरपुर की संयुक्त टीम द्वारा की जा रही है। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान की लेखा-पुस्तों, खरीद-बिक्री अभिलेखों, जीएसटी रिटर्न, कर भुगतान विवरण, स्टॉक रजिस्टर, इनवॉयस तथा अन्य संबंधित दस्तावेजों की जांच की जा रही है। इसके साथ ही उपलब्ध माल का भौतिक सत्यापन कर उसका खरीद अभिलेखों एवं लेखांकन में दर्ज स्टॉक से मिलान किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में प्रतिष्ठान में करोड़ों रुपये मूल्य का स्टॉक पाए जाने की जानकारी सामने आई है। उपलब्ध स्टॉक, खरीद-बिक्री अभिलेखों एवं जीएसटी रिटर्न में घोषित टर्नओवर एवं उस पर देय जीएसटी के भुगतान की स्थिति का भी परीक्षण किया जा रहा है।

## हिंदी माह के अंतर्गत संघ की राजभाषा नीति पर परिचर्चा का आयोजन




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के राजभाषा प्रकोष्ठ एवं हिंदी विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में हिंदी माह के अंतर्गत संघ की राजभाषा नीति पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अंगवस्त्र, पौधा और प्रतीक चिह्न से अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो संजय श्रीवास्तव ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि हिंदी राजभाषा के रूप में निरंतर प्रगति कर रही है। कार्यक्रम की शुरूआत में हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. श्याम नंदन ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि राजभाषा हिंदी पर जब भी बात हो भारत के संघीय ढांचे को देख कर हो। हिंदी सिर्फ अठारह बोलियों का समूह मात्र नहीं है बल्कि वह देश की आम जनता के संपर्क की भाषा है। मीडिया अध्ययन विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सुनील दीपक घोडके ने कहा कि जल्दबाजी में लिखा गया साहित्य, साहित्य नहीं बल्कि समाचार होता है। और इसी क्रम में उन्होंने कहा कि हिंदी की पहली पत्रिका उदंत मार्तंड से लेकर वर्तमान तक हिंदी निरंतर प्रगति करती कर रही है। इसी कड़ी में डॉ. दीपक, सहायक आचार्य, अंग्रेजी विभाग ने कहा कि कोई भी भाषा उसके साहित्यकारों से, बोलने वालों तथा लिखने वालों से ही समृद्ध होती है इसीलिए भाषा को बचाने का काम हमारा है। संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. बबलू पाल ने एक विद्वान के कथन का जिक्र करते हुए कहा कि हिंदी के विकास में 12 प्र. - प्रेरणा, प्रोत्साहन, प्रेम, पुरस्कार, प्रशिक्षण, प्रयोग, प्रचार, प्रयास, प्रबंधन, प्रमोशन आदि आवश्यक है। इसी क्रम में अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष प्रो. बिमलेश कुमार सिंह ने कहा कि अंग्रेजी के विद्वानों ने भी हिंदी के विकास में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसी के साथ उन्होंने मुनव्वर राणा, फिराक गोरखपुरी का भी जिक्र किया तथा कालिदास, शेक्सपीयर, हरिवंश राय बच्चन और भारतेंदु हरिश्चंद्र आदि का जिक्र भी किया।प्रो. शिरीष मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष वाणिज्य विभाग ने अपने वक्तव्य में कहा कि अपने छात्र जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए वाणिज्य को हिंदी में पढ़ने-पढ़ाने की बात कही।अध्यक्षीय वक्तव्य में प्रो. राजेंद्र सिंह बडगूजर, अध्यक्ष राजभाषा प्रकोष्ठ एवं हिंदी विभाग ने कहा कि हिंदी को लेकर कोई चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। विमर्शों के माध्यम से हिंदी का निरंतर विकास हो रहा है। आवश्यकता है कि हम हिंदी को प्रशासन, तकनीक एवं विज्ञान को भाषा बनाएं। अंत में डॉ. गोविन्द प्रसाद वर्मा, सहायक आचार्य हिंदी विभाग व हिंदी अधिकारी ने भाषा के विभिन्न पहलुओं पर बात करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।मंच का सफल संचालन हिंदी विभाग के शोधार्थी शिवम कुमार सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में अंग्रेजी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. उमेश पात्रा, डॉ. चंदोवा ब्लांडे नरसिंह, हिंदी विभाग की सहायक आचार्य डॉ. आशा मीणा व अन्य तथा शोधार्थी, विद्यार्थी मौजूद थे।

## दो साल से मानदेय नहीं मिला, नल-जल अनुरक्षकों ने बीडीओ के समक्ष जताया रोष

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना के तहत गांव-गांव में लगे नल-जल और पानी टंकी की देखरेख करने वाले अनुरक्षकों का पिछले दो साल से मानदेय बकाया है। बकाया मानदेय को लेकर शुक्रवार को मसौढ़ी प्रखंड के बेदौली पंचायत के सभी अनुरक्षकों ने प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर बीडीओ के समक्ष रोष जताया और बकाया भुगतान की गुहार लगाई।अनुरक्षकों ने बताया कि वे सभी अपने-अपने वार्ड के वार्ड सदस्य भी हैं और पिछले दो साल से बिना मानदेय के ही नल-जल योजना का संचालन और देखरेख कर रहे हैं। मानदेय नहीं मिलने से उनके सामने रोजी-रोटी और दैनिक दिनचर्या को लेकर काफी परेशानी हो रही है। इस मौके पर अनुरक्षकों ने कहा कि कई बार वरीय अधिकारियों को इस संबंध में जानकारी दी गई, लेकिन अब तक भुगतान नहीं हुआ है।

# एक घंटा, एक साथ श्रमदान से दिया स्वच्छता का संदेश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान के प्रखंड मुख्यालय परिसर में "एक दिन, एक घंटा, एक साथ" श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न पंचायतों के स्वच्छता पर्यवेक्षक, स्वच्छता कर्मी एवं ई-रिक्शा चालक शामिल हुए। सभी ने सामूहिक रूप से एक घंटे तक श्रमदान कर प्रखंड मुख्यालय परिसर की साफ-सफाई की। प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार अश्विनी, पंचायत राज पदाधिकारी अमर कुमार एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के प्रखंड समन्वयक मनोज कुमार की मौजूदगी में स्वच्छता कर्मियों ने सफाई अभियान चलाया। श्रमदान के माध्यम से सामूहिक भागीदारी और स्वच्छता को जन-अभियान बनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच के लिए मेडिकल टीम मौजूद रही। कर्मियों का बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन सहित अन्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकता के अनुसार दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। मेडिकल टीम में डॉ. आकाश रंजन, दीपक कुमार, एएनएम नीलम कुमारी एवं स्टाफ नर्स लखन गौतम सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। वहीं, फायर स्टेशन रफीगंज की टीम ने स्वच्छता कर्मियों को आग से बचाव, आग लगने की स्थिति में नियंत्रण के उपाय तथा गैस चूल्हे के सुरक्षित इस्तेमाल को लेकर महत्वपूर्ण सावधानियों की जानकारी दी। टीम में प्रभारी मुन्ना कुमार, अग्निक सौरव कुमार एवं गृह रक्षक विश्वरंजन कुमार शामिल रहे। कार्यक्रम में विभिन्न पंचायतों के स्वच्छता पर्यवेक्षक, स्वच्छता कर्मी एवं ई-रिक्शा चालक मौजूद रहे। सामूहिक श्रमदान, स्वास्थ्य जांच और अग्नि सुरक्षा जागरूकता के माध्यम से स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को केंद्र में रखते हुए स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया।

## 4 अक्टूबर को औरंगाबाद में तेजस्वी प्रसाद यादव की जनसभा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. सुरेश पासवान ने कहा कि आगामी चार अक्टूबर को औरंगाबाद के गांधी मैदान में राष्ट्रीय जनता दल की ओर से विशाल जनसभा आयोजित की जाएगी, जिसे बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर राजद के नेता और कार्यकर्ता जोर-शोर से जुटे हैं। डॉ. सुरेश पासवान ने बताया कि इसी कार्यक्रम में जदयू के रफीगंज के पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ तेजस्वी प्रसाद यादव की मौजूदगी में राष्ट्रीय जनता दल में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि अशोक कुमार सिंह के राजद में शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव का औरंगाबाद आगमन ऐसे समय हो रहा है, जब चुनाव आयोग की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक दलों के बीच विरोध और बहस जारी है। डॉ. सुरेश पासवान ने आरोप लगाया कि एसआईआर के नाम पर करोड़ों मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटे गए हैं। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर संविधान और लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। चुनाव आयोग के अनुसार, बिहार में 2025 की एसआईआर प्रक्रिया के दौरान प्रारूप सूची से 65 लाख नाम हटे थे, जबकि अंतिम सूची में करीब 7.42 करोड़ मतदाता शामिल किए गए।

## विद्यालय में चहारदीवारी व संस्कृत शिक्षक पद पदस्थापन की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मध्य विद्यालय चौथईया में चहारदीवारी और संस्कृत शिक्षक पदस्थापन की उठी मांग नवबिहार टाइम्स संवाददाता मदनपुर। प्रखंड के सलैया पंचायत अंतर्गत संचालित चौथईया मध्य विद्यालय मदनपुर-कासमा मुख्य मार्ग पर स्थित है। व्यस्त मार्ग के किनारे स्थित होने की वजह से यहां आए दिन गंभीर सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। विद्यालय परिसर में सुरक्षात्मक चहारदीवारी का सर्वथा अभाव है। इस कारण शैक्षणिक कार्य समाप्त होने के बाद छात्र-छात्राएं सीधे मुख्य सड़क पर पहुंच जाते हैं। मार्ग पर दिनभर छोटी-बड़ी गाड़ियों का भारी दबाव रहता है। पूर्व में कई मासूम बच्चे वाहनों की चपेट में आकर दुर्घटना के शिकार भी हो चुके हैं। इस स्थिति से बच्चों और शिक्षकों की जान हमेशा जोखिम में बनी रहती है। इसी बीच मदनपुर प्रखंड की उपप्रमुख अस्मिता कुमारी, पिरवां पंचायत की पंचायत समिति सदस्य मैत्री देवी और समिति प्रतिनिधि उदय कुमार यादव सहित अन्य प्रबुद्ध लोगों ने विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चे विधिपूर्वक पढ़ाई करते मिले तथा सभी शिक्षक अध्यापन कार्य में मुस्तैद दिखे।

# खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ( एसजीएफआई) एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जिले में आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के चौथे दिन विभिन्न आयु वर्गों में खिलाड़ियों ने उत्साह एवं खेल भावना के साथ प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों को प्रभावित किया। **चौथे दिन आयोजित प्रतियोगिताओं का परिणाम** - अंडर-14 बालिका खो-खो प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर, औरंगाबाद विजेता रहा, जबकि मिडिल स्कूल, नवीनगर उपविजेता रहा - अंडर-17 बालिका वर्ग में पीएम श्री उच्च विद्यालय, बसडीहाकला, औरंगाबाद विजेता रहा, जबकि डीएवी पब्लिक स्कूल, दयानंद विहार उपविजेता रहा। अंडर-19 बालक कबड्डी प्रतियोगिता में ग्रैंड वैली पब्लिक स्कूल ने विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि हाई स्कूल, गैनी, दाउदनगर उपविजेता रहा। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन, टीम भावना एवं खेल भावना का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया। विजेता एवं उपविजेता टीमों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी गई। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी प्रमंडल एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए किया जाएगा। जिला प्रशासन एवं जिला खेल विभाग द्वारा खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराने तथा जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## गांधी जयंती के पूर्व शैक्षणिक प्रतियोगिता में पुरस्कृत किए गए प्रतिभागी

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय में प्राचार्य उदय कुमार सिंह की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस (गांधी जयंती) के पूर्व विभागीय पत्र के आलोक में कई शैक्षणिक प्रतियोगिताएं कराई गयी। गांधी जयंती के पूर्व अलग अलग तिथियों को क्रमशः निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजित किए गए। सभी प्रतियोगिताओं के विषय गांधी के व्यापक रहे जीवन दर्शन पर आधारित थे। निबंध लेखन में सौरभ प्रथम, दुर्गा द्वितीय एवं आर्यनंदिनी तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं चित्रकारी में लक्ष्मी प्रथम, कृतिका राज द्वितीय एवं आर्य नंदिनी तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में विष्णुकांत प्रथम, आदित्य स्वरूप द्वितीय एवं निशा व शिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्राचार्य उदय कुमार सिंह में पुरस्कृत किया। बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता गांधी के पूरे जीवन दर्शन को अपने जीवन का आदर्श बना कर अपने जीवन को समाज के सापेक्ष बनाएं। कार्यक्रम का संयोजन शिक्षिका रीता कुमारी एवं ज्योति कुमारी ने किया। कार्यक्रम को वर्गवार सभी वर्ग शिक्षकों क्रमशः शारदा सिंह, योगेंद्र पाल, मीना कुमारी, नैयर शाहीन, तबस्सुम आरा एवं प्रेम कुमार ने संपादित किया।

# मजदूर की मौत पर परिजनों से मिले विधायक, दी सांत्वना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड क्षेत्र के खिरियावां गांव में कुछ दिन पूर्व मजदूरी करने के दौरान हादसे में लालता प्रसाद की मौत हो गई थी। घटना के बाद से परिवार में मातम का माहौल है। गुरुवार को स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और इस दुख की घड़ी में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। बताया गया कि लालता प्रसाद मजदूरी का काम करने के लिए एक ब्लॉक निर्माण कार्य में लगे हुए थे। इसी दौरान अचानक गिरने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद उन्हें इलाज के लिए ले जाया गया, लेकिन उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने मृतक के घर पहुंचकर परिजनों से घटना की जानकारी ली। उन्होंने परिवार के सदस्यों से मिलकर ढांढस बंधाया और कहा कि दुख की इस घड़ी में वे परिवार के साथ हैं। उन्होंने मृतक के परिवार को सरकार की ओर से मिलने वाली सहायता एवं मुआवजा आदि की जानकारी लेकर आवश्यक सहयोग का भरोसा भी दिलाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि लालता प्रसाद मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी असमय मौत से परिवार के सामने आर्थिक संकट भी उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक के आश्रितों को नियमानुसार सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। घटना को लेकर ग्रामीणों ने मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान मजदूरों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए, ताकि इस तरह के हादसों को रोका जा सके।

# पटवा टोली इमली तल रखी गई ओखली



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भगवान जीमूतवाहन गोसाई कि ओखली सेवायत किशोरी प्रसाद एवं उनके पुत्र ममतेश कुमार ने विधिवत पूजा पाठ कर रखा। दाउदनगर में अमन चैन के लिए तथा महामारियों से दूर रखने के लिए प्रार्थना किया गया। इस मौके पर नवयुवक दुर्गा क्लब के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गणेश राम, विद्यार्थी चेतना परिषद् के अध्यक्ष प्रशांत कुमार, सचिव राजेंद्र प्रसाद चौधरी, संयोजक ममतेश कुमार, कोषाध्यक्ष धनंजय कुमार, सदस्य शंभू प्रसाद, सतीश कुमार, सुमित कुमार, प्रकाश कुमार, राहुल कुमार, धीरज कुमार, सुरेंद्र कुमार गांधी, धर्मेंद्र कुमार एवं दाउदनगर के जाने माने एक्टर विकाश कुमार, पान तांती समाज सभी गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रापरिक झूमर एवं लावणी गा कर भगवान जीतवाहन गोसाई का सुमरन किया गया। सभी का कल्याण हो ऐसी कामना की गई।

# पुरुषोत्तम उपाध्याय के निधन पर लोगों ने दी श्रद्धांजलि



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी एवं ओबरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी ग्राम पौथू निवासी पुरुषोत्तम उपाध्याय के निधन पर जिले के विभिन्न सामाजिक, साहित्यिक एवं राजनीतिक संगठनों से जुड़े लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उनके निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। जिला नागरिक परिषद के अध्यक्ष सुभाष चंद्र त्रिवेदी ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि पुरुषोत्तम उपाध्याय का जीवन संघर्ष, विद्वता, अनुशासन और समाज के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण रहा है। उनके निधन पर ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष प्रो. गोपाल मिश्रा, हिंदी साहित्यकार डॉ. सुरेंद्र मिश्रा, धनंजय जयपुरी, भाजपा नेता रामानुज पांडेय, उज्ज्वल सिंह, अनिल सिंह, मुन्ना सिंह (जम्होर), प्रो. सिद्धेश्वर सिंह, पूर्व मुखिया संजीव दुबे (पौथू), बिरला ओझा, पंकज त्रिवेदी, प्रहलाद त्रिवेदी, रंजन त्रिवेदी गोल्डन, पंडित गोपाल पांडेय, ऋषिकेश त्रिवेदी, अनिल त्रिवेदी, राघव तिवारी, ओमप्रकाश दुबे गुड्डू, पंडित अखिलेश त्रिवेदी, अशोक भगत सहित अनेक लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की। शोक व्यक्त करने वालों ने कहा कि पुरुषोत्तम उपाध्याय ने कठिन परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त कर प्रशासनिक सेवा में उच्च मुकाम हासिल किया। वे एक कुशल प्रशासक होने के साथ-साथ संस्कृत एवं कर्मकांड के विद्वान और ओजस्वी वक्ता भी थे। उनके निधन से समाज ने एक अनुभवी प्रशासक, विद्वान और मार्गदर्शक खो दिया है। इस अवसर पर लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

# अग्निशमन विभाग ने विभिन्न स्थानों पर चलाया जागरूकता अभियान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड अग्निशमनालय रफीगंज की ओर से बुधवार को विभिन्न स्थानों पर अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। एमटी वाहन के माध्यम से प्रखंड मुख्यालय, टकरा एवं खरोखर गांव के विद्यालयों और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को आग से बचाव के उपाय बताए गए। अग्निशमन कर्मियों ने पटाखों से लगने वाली आग, सामान्य आग, एलपीजी सिलेंडर व चूल्हे की आग, झुग्गी-झोपड़ी में आग तथा बिजली के शॉर्ट सर्किट से होने वाली अगलगी से बचाव को लेकर सावधानियां बताईं। इस दौरान ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों के बीच पंपलेट का वितरण कर आपात स्थिति में 101 और 112 नंबर पर सूचना देने की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान प्रखंड मुख्यालय (एलएसबीए) रफीगंज, राजकीय प्राथमिक विद्यालय टकरा, +2 उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय खरोखर, राजकीय मध्य विद्यालय खरोखर तथा टकरा गांव में ग्रामीण बैठक आयोजित की गई। इसके अलावा दो पीए सिस्टम के माध्यम से जागरूकता संदेश प्रसारित किया गया और एक स्थान पर वॉल पेंटिंग भी कराई गई। कुल 32 पंपलेट वितरित किए गए। अग्निशमन प्रभारी मुन्ना कुमार के नेतृत्व में प्रभारी अग्निक चालक नीरज पासवान तथा अग्निक सौरव कुमार और कुंदन कुमार अभियान में शामिल रहे।

# पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से डॉ. अनुज सिंह ने दाखिल किया नामांकन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा/पटना।** पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य पद के लिए जन सुराज समर्थित प्रत्याशी डॉ. अनुज सिंह ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया। जन सुराज ने 24 सितंबर को उन्हें पटना स्नातक सीट से उम्मीदवार घोषित किया था। मोकामा विधायक अनंत सिंह भी पहले ही उनके समर्थन की घोषणा कर चुके हैं।

नामांकन को लेकर नवादा के न्यू एरिया स्थित डॉ. अनुज सिंह के स्थायी आवास पर सुबह से ही समर्थकों की भीड़ जुटने लगी। समर्थक वाहनों के काफिले के साथ पटना के लिए रवाना हुए। उनके अनुसार, नवादा, नालंदा और पटना सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समर्थक नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए। पटना पहुंचने के बाद समर्थकों का काफिला विभिन्न मार्गों से होते हुए नामांकन स्थल तक पहुंचा। नामांकन के दौरान मोकामा विधायक अनंत सिंह की मौजूदगी भी रही। हालिया रिपोर्टों के अनुसार, अनंत सिंह ने डॉ. अनुज सिंह के समर्थन में प्रचार करने की बात कही है। नामांकन के बाद आयोजित आशीर्वाद सभा में जन सुराज से जुड़े कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनमें पूर्व एमएलसी चंद्रमौली सिंह चंद्रवंशी, पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना, क्षेत्रीय प्रभारी डॉ. मधुकर सिंह, पार्टी प्रवक्ता मसीहुद्दीन, नालंदा जिलाध्यक्ष उदय शंकर सिंह और नवादा जिलाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे। पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की जन सुराज प्रत्याशी डॉ. दिव्या ज्योति की मौजूदगी भी बताई गई।

डॉ. अनुज सिंह ने नामांकन के बाद समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्नातकों से जुड़े शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, पुस्तकालय और अन्य सुविधाओं से संबंधित मुद्दों को प्राथमिकता से उठाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सभी वर्गों के मतदाताओं से संपर्क और संवाद कायम करने की बात कही।

पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में जदयू ने मौजूदा एमएलसी नीरज कुमार को प्रत्याशी बनाया है, जबकि जन सुराज की ओर से डॉ. अनुज सिंह मैदान में हैं। नामांकन के साथ ही क्षेत्र में चुनावी गतिविधियां और तेज हो गई हैं।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोद भराई कार्यक्रम आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री पोषण माह के अंतर्गत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार औरंगाबाद जिला में 9 सितंबर से 9 अक्टूबर तक विभिन्न पोषण जागरूकता एवं जनभागीदारी आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार, गर्भावस्था के दौरान उचित खान-पान, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा पोषण के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान स्वयं के साथ-साथ गर्भस्थ शिशु के बेहतर स्वास्थ्य एवं समुचित विकास के लिए पर्याप्त एवं पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित किया गया। गोद भराई कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं को उनके मातृत्व के आगामी चरण के लिए शुभकामनाएं दी गईं तथा स्वस्थ मां और स्वस्थ शिशु के लिए पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक किया गया।

जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रधानमंत्री पोषण माह के तहत पोषण जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के समुचित पोषण, स्वास्थ्य एवं विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

# देश के विभिन्न क्षेत्रों व समुदायों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण संपर्क भाषा है हिंदी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** हिंदी पखवाड़ा एवं राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जयंती के अवसर पर राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में विविध साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) विजय रजक ने की, जबकि मुख्य अतिथि डॉ. सुनील कुमार, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, स्नातकोत्तर हिंदी विभाग, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया रहे। महाविद्यालय के विश्वविद्यालय कुलगीत की प्रस्तुति के बाद छात्र-छात्राओं ने गीत, काव्य-पाठ, कविता, नुक्कड़ नाटक, भाषण, हिंदी स्लोगन सहित विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. सुनील कुमार ने अपने संबोधन में हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी केवल एक विषय या भाषा नहीं, बल्कि देश के विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण संपर्क भाषा है। दैनिक बोलचाल से लेकर साहित्य, शिक्षा, प्रशासन एवं संचार तक हिंदी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विद्यार्थियों से हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग तथा हिंदी साहित्य के नियमित अध्ययन की अपील की। उन्होंने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनकी रचनाओं में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक चेतना, स्वाभिमान, संघर्ष एवं जनजागरण के भावों को रेखांकित किया। उन्होंने दिनकर की प्रमुख कृतियों एवं उनकी ओजपूर्ण काव्यधारा के माध्यम से विद्यार्थियों को साहित्य से जुड़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर एनएसएस पदाधिकारी डॉ. नरेश कुमार सिंह, नैक समन्वयक डॉ. तरुण माथुर, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अरविंद कुमार सिंह, डॉ. कौशल कुमार, डॉ. रमेश यादव, डॉ. संजय रमन, डॉ. जुबैर आलम, डॉ. इरशादूदौला, डॉ. राजेश कुमार चौधरी, डॉ. बिपिन कुमार, डॉ. संगीता सिंह, डॉ. अनिल लाल, डॉ. अर्चना कुमारी, डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. रूबी कुमारी, राज कुमार सिंह, सोनम कुमारी, लेखापाल विवेक कुमार, सहायक जितेंद्र कुमार, मनीष कुमार सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मुड़िला में फिर चोरों का धावा, गृहस्वामी के जागने से टली चोरी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के मुड़िला गांव में चोरों ने एक बार फिर चोरी का प्रयास कर ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। बुधवार की देर रात चोर विक्रमा सिंह के घर में घुसने के इरादे से करकट और रेलिंग के सहारे छत पर चढ़ गए। हालांकि, गृहस्वामी के पोते शुभम की नींद खुल जाने से चोरों को खाली हाथ भागना पड़ा। भागने के दौरान रेलिंग और करकट टूट गए। जानकारी के अनुसार, देर रात चोर चोरी की नीयत से घर में दाखिल होने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान शुभम की नींद खुल गई। उसके जागने की भनक लगते ही चोर छत से कूदकर घर के पीछे की ओर फरार हो गए। गृहस्वामी के स्वजन की सतर्कता से चोरी की घटना टल गई। घटना की सूचना पर गुरुवार सुबह थानाध्यक्ष चंद्रहास सिंह, एसआइ उमेश कुमार और शमीम आलम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर ग्रामीणों से पूछताछ की और मामले की जांच शुरू की।

गौरतलब है कि दो दिन पहले इसी गांव के अजय सिंह के घर से चोर लाखों रुपये के सामान की चोरी कर चुके हैं। लगातार चोरी की घटनाओं से गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों में रात्रि गश्ती बढ़ाने और चोरों पर अंकुश लगाने की मांग उठने लगी है।

## सेवा संकल्प अभियान के गोदभराई कार्यक्रम के दौरान नेउरा केंद्र की बदहाली उजागर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को आयोजित आंगन का मिलन कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सह भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बभंडी-2, चिल्हकी बिगहा, नेउरा और कझपा स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। नेउरा केंद्र में बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। निरीक्षण के दौरान नेउरा आंगनबाड़ी केंद्र में न तो बिजली का कनेक्शन मिला और न ही पानी की कोई व्यवस्था। स्थिति यह है कि केंद्र में आने वाले छोटे-छोटे बच्चों को पानी पीने के लिए करीब 300 मीटर दूर जाना पड़ता है। बुनियादी सुविधाओं के अभाव में बच्चों और केंद्र की सेवाओं से जुड़ी महिलाओं को परेशानी उठानी पड़ रही है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के पोषण और देखभाल की व्यवस्था के बीच इस तरह की बदहाली व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। कार्यक्रम के दौरान प्रवीण कुमार के साथ मंडल महामंत्री अभय पासवान, मंडल उपाध्यक्ष पंकज सिंह, महामंत्री अमरेंद्र कुमार सिंह, संडा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह, जीतू तिवारी, सोनू मालाकार, सुनील साव समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## आवास योजना में अनियमितता पर गरमाई सियासत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभुकों के चयन में भारी अनियमितता और धांधली का मामला सामने आया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष सह प्रखण्ड 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को पत्र लिखकर कड़ा एतराज जताया है और पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। प्रवीण कुमार द्वारा जारी पत्र के अनुसार, प्रखण्ड क्षेत्र की कई पंचायतों से लगातार ऐसी शिकायतें मिल रही हैं कि जरूरतमंद और गरीब परिवारों को दरकिनार कर सुखी-संपन्न एवं अयोग्य लोगों का नाम आवास योजना की सूची में धड़ल्ले से शामिल कर लिया गया है। इस प्रकार की धांधली से पात्र और वास्तविक लाभुकों में भारी रोष व्याप्त है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अध्यक्ष ने मांग किया है कि प्रखंड बीस सूत्री समिति को तुरंत आवास योजना के लाभुकों की पंचायतवार सूची उपलब्ध कराई जाए, ताकि समिति के सदस्यों की पूरी टीम इसकी निष्पक्ष जांच कर सके।

# तीन दिवसीय आंगन मिलन कार्यक्रम सम्पन्न

## डीएम, डीडीसी, डीपीआरओ ने लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई।** आंगनबाड़ी केंद्रों पर 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक 'आंगन मिलन' के तहत तीन दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों, अभिभावकों एवं लाभार्थी माताओं को आंगनबाड़ी केंद्रों से जोड़ना तथा पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक बाल विकास के प्रति जागरूक करना है। जहां कार्यक्रम के पहले दिन मंगलवार को बच्चों का स्वागत एवं माता-पिता व अभिभावकों का आमंत्रण, लाभार्थी माताओं द्वारा अनुभव साझा करना, पोषण एवं स्वास्थ्य संवाद तथा मातृ समूह के साथ अन्नप्राशन जैसी गतिविधियां आयोजित की गयी। वहीं 30 सितंबर को बच्चों का स्वागत एवं ईसीसीई गतिविधि, कहानी, गीत व खेल आधारित



सीखने की गतिविधियां, ऊर्जा आहार पर माताओं को मार्गदर्शन तथा एक अक्टूबर को स्वागत एवं परिचय के बाद बाल वृद्धि, कहानी, गीत, खेल, रचनात्मक एवं मौखिक आधारित गतिविधियां की गई।इसी कड़ी में जिले के सोनो प्रखंड में डीपीआरओ बीरेंद्र कुमार ने सीडीपीओ बीनू कुमारी के साथ आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 75 का जायजा लिया। डीपीआरओ बीरेंद्र कुमार ने गर्भवती महिला प्रीति कुमारी, तमन्ना खारुन को पोषण पोटली देकर गोदभराई की रस्म सम्पन्न कराई गई। वही अभिनव कुमार और ईशा कुमारी को अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। गुरुवार को डीडीसी शिप्रा विजय कुमार चौधरी ने जिले के झाझा प्रखंड में आंगन मिलन कार्यक्रम सीडीपीओ बंदना दास के साथ दर्जनों आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंच कर जायजा ली। शिशु को अन्नप्राशन संस्कार के साथ साथ गर्भवती महिला को पोषण पोटली देकर गोदभराई रस्म पूरी कराई। जमुई जिले के सदर प्रखंड मुख्यालय के आंगनबाड़ी केंद्र सं0-19 अगहरा पर डीएम नवीन ने स्वयं जाकर जायजा लिया और गर्भवती माता की गोदभराई की रस्म तथा 6 माह पूर्ण कर चुके शिशु का अन्नप्राशन कराया। मौके पर डीएम श्री नवीन ने उपस्थित महिलाओं एवं लाभार्थियों से संवाद स्थापित कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पोषण तथा स्वच्छता के समुचित विकास की जायजा लिया और आवश्यक सुझाव भी दिए। मौके पर आईसीडीएस डीपीओ सावन कुमार, डीटीओ डा. सुनील कुमार, सीडीपीओ बीनू कुमारी समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

# बाढ़ राहत कार्यों की समीक्षा को लेकर डीएम ने की बैठक

## गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर, आमजन से सतर्क रहने एवं सुरक्षित आवागमन की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी, भोजपुर, मनेश कुमार मीणा द्वारा आज दिनांक 01 अक्टूबर 2026 को ज़ूम के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भोजपुर एवं सारण क्षेत्र में गंगा नदी के जलस्तर में हो रही वृद्धि तथा बाढ़ की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान एफसीडी, बड़हरा से प्राप्त अद्यतन आंकड़ों के अनुसार आज पूर्वाह्न 10:00 बजे गंगा नदी खतरे के निशान से 60 सेंटीमीटर ऊपर प्रवाहित हो रही थी। वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए जिला



पदाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों को उच्च स्तर की सतर्कता बनाए रखने तथा किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीएम ने गंगा तटीय एवं निचले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से अपील की कि वर्तमान में गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। ऐसे में सभी लोग विशेष सतर्कता एवं सावधानी बरतें तथा जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। उन्होंने आमजन से अपील की कि अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने अथवा जलमग्न क्षेत्रों में आवागमन करने से बचें। गंगा नदी के जलस्तर एवं जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी सूचनाओं एवं निर्देशों पर निरंतर नजर रखें। जिन स्थानों पर सड़क अथवा संपर्क मार्ग जलमग्न हो चुके हैं, वहाँ पैदल अथवा वाहन से आवागमन का प्रयास न करें तथा सुरक्षित नाव के माध्यम से ही आवागमन करें। बच्चों, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों एवं अन्य संवेदनशील व्यक्तियों की विशेष सुरक्षा सुनिश्चित करें तथा उन्हें जलमग्न क्षेत्रों एवं नदी के किनारे जाने से रोकें। बैठक में अपर समाहर्ता (आपदा), प्रभारी पदाधिकारी (आपदा), सिविल सर्जन, कार्यपालक अभियंता, जल संसाधन विभाग, पीएचईडी, संबंधित अंचल अधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सड़क जाम व प्रदर्शन मामले में प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** देव थाना क्षेत्र के भवानीपुर मोड़ के पास सड़क जाम कर प्रदर्शन करने और विधि-व्यवस्था प्रभावित करने के मामले में पुलिस ने छह नामजद समेत करीब 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अंचल अधिकारी दीपक कुमार के आवेदन पर देव थाना में कांड संख्या 312/26 दर्ज किया गया है। आवेदन के अनुसार 19 सितंबर को भवानीपुर मोड़ के समीप ट्रक की चपेट में आने से अशोक सिंह की मौत हो गई थी। घटना के बाद प्रशासन और पुलिस की टीम विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर पहुंची थी। इसी दौरान कुछ ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सड़क जाम कर दिया। टायर जलाने और प्रशासन व पुलिस के साथ कथित तौर पर गाली-गलौज करने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस के अनुसार करीब चार घंटे तक सड़क जाम रहने से यातायात प्रभावित रहा। प्रदर्शन के दौरान लोगों को उकसाने और दुकानदारों को दुकान बंद करने के लिए धमकाने का भी आरोप है।

## स्वच्छता अभियान चला

**अरवल (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत आज जिले के अहियापुर सूर्य मंदिर के पास एक दिन एक घंटा एक साथ कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में आम लोग, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी और पदाधिकारी शामिल हुए।

# कल से तीनों घाटों पर शाम के बाद नाव/कार्गो का परिचालन रहेगा बंद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** विक्रमशिला सेतु के स्थायी पुनर्निर्माण के मद्देनजर आमजनों की सुविधा एवं आवागमन को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित वैकल्पिक फ़ेरी सेवा के संबंध में जिला प्रशासन, भागलपुर द्वारा महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। आज वैकल्पिक फ़ेरी सेवा के प्रथम दिन होने के कारण यात्रियों एवं वाहनों के आवागमन को ध्यान में रखते हुए परिचालन के समय में आवश्यकतानुसार कुछ लचीलापन रखा गया। प्रथम दिन के अनुभव एवं प्राप्त फीडबैक के आधार पर अब कल दिनांक 02 अक्टूबर 2026 से फ़ेरी सेवा के परिचालन हेतु निर्धारित समय-सीमा का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि कल से तीनों निर्धारित घाटों पर शाम 5:30 बजे के बाद नाव/फ़ेरी अथवा कार्गो का किसी भी प्रकार का आवागमन पूर्णतः बंद रहेगा। शाम 5:30 बजे तक ही संबंधित घाट/फ़ेरी क्षेत्र में प्रवेश कर चुके यात्रियों एवं वाहनों को उस दिन के आवागमन हेतु मान्य माना जाएगा। इसके पश्चात नए यात्रियों अथवा वाहनों को घाट/फ़ेरी क्षेत्र में प्रवेश कराकर नाव या कार्गो के माध्यम से आवागमन की अनुमति नहीं दी जाएगी। निर्धारित समय-सीमा के बाद किसी भी परिस्थिति में नाव/फ़ेरी अथवा कार्गो का परिचालन नहीं किया जाएगा। समय-सीमा का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए तीनों घाटों पर जिला प्रशासन द्वारा प्रभावी निगरानी की जाएगी। संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि निर्धारित समय के बाद किसी भी प्रकार का आवागमन न हो, यह सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन, भागलपुर ने आमजनों से अपील की है कि वे अपने यात्रा एवं आवागमन की योजना निर्धारित समय-सारणी के अनुसार ही बनाएं। विशेष रूप से दूर-दराज से आने वाले यात्रियों, वाहन चालकों एवं मालवाहक वाहनों के संचालकों से अनुरोध है कि वे ऐसी स्थिति में अपनी यात्रा इस प्रकार नियोजित करें कि शाम 5:30 बजे तक संबंधित घाट/फ़ेरी क्षेत्र में प्रवेश कर सकें। शाम 5:30 बजे के बाद तीनों घाटों से नाव/फ़ेरी एवं कार्गो का परिचालन हर परिस्थिति में बंद रहेगा। अतः आमजन निर्धारित समय के बाद घाट पर पहुंचकर फ़ेरी सेवा उपलब्ध होने की अपेक्षा न रखें तथा अपनी यात्रा में इस समय-सीमा का विशेष ध्यान रखें। जिला प्रशासन द्वारा आमजनों से सहयोग की अपेक्षा की गई है, ताकि वैकल्पिक फ़ेरी सेवा का संचालन सुरक्षित, व्यवस्थित एवं निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप किया जा सके।

## विशेष अभियान में 50 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** औरंगाबाद पुलिस ने विशेष अभियान के तहत बुधवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 50 लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार हत्या के शीर्ष में पांच, आर्म्स एक्ट में एक, पॉक्सो में एक, एससी-एसटी एक्ट में चार, हत्या के प्रयास में दो, मद्य निषेध अधिनियम के तहत तीन तथा अन्य मामलों में 34 लोगों की गिरफ्तार किया गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान से स्वच्छता का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** स्वच्छता ही सेवा-2026 अभियान के अंतर्गत गुरुवार को ल्लएक दिन, एक घंटा, एक साथ कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट छठ घाट, रमना मैदान, आरा में किया गया। कार्यक्रम में पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों एवं जिले के युवाओं ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त, भोजपुर ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन या किसी अभियान तक सीमित रहने वाला कार्य नहीं है, बल्कि यह हमारी दैनिक जिम्मेदारी और जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। सामूहिक श्रमदान के माध्यम से हम न केवल अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाते हैं, बल्कि समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करते हैं। जनभागीदारी से ही स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ भोजपुर के लक्ष्य को साकार किया जा सकता है। इस मौके पर जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, जिला समन्वयक जिला जल एवं स्वच्छता समिति भोजपुर, जिला परियोजना पदाधिकारी जिला गंगा समिति



भोजपुर, स्वच्छता विकास पदाधिकारी नगर निगम आरा, जिला सलाहकार, आईटीसी जिला समन्वयक, तकनीकी सहायक, डी-पीआरसी विपुल सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में आरा नगर निगम के स्वच्छता कर्मी, राष्ट्रीय सेवा योजना, महाराजा कॉलेज आरा, महिला कॉलेज आरा, हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के स्वयंसेवकों तथा जिले के सैकड़ों युवाओं ने सक्रिय भागीदारी की। सभी ने एक साथ श्रमदान करते हुए घाट एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्वच्छता को केवल अभियान तक सीमित न रखकर इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से सामूहिक सहभागिता, श्रमदान और जनभागीदारी के जरिए स्वच्छ एवं सुंदर भोजपुर का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एवं संचालन अमित कुमार सिंह, जिला परियोजना पदाधिकारी, जिला गंगा समिति, भोजपुर द्वारा किया गया।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**अरवल (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत सदर अस्पताल में आज रक्त दान किया गया। जिला भारतीय युवा जनता मोर्चा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में अनेक लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर वाणिज्य प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय प्रभारी दीपक शर्मा ने भी रक्तदान किया। इस इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित अनेक कार्यक्रमों के तहत सेवा संकल्प अभियान के तहत आज सदर अस्पताल अरवल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।




# जिलाधिकारी ने परिवादियों की सुनीं समस्याएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** गुरुवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए परिवादियों एवं संबंधित व्यक्तियों से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने मुलाकात की गई। इस दौरान उन्होंने परिवादियों की समस्याओं को बारीकी से सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों से मामलों की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने प्रत्येक परिवादी की बात गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को शिकायतों का नियमसम्मत, पारदर्शी एवं त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में है। इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया गया कि प्राप्त शिकायतों पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए परिवादियों को नियमानुसार कार्रवाई से अवगत कराया जाए तथा मामलों के निष्पादन में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान एवं आमजन को सुगम प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन निरंतर प्रयासरत है।



# 06 से 08 अक्टूबर तक सभी प्रखंडों में आयोजित होगा 'सेवा सेतु शिविर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** जिला पदाधिकारी कौशल कुमार द्वारा बताया गया कि 'सेवा संकल्प अभियान सरकार आपके द्वार' के अंतर्गत जिले के सभी प्रखंडों में 06, 07 एवं 08 अक्टूबर 2026 को 'सेवा सेतु शिविर' का आयोजन किया जाएगा। शिविर के माध्यम से भारत सरकार एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के साथ-साथ आमजनों की समस्याओं, लंबित लाभ एवं शिकायतों के संबंध में आवेदन प्राप्त कर उनका समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने शिविर के सफल एवं प्रभावी आयोजन के लिए व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रत्येक प्रखंड में आयोजित होने वाले सेवा सेतु शिविर के लिए वरीय उप समाहर्ता स्तर के पदाधिकारी को प्रभारी/नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। वहीं, उप विकास आयुक्त, दरभंगा को जिला स्तर पर नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने निर्देश दिया है कि प्रखंडों के वरीय प्रभारी पदाधिकारी/नामित पदाधिकारी तथा जिला स्तरीय पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में शिविर की तैयारियों की नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण करेंगे तथा आवश्यकतानुसार दिनांक 06 से 08 अक्टूबर तक आयोजित शिविरों का निरीक्षण कर कार्यक्रम का सफल संचालन सुनिश्चित करेंगे। शिविर में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं के विभिन्न विभागों की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। संबंधित विभागों के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी अपने विभाग की योजनाओं के संबंध में आम नागरिकों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएंगे तथा योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त कर पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करेंगे। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं कार्यपालक पदाधिकारियों को शिविर स्थल पर आमजनों के बैठने, पेयजल एवं अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

## अपहृत बालक को पुलिस ने किया बरामद

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र से अपहृत बालक को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बुधवार को सकुशल बरामद कर लिया है। मामला भगवानपुर थाना कांड संख्या 185/26, धारा 137(2) बीएनएस से जुड़ा है। इस कांड में भगवानपुर ग्राम निवासी राजकुमार के 13 वर्षीय पुत्र अमन कुमार का अपहरण हो गया था। परिजनों द्वारा थाना में मामला दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया था। पुलिस ने गुप्त सूचना एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर छापेमारी कर अपहृत बालक अमन कुमार को सकुशल बरामद कर लिया। बरामद बालक को थाना लाया गया है।थानाध्यक्ष ऋषिकांत कुमार ने बताया कि बालक से पूछताछ के बाद अग्रिम विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## दरभंगा महाराजा की पुण्यतिथि पर विश्वविद्यालय परिवार द्वारा दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा दरभंगा राज के अंतिम महाराज सर कामेश्वर सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर सामाजिक विज्ञान के संकायाध्यक्ष प्रो ध्रुव कुमार, विश्वविद्यालय मैथिली विभागाध्यक्ष प्रो अशोक कुमार मेहता, संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ कृष्णकान्त झा, महाविद्यालय निरीक्षक प्रो अरुण कुमार सिंह, एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक- प्रथम डॉ आर एन चौरसिया, सीसीडीसी डॉ गजेन्द्र प्रसाद, भू-संपदा पदाधिकारी डॉ कामेश्वर पासवान, उप परीक्षा नियंत्रक (शोध) डॉ सुरेश पासवान, आईटी प्रभारी डॉ अंकित कुमार सिंह, विद्यानन्द झा, संजय कुमार, प्रणव आदि उपस्थित थे। अपने संबोधन में प्रो अशोक कुमार मेहता ने कहा कि विश्वविद्यालय परिवार महाराज कामेश्वर सिंह के प्रति कृतज्ञ है, क्योंकि उनके ही विशाल परिसर में विश्वविद्यालय मुख्यालय के साथ ही मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के सभी विषयों की पढ़ाई होती है। कहा कि महाराज सर कामेश्वर सिंह शिक्षा, संस्कृति, राजनीति, खेल, समाजसेवा एवं सामाजिक संस्थाओं के संरक्षण के पुरोधा थे। डॉ कामेश्वर पासवान ने कहा कि दरभंगा राज के अंतिम महाराज सर कामेश्वर सिंह का मिथिला के इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान है। पिता के निधन के बाद वे 1929 में दरभंगा राज की बागडोर संभाली। कहा कि उनका निधन 1 अक्टूबर, 1962 को हुआ था। वे युवावस्था से ही सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहे और संविधान सभा के सदस्य भी बने।

## पृष्ठ 1 का शेष

### स्वच्छता ही सेवा ...

पर्यटन विभाग पर राज्य के प्रमुख पर्यटन, धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं उन्हें स्वच्छ बनाया गया जिसके तहत 87,003 सार्वजनिक स्थलों की सफाई कार्य पूरा किया जा चुका है। इसके अलावा स्वच्छ पाठशाला, युवा फॉर स्वच्छता के तहत बच्चों और युवाओं को स्वच्छता अभियान का सक्रिय भागीदार बनाया गया। इसी दिन 39,454 विद्यालय स्तरीय गतिविधियां आयोजित की गई और इसमें 2,43,682 विद्यार्थियों ने भागीदारी की। चौथा स्तंभ स्वच्छता के लिए जन भागीदारी के अंतर्गत घर-घर जागरूकता अभियान, स्वच्छता संवाद, पदयात्रा, प्रभातफेरी, रैली आदि गतिविधियां संचालित की गई। वहीं पांचवां स्तंभ स्वच्छता से समृद्धि के तहत अपशिष्ट को संसाधन और आर्थिक अवसर के रूप में बदलने के लिए कबाड़ से जुगाड़, कबाड़ से कला, जैविक कचरा से जैविक खाद बनाने, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयों पर निर्मित जैविक खादों की बिक्री एवं प्रचार-प्रसार पर बल दिया गया। इस स्तंभ के अंतर्गत राज्य में 60 करीब 80 कबाड़ से कला/आर्ट संबंधी प्रविष्टियां दर्ज की गई। राज्य भर में 6,831 शैक्षणिक संस्थानों की इस गतिविधि में सहभागिता रही।

### बिहार में बिछेगा सड़कों...

पुलों के निर्माण और नई कनेक्टिविटी परियोजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य में सड़क नेटवर्क का लगातार विस्तार हो रहा है। श्री गडकरी ने करीब 440 किलोमीटर लंबे राम-जानकी मार्ग का उल्लेख किया। इस परियोजना की लागत 5,044 करोड़ रुपये है और इसका करीब 87 फीसदी काम पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि करीब 1,600 किलोमीटर लंबे बौद्ध सर्किट मार्ग पर भी काम चल रहा है। इस परियोजना की लागत करीब 22 हजार करोड़ रुपये है। इसके करीब 90 फीसदी काम पूरा होने का दावा किया गया है। परियोजना को मार्च 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे कॉरिडोर को बिहार के लिए महत्वपूर्ण परियोजना बताया। उन्होंने कहा कि करीब 536 किलोमीटर लंबे इस ग्रीनफील्ड कॉरिडोर की लागत लगभग 72 हजार करोड़ रुपये है। इसमें करीब 400 किलोमीटर हिस्सा बिहार से होकर गुजरेगा, जिस पर लगभग 52 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के लिए बिहार के सात जिलों में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया से जुड़ी घोषणा जारी की गई है। श्री गडकरी ने रक्सौल-हल्दिया छह लेन ग्रीनफील्ड हाईवे का भी जिक्र किया। करीब 550 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर की लागत लगभग 45,200 करोड़ रुपये है। इसमें करीब 400 किलोमीटर हिस्सा बिहार में होगा, जिस पर लगभग 26 हजार करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) का काम दिसंबर तक पूरा होने की उम्मीद है। इस कॉरिडोर के बनने से रक्सौल से हल्दिया तक की यात्रा में लगने वाला समय करीब 20 घंटे से घटकर आठ घंटे रह जाएगा। यह कॉरिडोर पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय और मुंगेर समेत बिहार के कई हिस्सों से होकर गुजरेगा। केंद्रीय मंत्री ने वाराणसी-रांची-कोलकाता कॉरिडोर को भी प्रमुख सड़क परियोजनाओं में शामिल बताया। करीब 600 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर की लागत लगभग 32 हजार करोड़ रुपये है। श्री गडकरी के अनुसार परियोजना का करीब 35 फीसदी काम पूरा हो चुका है और इसे जुलाई 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इस परियोजना के तहत बिहार में करीब 144 किलोमीटर सड़क का निर्माण होना है जिसकी लागत लगभग 13,500 करोड़ रुपये बताई गई है। बिहार में इसके करीब 25 फीसदी काम पूरा होने की जानकारी दी गई। श्री गडकरी ने कहा कि कॉरिडोर के पूरा होने से बिहार के साथ उत्तर प्रदेश, झारखंड और पश्चिम बंगाल की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। उन्होंने दावा किया कि इससे वाराणसी से कोलकाता की यात्रा का समय 18 घंटे से घटकर करीब पांच घंटे रह जाएगा। उन्होंने पटना से जुड़ी प्रस्तावित सड़क परियोजनाओं का भी ब्योरा दिया। उन्होंने बताया कि करीब 162 किलोमीटर लंबी इस परियोजना की लागत 10,200 करोड़ रुपये है। इसका करीब 22 फीसदी काम पूरा हो चुका है और दिसंबर 2027 तक इसे पूरा करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से पटना के आसपास के कॉरिडोर आपस में जुड़ेंगे। इससे शहर में यातायात का दबाव कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही प्रदूषण और जाम से भी राहत मिलने की उम्मीद है। श्री गडकरी ने पटना-हाजीपुर से जुड़ी एक अन्य परियोजना का भी उल्लेख किया। उन्होंने करीब 1.4 किलोमीटर लंबी परियोजना के लिए 8,500 करोड़ रुपये की लागत और मंजूरी मिलने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बिहार में सड़क और एक्सप्रेसवे परियोजनाओं के माध्यम से बड़े पैमाने पर निवेश और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की योजना है। बिहार इन्वेस्टर मीट में श्री गडकरी ने सड़क परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए जमीन के बेहतर इस्तेमाल का सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा कि सरकार, रोड कॉरपोरेशन या शहरी विकास से जुड़ी एजेंसियों को जमीन के विकास का अधिकार देकर 60-40 के फॉर्मूले पर काम किया जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि विकसित जमीन का एक हिस्सा जमीन मालिक को और एक हिस्सा सरकार को दिया जाए जबकि शेष हिस्से से परियोजना की लागत पूरी की जाए। उनके अनुसार इस मॉडल के जरिए बिना अतिरिक्त सरकारी धन खर्च किए 50 से 60 हजार करोड़ रुपये तक का निवेश जुटाया जा सकता है।

# अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिलास्तरीय कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर बुधवार को बुनियाद केंद्र, मटिहानी में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। उद्देश्य वरिष्ठजनों के प्रति सम्मान और विभिन्न पीढ़ियों में संवाद बढ़ाना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान और दीप प्रज्वलन से हुई। मौके पर डीएम रिची पांडेय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव करुणानिधि आर्य, एसडीओ अश्वनी कुमार, प्रखंड प्रमुख विश्वनाथ राय, सहायक निदेशक नेहा कुमारी, अभिजीत सोनल सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठजन और छात्र मौजूद रहे। छात्रों ने पेंटिंग, निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। विजेताओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र दिया गया। ताइक्वांडो और कबड्डी के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। 102 वर्षीय वरिष्ठ मतदाता बीबी सैमून निशा कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहीं। डीएम रिची पांडेय ने कहा कि बुजुर्गों को केवल दवा-भोजन नहीं, समय और साथ चाहिए। उनका आशीर्वाद महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन 400 से बढ़ाकर 1100 रुपये की गई है, हर माह 10 तारीख को पेंशन दिवस और अंतिम रविवार को पंचायत विकास दिवस मनाया जाता है। 85 वर्ष से अधिक के मतदाताओं के लिए घर से मतदान की व्यवस्था है। सचिव करुणानिधि आर्य ने भरण-पोषण अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी। अंत में पौधारोपण और बिहार गीत के साथ समापन हुआ।

### वरिष्ठ नागरिक दिवस पर नि:शुल्क जांच शिविर आयोजित

**बेगूसराय।** वरिष्ठ नागरिक दिवस पर बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बेगूसराय के एडीआर भवन में वरिष्ठ अधिवक्ताओं और न्यायालय कर्मियों के लिए गुरुवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन सचिव-सह-अवर न्यायाधीश करुणानिधि प्रसाद आर्या, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ध्रुव कुमार और महासचिव विजयकांत झा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर सचिव करुणानिधि प्रसाद आर्या ने कहा कि बुजुर्ग समाज और देश की धरोहर हैं, उनकी देखभाल हमारा कर्तव्य है। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित शिविर में बीपी, शुगर, आंखों की जांच की गई और नि:शुल्क दवाएं दी गईं।वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सुमित कुमार वर्मा और टीम ने हृदय संबंधी परामर्श दिया। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ध्रुव कुमार और महासचिव विजयकांत झा ने वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों और सम्मान पर प्रकाश डाला। इस दौरान अजय कुमार मुन्ना, पीएलवी, चिकित्सक और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

## गंगा में डूबने से दो युवकों की मौत

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के लखमिनिया से मधुसूदनपुर जाने वाली सड़क पर गंगा के पानी में अचानक आई बाढ़ में डूबने से दो युवक की मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों साइकिल से दियारा में किसी रिश्तेदार से मिलकर अपने घर वापस लौट रहे थे। लखमिनिया-मधुसूदनपुर पथ पर सन्हा गोरगामा बांध से थोड़ा आगे सड़क पर गंगा के जलस्तर में अचानक तेजी से बढ़ोतरी हुई और सड़क पर 3 से 4 फीट पानी चढ़ गया। दोनों साइकिल लेकर पैदल पानी पार करने की कोशिश कर रहे थे, तभी सड़क पर बह रही गंगा की तेज धारा में बह गए और सड़क किनारे गहरे पानी में डूबने लगे। स्थानीय लोगों के चिल्लाने पर वहां से गुजर रहे नाव वालों ने घंटो प्रयास के बाद दोनों को किसी तरह बाहर निकाला, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि बाढ़ का पानी घटने के बाद प्रशासन ने इस ओर से ध्यान हटा लिया था, जिसके कारण अचानक आई बाढ़ में यह हादसा हुआ। लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन इस सड़क के दोनों तरफ लगा हुआ बांस-बल्ला की घेराबंदी नहीं खोलती तो यह मौत नहीं होती डूबने से हमलोगो ने बास से की हुई घेराबंदी को खोलने से रोका था लेकिन हमलोगो की बात नहीं मानी गई और घेराबंदी को खोल लिया गया । ग्रामीणों ने यह भी बताया कि यहां हर साल किसी न किसी की डूबने से मौत होती है, लेकिन आज तक यहां ऊंचा पुल नहीं बनाया गया। सूचना पर बलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय भेज दिया।

### उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय में चला स्वच्छता अभियान

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय कन्या, महेशपुर में गुरुवार को स्वच्छता पखवाड़ा- के तहत विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार साह के नेतृत्व में शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर में झाड़ू लगाकर श्रमदान किया और पूरे परिसर को साफ-सुथरा किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार साह ने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ जीवन के लिए बहुत आवश्यक है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि घर और वातावरण को जितना स्वच्छ रखोगे, उतना ही स्वस्थ रहोगे।

## जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोदभराई दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर 'आंगन का मिलन' समारोह के तहत बुधवार को गोदभराई दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। बाल विकास परियोजना बेगूसराय सदर के केंद्र संख्या-39, वार्ड 28 में वार्ड पार्षद, सीडीपीओ रंजना कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका, सेविका-सहायिका की मौजूदगी में गर्भवती की सामूहिक गोदभराई पारंपरिक तरीके से हुई। महिलाओं को फल, पौष्टिक आहार और आवश्यक सामग्री दी गई। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार, आयरन-कैल्शियम सेवन, नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता, संस्थागत प्रसव और परेशानी होने पर स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की जानकारी दी गई। विभिन्न केंद्रों पर पौष्टिक खाद्य पदार्थों का प्रदर्शन, रंगोली और पोषण संदेशों के माध्यम से जागरूक किया गया। अधिकारियों ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों को मातृ-शिशु स्वास्थ्य और पोषण के प्रति सामुदायिक सहभागिता का माध्यम बनाया जा रहा है।

## विकसित बिहार के निर्माण में युवाओं की महती भूमिका : डा. शर्मा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**दरभंगा।** बिहार ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक दृष्टि से एक समृद्ध राज्य रहा है। यहां प्रतिभा, ऊर्ज़ा और संभावनाओं की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता केवल समाज की सकारात्मक शक्तियों को एक साथ मिलकर सही दिशा देने की है। विकास के पथ पर लगातार अग्रसर बिहार विकसित बनने की दिशा में चलायमान है। इसे विकसित बनाने में सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका युवाओं की है। ये बातें वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रशासन विभाग में युवा : विकसित बिहार के शिल्पकार विषयक छात्र केन्द्रित एक दिवसीय सेमिनार के बतौर मुख्य वक्ता आर के कॉलेज, मधुबनी के अवकाश प्राप्त वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ एल. के. शर्मा ने कही। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई। आगत अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया गया। विभाग के अकादमिक प्रोफाइल की प्रस्तुति वाणिज्य के प्राध्यापक एमबीए के उपनिदेशक डॉ दिवाकर झा ने की। विषय वस्तु का प्रतिपादन विभागीय अतिथि शिक्षक डॉ एस. के. झा ने किया। इसके पश्चात जिला उद्योग केन्द्र, दरभंगा के स्टार्टअप कोऑर्डिनेटर सूर्य प्रकाश ने बिहार सरकार एवं केन्द्र सरकार की उद्यमिता के विकासार्थ संचालित योजनाओं की जानकारी साझा की। विभागाध्यक्ष सह निदेशक डॉ आर के साह ने युवाओं को विकसित बिहार बनाने की को संकल्पित होने का आह्वान किया। बतौर वाणिज्य के संकायाध्यक्ष प्रो एच. के. सिंह ने युवाओं को बिहारी स्मिता से जुड़ने को प्रेरित किया और कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं है कि राज्य सरकार की कौशल विकास योजनाओं और तकनीकी पहलुओं के साथ जब युवा अपनी ऊर्ज़ा और प्रतिभा को जोड़ेंगे, तभी सशक्त और विकसित बिहार का सपना साकार होगा। इस कार्यक्रम में कुल 160 छात्र, विभागीय शिक्षक एवं शोधार्थी की सहभागिता रही। मंच संचालन विभागीय शिक्षिका डॉ निर्मला कुशवाह एवं धन्यवाद ज्ञापन विभागीय शिक्षक डॉ एस. के. ठाकुर ने किया।

## स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' श्रमदान कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मनीगाछी (दरभंगा)।** स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के तहत गुरुवार को मनीगाछी प्रखंड परिसर, मनीगाछी बाजार एवं मनीगाछी थाना परिसर में 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' कार्यक्रम के अंतर्गत श्रमदान कर साफ-सफाई की गई। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, मनीगाछी ने सभी दुकानदारों को निर्देश दिया कि वे अपनी-अपनी दुकानों में डस्टबिन रखें और कचरा उसी में डालें, साथ ही बाजार परिसर के आसपास साफ-सफाई रखकर स्वच्छता का संदेश दें। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार पाण्डेय, प्रखंड समन्वयक (स्वच्छता) भूषण कुमार, कार्यपालक सहायक चंद्रावली शर्मा, सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक- गौरव कुमार, राशिद अमीम, शशिकला कुमारी, अनवर हुसैन, आशीष कुमार, शैलेन्द्र कुमार, रंजीत कुमार, रामलाल महतो, चंदन कुमार, विकास कुमार, विनोद कुमार एवं प्रखंड के सभी पंचायतों के वार्ड स्वच्छता कर्मी व ई-रिक्शा कर्मी उपस्थित थे।

## बाइक की चोरी

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरी का मामला बहुत ज्यादा बढ़ा है। इसका कारण है कोई भी चोरी के मामले में पुलिस की सफलता हाथ नहीं लगना। इसी का नतीजा है कि बीते मंगलवार के शाम को नौला गांव निवासी स्व शिव कुमार सिंह के पुत्र राजीव कुमार सिंह का नौला मंगलहाट से सब्जी लेने आए काले रंग के पैशन प्रो मोटरसाइकिल चोरी हो गई। जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष राजू रंजन कुमार ने बताया कि बाइक चोरी का आवेदन मिला है जिसके तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## माउंट लिट्रा ने दूसरी बार की बाल विज्ञान कांग्रेस की मेजबानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल, उलाव में 32वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के राज्यस्तरीय आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। साइंस फॉर सोसाइटी बिहार के अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार, उपाध्यक्ष पवन किशोर शरण, जिला-क्षेत्रीय समन्वयक हर्षवर्धन सहित 12 सदस्य मौजूद रहे। बैठक में आवास, भोजन, तकनीकी सत्र, उद्घाटन-समापन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, परिवहन, सुरक्षा, स्वच्छता की समीक्षा हुई। आयोजन की तिथि बदलकर 1, 2, 3 नवंबर 2026 करने पर विचार हुआ, अंतिम तिथि औपचारिक पुष्टि के बाद तय होगी। माउंट लिट्रा को दूसरी बार राज्यस्तरीय मेजबानी मिली है, इससे पहले 2018 में भी मिला था। प्राचार्या डॉ. शीतल अग्रवाल और निदेशक डॉ. मनीष देवा ने कहा यह गौरव और जिम्मेदारी दोनों है। इधर जिला स्तरीय विद्यालय खेल में तीरंदाजी में स्कूल ने 3 स्वर्ण और 1 रजत जीता। आर्या भारद्वाज (कक्षा 9), अभिजीत कुमार, जयसजीत गौतम, यशवी राज (कक्षा 6) ने शानदार प्रदर्शन किया।

## श्राद्ध कार्यक्रम से लौटने के दौरान सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भगवानपुर।** तेयाय ओपी क्षेत्र के लखनपुर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या एक स्थित अतरुआ गांव में गुरुवार 22 वर्षीय अभिषेक कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अतरुआ निवासी रामसेबक साह का 22 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार चार दिन पहले चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के सकरबासा गांव गया हुआ था। वहां उसकी फुआ रहती है और वह अपनी फुआ की सास के श्राद्धकर्म में शामिल होने गया था। लौटने के दौरान एसएच-55 पर सकरौली स्कूल के पास दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गया। उसकी अपाचे मोटरसाइकिल रोसड़ा से सिलीगुड़ी जा रही बस की चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। अभिषेक बीए का छात्र था और गांव में रहकर अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी करता था। दो बहनें मधु और निशा की शादी हो चुकी है। इधर कांग्रेस नेता सह पूर्व जिला पार्षद राम स्वार्थ साह ने इस दर्दनाक घटना को दुखद बताते हुए सरकार से परिजनों को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। शव का अंतिम संस्कार अयोध्या घाट में कर दिया गया।

## वृद्धजन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**अरवल (नबिटा संवाददाता)।**अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके तहत प्रखंड, पंचायत और विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। बुनियाद केंद्र अरवल में वृद्ध जनों को अधिकार के बारे में जानकारी दी गई ,और उनके आंख ,नाक, कान के जांच कर आवश्यक उपचार कराए और उपकरण दिया गया। इस अवसर पर सामाजिक सुरक्षा कोषांग के प्रभारी अतुल कुमारी में बताया कि वृद्धि जनों को सेवा करना उनके बेटा और बेटी का नैतिक कर्तव्य है।

# श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत गुरुवार को रजाकपुर पंचायत के डुमरिया गांव में एक घंटे श्रमदान अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्वच्छता कर्मियों, जनप्रतिनिधियों, विद्यालय कर्मियों एवं ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। गांव की विभिन्न गलियों, मोहल्लों एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की गई। भोला बाबा मंदिर, भगवती स्थान सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। स्वच्छता पर्यवेक्षक के नेतृत्व में ग्रामीणों के बीच जनसंवाद कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलायी गई। लोगों से घर के साथ-साथ आसपास के सार्वजनिक स्थलों को भी स्वच्छ रखने तथा कचरे को निर्धारित स्थान पर डालने की अपील की गई। अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय डुमरिया में बच्चों के बीच स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, नियमित हाथ धोने तथा कचरे के उचित प्रबंधन की जानकारी दी गई।

## बाणेश्वरी धाम में दुर्गा पूजा को लेकर हो रही तैयारी का बीडीओ ने लिया जायजा

**मनीगाछी (दरभंगा) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार पांडे एवं थानाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने गुरुवार को बाणेश्वरी धाम पहुंचकर दुर्गा पूजा को लेकर हो रही तैयारियों का जायजा लिया एवं आवश्यक निर्देश दिया। विशेषकर वाणेश्वरी धाम में आयोजित होने वाले मेला में विधि व्यवस्था संधारण और अन्य सुविधाओं के संबंध में निरीक्षण किया। वहीं आयोजनकर्ता को पार्किंग की व्यवस्था, मंदिर में प्रवेश और निकास की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु पहल करने की बात कही ।प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पीएचडी विभाग को आवश्यकता के अनुरूप पाइप की मरम्मती कर पेयजल की सुचारू व्यवस्था रखने का निर्देश दिया गया है। इसके अतिरिक्त मेला में मेडिकल और स्वच्छता की टीम की प्रतिनियुक्ति के साथ जिला से अतिरिक्त महिला एवं पुरुष बल उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया गया।


**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य)/ पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के सिलसिले में निम्नलिखित ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं.: 1, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1325-2026-27-आर1, कार्य का विवरण:** फेज-II के अधीन सियालदह मंडल में वाटर कूलरों का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 1,58,71,860.39, **बयाना राशि:** रु.3,17,400/-, **समापन अवधि:** 03 माह। **क्रम सं.: 2, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1369-2026-27, कार्य का विवरण:** i) एसएसई/ई(जी)/आईसी/एसपीआर के अधिकार क्षेत्र में 33 इन्वर्टर स्प्लिट टाइप (1.5/2 टीआर) एसी मशीनों का एक (01) वर्ष के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध। ii) एसएसई/ई(जी)/आईसी/एसपीआर के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न क्षमता की स्प्लिट टाइप/विंडो टाइप एसी मशीनों, वाटर कूलरों और रेफ्रिजरेटरों का एक (01) वर्ष के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्य:** रु. 12,39,588.84, **बयाना राशि:** रु.24,800/-, **समापन अवधि:** 12 माह । **क्रम सं.: 3, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1377-2026-27, कार्य का विवरण:** नशीपुर में एक हॉल्ट स्टेशन को पुनःखोलने का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 37,75,617/-, **बयाना राशि:** रु.75,500/-, **समापन अवधि:** 06 माह। **क्रम सं.: 4, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1389-2026-27, कार्य का विवरण:** "सोनारपुर और बारासात में विद्युत (सा.) विभाग के लिए कार्यालय भवन के प्रावधान" के संबंध में विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 14,72,390/-, **बयाना राशि:** रु.29,500/-, **समापन अवधि:** 08 माह। **क्रम सं.: 5, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1397-2026-27, कार्य का विवरण:** "कोलकाता और रानाघाट स्टेशनों में मेमू के लिए त्वरित पानी प्रदान करने की व्यवस्था" के संबंध में विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 45,57,986.68, **बयाना राशि:** रु.91,200/-, **समापन अवधि:** 06 माह। **आईआरईपीएस पर निविदा प्रकाशन की तिथि :** दिनांक 29.09.2026 (क्रम सं. 1 से 5 प्रत्येक के लिए)। **बोली प्रारंभ होने की तिथि :** दिनांक 12.10.2026 (क्रम सं. 1 से 5 प्रत्येक के लिए)। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 26.10.2026 को 14.00 बजे (क्रम सं. 1 से 5 प्रत्येक के लिए)। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। SDAH-246/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# पर्यटन विभाग के सहयोग से होगा सूर्यकुंड का विकास : अभिलाषा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के अभियंताओं एवं पर्यटन प्रभारी अविनाश प्रकाश के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में सूर्यकुंड परिसर में चल रहे विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सूर्यकुंड की सीढ़ियों एवं संपूर्ण कुंड परिसर में किए जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि कुंड की सीढ़ियों पर ग्रेनाइट स्टोन तथा संपूर्ण कुंड परिसर में रेड सैंडस्टोन का कार्य कराया जाए ताकि परिसर को बेहतर एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जा सके। जिलाधिकारी ने संबंधित अभियंताओं को निर्देश दिया कि उक्त कार्य को एक माह के अंदर अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि कार्य की गुणवत्ता के साथ समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि आगामी छठ पर्व के दौरान देव आने वाले छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को बेहतर एवं सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने कहा कि सूर्यकुंड धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है। परिसर का सुव्यवस्थित विकास एवं सौंदर्यीकरण होने से श्रद्धालुओं को सुविधा मिलने के साथ-साथ सूर्यकुंड को पर्यटन स्थल के रूप में और बेहतर पहचान दिलाने में भी सहायता मिलेगी।

# टायर देखने उतरे चालक को कंटेनर ने रौंदा, मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भेड़िया गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर बुधवार की देर रात सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गयी जबकि सहचालक घायल हो गया। मृतक की पहचान राजस्थान के बाड़मेर जिले के नागराड़ा निवासी लाले खान के 50 वर्षीय पुत्र अमर खान के रूप में हुई है। घायल सहचालक राजेश खान भी बाड़मेर का रहने वाला बताया जाता है। जानकारी के अनुसार अमर खान ट्रक पर पाउडर लादकर रांची से गुजरात जा रहा था। भेड़िया गांव के पास ट्रक का टायर पंचर हो गया। चालक ने ट्रक को सड़क किनारे खड़ा किया और सहचालक के साथ नीचे उतरकर टायर की जांच करने लगा। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे कंटेनर ने दोनों को टक्कर मार दी। हादसे में अमर खान गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गयी जबकि राजेश खान घायल हो गया। सूचना पर पहुंची मुफस्सिल थाना पुलिस ने दोनों को सदर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने अमर खान को मृत घोषित कर दिया। घायल सहचालक का इलाज कराया गया। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि कंटेनर और ट्रक को जब्त कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों को सूचना दे दी गयी है।

# स्वच्छता के लिए करें श्रमदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के तहत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार नगर परिषद, औरंगाबाद द्वारा आज एक घंटे का श्रमदान अभियान आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ आमजन को स्वच्छता कार्यों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित करना रहा। श्रमदान अभियान की शुरुआत पंचदेव मंदिर से की गई तथा स्वच्छता गतिविधियां रमेश चौक तक संचालित की गईं। अभियान के दौरान नगर क्षेत्र में साफ-सफाई एवं स्वच्छता से संबंधित कार्य करते हुए स्वच्छ एवं सुंदर शहर के निर्माण का संदेश दिया गया। इस अभियान में नगर परिषद के अध्यक्ष उदय गुप्ता एवं उपाध्यक्ष मो. एहसान समस्त पार्षद, कार्यपालक पदाधिकारी, स्वच्छता पदाधिकारी, नगर प्रबंधक, कार्यालय कर्मियों, स्वच्छता साथियों एवं सीआरपी की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और श्रमदान किया। अभियान के माध्यम से उपस्थित लोगों ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ औरंगाबाद के निर्माण में सामूहिक सहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया। जिला प्रशासन द्वारा आमजन से भी अपील की गई कि स्वच्छता केवल अभियान तक सीमित न रहे, बल्कि इसे नियमित व्यवहार का हिस्सा बनाया जाए। स्वच्छ शहर के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता महत्वपूर्ण है।

# एससी-एसटी मामले के चार आरोपितों ने किया आत्मसमर्पण

**रफीगंज (नबिटा संवाददाता)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के गोठानी गांव में हुए एक मामले में दर्ज एससी-एसटी मामले के चार नामजद अभियुक्तों ने पुलिस के बढ़ते दबाव के बाद औरंगाबाद न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वालों में गोठानी गांव निवासी बृजेश सिंह तथा उनके तीन पुत्रों अनुज सिंह, राणा सिंह और अमित सिंह शामिल हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ 17 सितंबर 2025 को रफीगंज थाना में कांड संख्या 409/25 दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद से चारों आरोपित लंबे समय से फरार चल रहे थे। पुलिस द्वारा लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दिए जाने के बाद उन्होंने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा गुरुवार को राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार द्वारा निर्वाचन संबंधी कार्यों को निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप समयबद्ध एवं प्रभावी तरीके से संपादित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में मतदाता सूची से संबंधित कार्यों, प्रपत्र-6 सहित विभिन्न निर्वाचन संबंधी प्रपत्रों के प्राप्त आवेदनों के निष्पादन, निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी एवं बूथ स्तर के पदाधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों तथा निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्वाचन संबंधी सभी कार्यों का नियमानुसार एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा मतदाता सूची से संबंधित प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए अद्यतन प्रगति बनाए रखी जाए।

# लगातार दूसरी बार युवा जदयू जिलाध्यक्ष बने राजीव रंजन सिंह उर्फ राजा बाबू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार प्रदेश युवा जनता दल यूनाइटेड ने राजीव रंजन सिंह उर्फ राजा बाबू को लगातार दूसरी बार औरंगाबाद युवा जदयू जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल द्वारा जिलाध्यक्षों की सूची जारी किए जाने के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह है। दोबारा जिम्मेदारी मिलने पर राजा बाबू ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार एवं युवा जदयू प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि नेतृत्व ने उन पर दोबारा विश्वास जताया है। वे पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ इस जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। युवाओं को संगठन से जोड़ना, गांव-गांव एवं पंचायत स्तर तक पार्टी की नीतियों और सरकार के विकास कार्यों को पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उनके मनोनयन पर पूर्व सांसद महाबली सिंह, विधायक प्रमोद कुमार सिंह, पूर्व सांसद वीरेंद्र कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह, जदयू जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह, लव कुमार सिंह, सूर्यवंश सिंह, महावीर कुशवाहा, विजय चंद्रवंशी, विनय पटेल सहित कई नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

# फिल्पकार्ट ने भरा 25 हजार जुर्माना

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** फिल्पकार्ट ने उपभोक्ता को 25 हजार जुर्माना दिया है। दरअसल त्रुटिपूर्ण सेवा को लेकर जिला उपभोक्ता अदालत ने फिल्पकार्ट कंपनी को नोटिस जारी किया था। जिला उपभोक्ता अदालत के सदस्य बद्रीनारायण सिंह ने बताया कि नवीनगर प्रखंड क्षेत्र के कोयलाडिह गौसाईडिह निवासी आवेदक कुमार विजेन्द्र को फिल्पकार्ट कंपनी के अधिवक्ता रंजन कुमार मिश्रा ने 25 हज़ार रुपए का चेक सौंपा है।


























बिहार सरकार

**गांधी जयंती पर शुभकामना संदेश**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के पावन अवसर पर मैं समस्त बिहारवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

महात्मा गांधी का बिहार से विशेष और ऐतिहासिक संबंध रहा है। वर्ष 1917 में चंपारण की धरती से प्रारंभ हुआ उनका सत्याग्रह सत्य, अहिंसा और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का ऐसा अध्याय बना, जिसने देश के स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। चंपारण सत्याग्रह ने यह संदेश दिया कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर भी बड़े से बड़े अन्याय का सामना किया जा सकता है।

गांधी जी का जीवन केवल स्वतंत्रता संग्राम तक सीमित नहीं था। उन्होंने सत्य, अहिंसा, नैतिक शिक्षा, स्वावलंबन, स्वच्छता और सामाजिक सद्भाव को राष्ट्र निर्माण का आधार माना। उनका विश्वास था कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब हर व्यक्ति को सम्मान, समान अवसर और न्याय मिले।

आज बिहार विकास के नए आयाम स्थापित करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण, ग्रामीण विकास, सामाजिक समरसता और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह प्रगति गांधी जी के उस विचार को मजबूत करती है, जिसमें विकास का केंद्र समाज का अंतिम व्यक्ति है।

गांधी जयंती के अवसर पर आइए, हम सब सत्य, अहिंसा, सेवा, नैतिक मूल्यों और सामाजिक सद्भाव को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लें तथा एक समृद्ध, विकसित, कुरीति मुक्त और समरस बिहार के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

**राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को शत–शत नमन।**

**श्रवण कुमार**
मंत्री, ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग,
बिहार सरकार

PR No.013090 (I&PRD)D. 2026-27

